3 राजधानी
अमानतुल्लाह चार दिन की पुलिस हिरासत में

6 प्रादेशिकी
51 लीटर दूध से गंगा में हुआ अभिषेक

9 राष्ट्रीय
शाह का टीआरएस पर हमला

10 विदेश
नेपाल में भूस्खलन 17 लोगों की मौत

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 308
नई दिल्ली, रविवार, 18 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




इंग्लैंड में चोटिल होने के बाद बेंगलुरु में उपचार करा रहे हैं उमेश यादव
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# 70 साल बाद भारत में चीतों की वापसी





मध्य प्रदेश स्थित कुनो राष्ट्रीय पार्क के विशेष बाड़े में नामीबिया से लाए गए चीतों को छोड़ने के उपरांत उनका चित्र लेने के बाद प्रसन्न मुद्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** श्योपुर (मप्र)

- नामीबिया से लाए गए आठ चीते, प्रधानमंत्री ने कुनो राष्ट्रीय पार्क में बॉक्स खोलकर क्वॉरंटीन बाड़े में छोड़ा
- भारत के लिए बताया ऐतिहासिक दिन, अपने कैमरे से चीतों की तस्वीरें भी खींची

**देश** में 70 साल बाद फिर चीतों की दहाड़ सुनाई देगी। अपने 72वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को मध्य प्रदेश स्थित कुनो राष्ट्रीय पार्क के विशेष बाड़े में छोड़ा। प्रधानमंत्री ने अपने पेशेवर कैमरे से इन चीतों की कुछ तस्वीरें भी खींची। उन्होंने इस दिन को ऐतिहासिक बताया।

देश में अंतिम चीते की मौत 1947 में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में हुई थी। फिर वर्ष 1952 में चीते को भारत में विलुप्त घोषित किया गया था। भारत में चीतों को विलुप्त घोषित किए जाने के सात दशक बाद उन्हें देश में फिर से बसाने की परियोजना के तहत नामीबिया से आठ चीते शनिवार सुबह कुनो राष्ट्रीय उद्यान लाए गए। पहले इन्हें विशेष विमान से ग्वालियर हवाई अड्डे और फिर हेलीकॉप्टरों से श्योपुर जिले में स्थित राष्ट्रीय उद्यान लाया गया। इन चीतों को टेरा एविया की विशेष उड़ान में लाया गया है, जो यूरोप में चिसीनाउ, मोल्दोवा में स्थित एक एयरलाइन है और चार्टर्ड यात्री तथा मालवाहक उड़ानें संचालित करती है। कुनो राष्ट्रीय उद्यान विंध्याचल की पहाड़ियों के उत्तरी किनारे पर 344 वर्ग किलोमीटर इलाके में फैला हुआ है। भारत में दोबारा चीतों को बसाने के लिए अफ्रीकन चीता इंट्रोडक्शन प्रोजेक्ट इन इंडिया 2009 में शुरू हुआ था और इसने हाल के कुछ वर्षों में गति पकड़ी है। भारत ने चीतों के आयात के लिए नामीबिया सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। मालवाहक बोइंग विमान से सुबह 7.47 बजे ग्वालियर एयरबेस पर उतरने के बाद वायु सेना के दो हेलीकॉप्टरों से इन चीतों को 165 किलोमीटर दूर कुनो राष्ट्रीय उद्यान के पास पालपुर ले जाया गया।

मालवाहक बोइंग विमान ने शुक्रवार रात को नामीबिया से उड़ान भरी थी और लगभग 10 घंटे की लगातार यात्रा के दौरान चीतों को लकड़ी के बने विशेष पिंजरों में पहले ग्वालियर फिर यहां लाया गया। नामीबिया से उड़ान भरने से पहले दुनिया में जमीन पर सबसे तेज दौड़ने वाले वन्यजीव को एक ट्रैंक्विलाइजर दिया गया, जिसका असर तीन से पांच दिनों तक रहता है। राष्ट्रीय उद्यान में एक मंच स्थापित किया गया था, जिसके नीचे चीतों को विशेष पिंजरे में रखा गया और शनिवार को 72 वर्ष के हो चुके पीएम मोदी ने पूर्वाह्न सुबह करीब 11.30 बजे लीवर चलाकर चीतों को बाड़े में छोड़ दिया, जो धीरे धीरे बाहर आते दिखे। यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने 1952 में चीतों को देश से विलुप्त तो घोषित कर दिया, लेकिन उनके पुनर्वास के लिए दशकों तक कोई सार्थक प्रयास नहीं हुआ। आज आजादी के अमृतकाल में (शेष पेज 8)

## राष्ट्रीय मुद्दों को दबाने के लिए चीते छोड़ने का तमाशाः कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में नामीबिया से लाए गए चीतों को छोड़े जाने के बाद शनिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय मुद्दों को दबाने और भारत जोड़ो यात्रा से ध्यान भटकाने के लिए यह सब तमाशा खड़ा किया गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री शासन में निरंतरता को शायद ही कभी स्वीकार करते हैं।

चीता प्रोजेक्ट के लिए 25 अप्रैल, 2010 को केपटाउन की मेरी यात्रा का जिक्र तक न होना इसका ताज़ा उदाहरण है। आज प्रधानमंत्री ने बेवजह का तमाशा खड़ा किया। यह राष्ट्रीय मुद्दों को दबाने और भारत जोड़ो यात्रा से ध्यान भटकाने का प्रयास है। उन्होंने कहा, 2009-11 के दौरान जब बाघों को पहली बार पन्ना और सरिस्का में स्थानांतरित किया गया, तब कई लोग आशंकाएं व्यक्त कर रहे थे। वे गलत साबित हुए। चीता प्रोजेक्ट पर भी उसी तरह की भविष्यवाणियां की जा रही हैं। इसमें शामिल प्रोफेशनल्स बहुत अच्छे हैं। मैं इस प्रोजेक्ट के लिए शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में नामीबिया से लाए गए चीतों को एक विशेष बाड़े में छोड़ा।

इस मौके पर मोदी अपने पेशेवर कैमरे से चीतों की कुछ तस्वीरें भी खींचते हुए दिखाई दिए। भारत में चीतों को विलुप्त घोषित किए जाने के सात दशक बाद उन्हें देश में फिर से बसाने की परियोजना के तहत नामीबिया से आठ चीते शनिवार सुबह कुनो राष्ट्रीय उद्यान पहुंचे। पहले इन्हें विशेष विमान से ग्वालियर हवाई अड्डे और फिर हेलीकॉप्टरों से श्योपुर जिले में स्थित केएनपी लाया गया।

# देश में 87,000 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान



रक्तदान करते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया

- पीएम मोदी के जन्मदिन पर नया विश्व रिकॉर्ड बना, अभियान में बढ़-चढ़ कर लें हिस्साः मांडविया
- यह महाभियान 1 अक्टूबर राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस तक जारी रहेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को 87,000 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने इसे एक नया विश्व रिकॉर्ड बताया। लगातार पंद्रह दिन तक चलने वाले रक्तदान अभियान का शनिवार को पहला दिन था। मंडाविया ने भी सफदरजंग अस्पताल में लगाए गए शिविर (शेष पेज 8)

### कौन दान कर सकता है खून

**एक** अधिकारी ने कहा कि स्वस्थ लोगों के शरीर में लगभग पांच से छह लीटर रक्त होता है और कोई भी व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। दान किए गए रक्त को 35 से 42 दिन तक सुरक्षित रखा जा सकता है। रक्त को प्लाज्मा, लाल रक्त कोशिकाओं और प्लेटलेट्स जैसे घटकों में भी संसाधित किया जाता है। जमे हुए प्लाज्मा का (शेष पेज 8)

## मोदी को मिले 1,200 से अधिक उपहारों की नीलामी शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- दो अक्टूबर तक चलेगी पूरी प्रक्रिया

**मूर्तिकार** अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमूर्ति और राष्ट्रमंडल खेलों के विजेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किए गए उपहारों सहित तकरीबन 1,200 से ज्यादा उपहारों की नीलामी शनिवार को आरंभ हो गई। यह नीलामी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर शनिवार सुबह शुरू हुई। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने ट्वीट किया, वक्त आ गया है।

सुबह के 10 बज गए हैं और प्रधानमंत्री के उपहारों की नीलामी अब शुरू हो गई है और लाइव चल रही है। वेबसाइट पीएममोमेंटोज डॉट गॉव पर पंजीकरण करा नीलामी में शामिल हों , जिस पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को मिले खास तोहफे (नीलामी के लिए) रखे गए हैं। रेड्डी ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में शुक्रवार को कहा था कि भगवान गणेश की प्रतिमा, अयोध्या में बन रहे राम मंदिर और वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रतिकृतियां भी प्रधानमंत्री को भेट किए गए उपहारों में शामिल हैं, जिनकी ई-नीलामी की जाएगी। ई-नीलामी से प्राप्त हुई धनराशि नमामि गंगे मिशन को दान की जाएगी। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में जगद्गुरु शंकराचार्य के समाधि स्थल पर स्थापित उनकी भव्य प्रतिमा का निर्माण करने वाले मूर्तिकार अरुण योगीराज ने इसी साल अप्रैल में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी और उन्हें अखंड पत्थर से बनी नेताजी की दो फुट ऊंची प्रतिमा का मॉडल भेंट किया था।

रेड्डी ने कहा कि खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न अवसरों पर प्रधानमंत्री को सौंपे गए उपहार भी इस नीलामी का हिस्सा होंगे। एक अधिकारी ने बताया कि ऐसे 24 उपहारों की नीलामी की जाएगी। नीलामी दो अक्टूबर को समाप्त होगी। कुछ उपहारों को राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में प्रदर्शनी के लिए लगाया गया है।

## तेजस्वी यादव के खिलाफ कोर्ट पहुंची सीबीआई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) घोटाला मामले में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को मिली जमानत को रद्द करने के लिए दिल्ली की एक अदालत का दरवाजा खटखटाया है। सीबीआई की दलील है कि वरिष्ठ राजद नेता ने हाल ही में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उसके अधिकारियों के बारे में जिस तरह से बात की वह एक तरह से उन्हें धमकाने जैसा था। एजेंसी ने कहा कि यह संवाददाता सम्मेलन केस को प्रभावित करने के लिए तेजस्वी द्वारा किया गया एक प्रयास था। अगस्त 2018 में तेजस्वी और उनकी मां राबड़ी देवी को इस केस में जमानत मिली थी। आईआरसीटीसी होटलों के रखरखाव से जुड़े ठेके के मामले से संबंधित घोटाले में 12 लोगों और दो कंपनियों पर सीबीआई ने आरोप लगाया है। आरोप है कि 2006 में रांची और ओडिशा के पुरी में एक निजी कंपनी को आईआरसीटीसी के दो होटलों का ठेका आवंटन में अनियमितता बरती (शेष पेज 8)

## हैदराबाद मुक्ति दिवस पर जुबानी जंग





हैदराबाद में भाजपा और टीआरएस ने शनिवार को तत्कालीन निजाम शासित हैदराबाद राज्य को भारत संघ में शामिल करने के जश्न को लेकर एक-दूसरे पर हमला किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के कारण तेलंगाना में हैदराबाद मुक्ति दिवस अभी तक आधिकारिक तौर पर नहीं मनाया गया। वहीं, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कहा कि सांप्रदायिक ताकतें समाज को बांटने की कोशिश कर रही हैं। विस्तृत समाचार पेज 10 पर

## जामिया ने सफूरा जरगर के प्रवेश पर लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जामिया** मिल्लिया इस्लामिया ने 2020 के दिल्ली दंगों की आरोपी सफूरा जरगर समेत अपने तीन पूर्व छात्रों के परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। विश्वविद्यालय ने एक अप्रासंगिक और आपत्तिजनक मुद्दे पर विश्वविद्यालय में प्रदर्शन करने के आरोप में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। मुख्य प्रॉक्टर द्वारा हस्ताक्षरित, 14 सितंबर के आदेश में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी ने शांतिपूर्ण शैक्षणिक माहौल बनाए रखने के लिए पूर्व छात्रों के परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध को मंजूरी दे दी है। कार्यकर्ता और शोधार्थी जरगर दिसंबर 2019 में संसद द्वारा संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पारित किए जाने के बाद सीएए के खिलाफ प्रदर्शनों में कथित रूप से शामिल होने के कारण चर्चा में आई थीं। जरगर के अलावा जामिया मिल्लिया इस्लामिया के दो और पूर्व छात्रों के खिलाफ भी आदेश जारी किए गए हैं।दो पूर्व छात्रों के खिलाफ आदेशों में भाषा समान है, जरगर को लेकर आदेश में शांतिपूर्ण शैक्षणिक माहौल (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,840 | |
| निफ्टी | 17,530 | |
| सोना | 49,447 | /10g |
| चांदी | 55,982 | /kg |

### क्विक न्यूज

**झारखंड में बस पुल के नीचे गिरी, छह यात्रियों की मौत**

**रांची।** झारखंड के हजारीबाग जिले में शनिवार को करीब 50 यात्रियों को लेकर जा रही एक बस के पुल से नीचे गिर जाने से कम से कम छह यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने बताया कि गिरिडीह से रांची जा रही यह बस टाटीझरिया थानाक्षेत्र में पुल का रेलिंग तोड़ते हुए शिवानी नदी में गिर गई। दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य को हजारीबाग के सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कुछ यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। अधिकारी ने कहा कि यदि बस नदी के मध्य पानी में गिरती, तो नुकसान अधिक हो सकता था। उन्होंने कहा कि फंसे हुए यात्रियों को निकालने का प्रयास हो रहा है।

## चीन ने आतंकी साजिद मीर को काली सूची में डालने से रोका

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र

- अमेरिका और भारत के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र में किया अवरुद्ध
- भारत में वांछित आतंकियों में से एक है मीर, 2008 मुंबई हमलों का मुख्य साजिशकर्ता है

**चीन** ने पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को काली सूची में डालने के अमेरिका और भारत के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र में अवरुद्ध कर दिया है। चार महीनों में बीजिंग का यह तीसरा ऐसा कदम है। मीर भारत के वांछित आतंकवादियों में से एक है और 2008 के मुंबई हमलों का मुख्य साजिशकर्ता है।

ऐसी जानकारी है कि बीजिंग ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति के तहत वैश्विक आतंकवादी के तौर पर मीर को काली सूची में डालने के अमेरिका के प्रस्ताव पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी। भारत ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। इसके तहत मीर की संपत्तियों को कुर्क करने और उस पर यात्रा तथा शस्त्र प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। मीर भारत का सबसे वांछित आतंकवादी है और अमेरिका ने 26/11 मुंबई हमलों में उसकी भूमिका के लिए उस पर 50 लाख डॉलर का इनाम रखा है।

इस साल जून में उसे पाकिस्तान में आतंकवाद रोधी अदालत ने आतंकवाद के वित्त पोषण के एक मामले में 15 साल से अधिक की जेल की (शेष पेज 8)

# उप्र में अब पांच मिनट में होगा ई-रेंट एग्रीमेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- मकान, दुकान व गोदाम किराए पर लेने के लिए अब ऑनलाइन हो जाएगा अनुबंध
- ऑनलाइन स्टांप ड्यूटी अदा करते ही मिल जाएगा लीज डीड का प्रिंट

**उत्तर** प्रदेश में अब आम नागरिकों और व्यापारियों को मकान, दुकान, गोदाम जैसी जगह किराए पर लेने के लिए कहीं भटकना पड़ेगा। योगी सरकार इनकी सुविधा के लिए ई रेंट एग्रीमेंट के जरिए ऑनलाइन लीज डीड की शुरुआत कर रही है। इससे अब डीड राइटर की आवश्यक्ता नहीं रह जाएगी। सीधे मकान या बिल्डिंग के मालिक के साथ किराएदार ऑनलाइन अनुबंध कर सकेंगे।

इससे आम नागरिकों समेत व्यापारियों को राहत मिलेगी। उन्हें मौजूदा जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा, बल्कि ऑनलाइन महज पांच मिनट में वो कांट्रैक्ट लेटर हासिल करने में सक्षम होंगे। गौरतलब है कि योगी सरकार ने प्रदेश में नागरिकों को कई तरह की सेवाएं ऑनलाइन देकर उनके जीवन को सुगम बनाने का प्रयास किया है। ई रेंट एग्रीमेंट उसी मुहिम का हिस्सा है। फिलहाल इसकी शुरुआत गौतमबुद्धनगर से हुई है और जल्द ही अन्य जिलों में यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। रेंट एग्रीमेंट की मौजूदा व्यवस्था के तहत किराएदार को पहले डीड राइटर से संपर्क साधना पड़ता था। इसके बाद स्टांप पेपर खरीदने, उसकी नोटरी कराने के बाद दोनों पार्टियों के रेंट एग्रीमेंट पर सिग्नेचर होते थे। प्रस्तावित ऑनलाइन व्यवस्था में अब किराएदार को सिर्फ यूपी सरकार द्वारा अनुमोदित एग्रीमेंट पोर्टल पर जाकर अपने नाम और मोबाइल के जरिए लॉगिन करके लीज डिटेल भरनी होगी।

उदाहरण के तौर पर गौतम बुद्धनगर में नाम से साइट विकसित की गई है। इस पर प्रॉपर्टी की डिटेल भरने के बाद स्टांप ड्यूटी अदा करते ही लीज डीड की प्रिंट कॉपी मिल जाएगी। पोर्टल पर रेंट डिटेल भरते ही स्टांप ड्यूटी का ऑटोमैटिक कैलकुलेशन हो जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया पांच मिनट से भी कम समय में पूरी हो जाएगी। यानी चाय ठंडी होने से पहले रेंट एग्रीमेंट मिल जाएगा। इसके लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी, सिर्फ अपने लैपटॉप, डेस्कटॉप या मोबाइल पर यह काम संभव हो सकेगा। इससे न सिर्फ आम लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि व्यापार करने में सुगमता होगी। यह व्यवस्था पहले से ज्यादा सुरक्षित एवं विश्वसनीय होगी। साथ ही कहीं से भी और कभी भी इसके जरिए एग्रीमेंट किया जा सकेगा।

यह नई व्यवस्था प्रदेश के लिए राजस्व का भी अच्छा जरिया बनेगी। गौतम बुद्धनगर में मौजूदा व्यवस्था के तहत प्रतिवर्ष कम से कम 1.5 लाख लीज डीज होती हैं। स्टांप ड्यूटी के जरिए इस प्रक्रिया से प्रति वर्ष 1.5 करोड़ का राजस्व प्राप्त होता है। वहीं प्रस्तावित लीज डीड के जरिए प्रत्येक 15 हजार से अधिक मासिक किराए पर 2 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी के जरिए 3600 रुपए प्राप्त होंगे। कुल मिलाकर सरकार को सिर्फ गौतम बुद्धनगर से 54 करोड़ रुपए के राजस्व की प्राप्ति होगी। पूरे प्रदेश में व्यवस्था लागू होने के बाद सरकार को बड़ी मात्रा में राजस्व प्राप्त होगा।




प्रतीकात्मक चित्र

# स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाए जाएंगे हेल्थ एटीएम

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन, सीडीओ विक्रमादित्य को बनाया नोडल अफसर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गोरखपुर के बाद गाजियाबाद के आठ स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम लगाने की तैयारी तेज हो गई है। इनमें से छह स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम लगाने को जमीन फाइनल कर दी गई है।

इस संबंध में डीएम राकेश कुमार सिंह ने सीएसआर फंड के तहत 8 कंपनियों को हेल्थ एटीएम लगाने एवं उनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी सौंप दी है। इसके लिए सीडीओ विक्रमादित्य को नोडल अफसर बनाया गया है। सीएमओ डा भवतोष शंखधर स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों और टेली मेडिसिन की सुविधा देने वाले चिकित्सकों का विवरण तैयार करेंगे। पता चला है कि हेल्थ एटीएम का उद्घाटन गाजियाबाद आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कराए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य केंद्र रोज की ओपीडी जिला एमएमजी अस्पताल में 4000, संयुक्त जिला अस्पताल में 1200, सीएचसी लोनी में 800, सीएचसी डासना में 900, सीएचसी मुरादनगर में 850, सीएचसी मोदीनगर में 900, पीएचसी भोजपुर में 500, यूपीएचसी खोड़ा में 700 एटीएम लगाए जाएंगे।




यूपीएचसी करहैडा, सादिकनगर, घूकना, अटौर, विजयनगर, पंचवटी, भोपुरा, पसौंडा, राजबाग, वसुंधरा, महाराजपुर, शास्त्रीनगर, बम्हैटा, लोनी, वेदविहार, डीएलएफ , लालबाग, बीएलएस, हरसांव, कैलाभट्टा, भोवापुर, मकनपुर, मिर्जापुर, राजनगर, पुलिस लाइन, अर्थला में हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। इस एटीएम पर मरीज के खून का नमूना लेने को लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहेगा। नमूना डालने के तीन से पांच मिनट के भीतर हेल्थ एटीएम सेहत संबंधी 59 प्रकार जांच रिपोर्ट दे देगी। इनमें टीएलसी, डीएलसी, हीमोग्लोबिन, लिपिड प्रोफाइल, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, मधुमेह और एचआइवी जांच रिपोर्ट तुरंत जारी होगी। ईसीजी, रक्तचाप, मेटाबालिक, जएपल्स रेट, आक्सीजन की मात्रा, मोटापा की जांच, बाडीफैट और डिहाइड्रेशन की जांच एटीएम द्वारा बिना खून का नमूने लिए ही की जाएगी। जांच रिपोर्ट ई-मेल पर भेजने की सुविधा भी रहेगी।

हेल्थ एटीएम पर टेली मेडिसिन के माध्यम से चिकित्सक से परामर्श भी ली जा सकेगी।

# 50 हजार रुपये दो, वरना जेल जाओ पुलिसकर्मी ने तस्कर से मांगी रिश्वत

- चौकी इंचार्ज समेत 3 पुलिसकर्मी सस्पेंड, वीडियों में नोट गिनते नजर आए थे आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा सेक्टर-57 चौकी के पुलिस कर्मी का रिश्वत लेते वीडियो सामने आया है। आरोप है कि पुलिस कर्मी ने एक युवक को गांजा तस्करी के आरोप में पकड़ा। फिरर 20 हजार रुपए रिश्वत लेकर छोड़ दिया। जो वीडियो सामने आया है, उसमें सिपाही रुपए गिनते हुए दिख रहा है।

मामले में पुलिस कमिश्नर आलोक कुमार सिंह ने चौकी इंचार्ज समेत 3 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही युवक से पैसे लेने वाले सिपाही सोनू कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर हिरासत में लिया गया है।

पीड़ित युवक नारंग बिशनपुरा गांव का रहने वाला है। वह नोएडा में एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। नारंग ने बताया 14 सितंबर को पुलिस मुझे घर से पकड़कर ले गई। इसकी जानकारी हमारे दोस्त मोहित को हुई, तो वह थाने पहुंचा।

नारंग ने बताया मोहित से सब इंस्पेक्टर लवकेश कुमार ने कहा नारंग अंतरराष्ट्रीय गांजा तस्कर है। अगर इसको छुड़ाना है, तो 50 हजार रुपए की व्यवस्था करो, वरना इसको 5 साल जेल में रहने से कोई नहीं रोक सकता है। उनसे बताया मगर मेरे दोस्त ने कहा कि वह इतने रुपए नहीं दे सकता है, तो पुलिस वाले 50 हजार से 30 हजार रुपए पर आ गए और अंत में 20 हजार रुपए लेकर छोड़ दिया।

मोहित ने इसका अपने दोस्त से वीडियो बनवा लिया। मोहित का दावा है कि सेक्टर-58 के 5 पुलिस कर्मी इसमें शामिल हैं। इस घटना का वीडियो और ऑडियो उसके पास सबूत के तौर पर मौजूद है।

पीड़ित ने इस मामले में गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट को पत्र लिखकर न्याय की मांग की थी। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने तत्काल कार्रवाई की है।

आशुतोष द्विवेदी ने बताया, पुलिस गांजा तस्कर के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़ा था। जिसे छोड़ने के लिए सेक्टर-57 चौकी इंचार्ज ने 20 हजार रुपए लिए थे। इसकी शिकायत मिलने पर जांच की गई, तो आरोप सही मिले। सेक्टर-57 चौकी इंचार्ज लवकेश कुमार, हेड कांस्टेबल राज कुमार त्यागी, कांस्टेबल अंकित बालियान और सोनू कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। रिश्वत लेते हुए वीडियो में दिख रहे कांस्टेबल सोनू कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिया गया है।

# गाजियाबाद में महिलाएं स्टेयरिंग के साथ पिंक बस में सुरक्षा की कमान भी संभालेंगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में दो महिलाएं पिंक बस की स्टेयरिंग के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं को सुरक्षा भी देंगी।

इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया है। यह दोनों महिलाएं कौशांबी और लोनी डिपो की पिंक बस चलाएंगी। मौजूदा समय में दोनों महिलाओं को पिंक बस में दूसरे चालक के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कानपुर स्थित रोडवेज की प्रशिक्षण कार्यशाला में महिलाओं को चालक के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा था। कौशांबी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शिव बालक ने बताया कि महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए पिंक बसों का संचालन किया जा रहा है।



कानपुर के छह की प्रशिक्षण लेने के बाद कौशांबी डिपो पर प्रियंका कुमारी और लोनी डिपो पर वेद कुमारी को पिंक बस में चालक पद पर नियुक्त किया गया है। अभी वह दूसरे चालक के साथ प्रशिक्षण ले रही है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के बाद से महिला यात्रियों की संख्या में कमी आई थी, जिसकी वजह से पिंक बस में महिला और पुरूष दोनों को यात्रा करने की अनुमति दी गई है। चालक की प्रशिक्षण पूरा होने के बाद पिंक बस में महिला चालक और परिचालक रहेंगे। इस दौरान महिला चालक और परिचालक महिला यात्रियों की सुरक्षा का भी ध्यान देंगी।

# पूर्व चीफ इंजीनियर यादव सिंह के खिलाफ जांच तेज

- नरेंद्र भूषण ने सीईओ ऋतु महेश्वरी को लिखी चिट्ठी, मंगाई सभी फाइलें

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण में करोड़ों रुपए के घोटाले करने वाले पूर्व चीफ इंजीनियर यादव सिंह की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई है।

यादव सिंह मामले में करीब तीन हफ्ता पहले उत्तर प्रदेश शासन ने नरेंद्र भूषण को जांच दोबारा से सौंपी थी। अब इस मामले में नरेंद्र भूषण ने नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी को लेटर लिखा है। उन्होंने यादव सिंह मामले में जुड़ी सभी फाइलें नोएडा अर्थॉरिटी से मांगी है। जैसे ही नरेंद्र भूषण के द्वारा ऋतु महेश्वरी को चिट्ठी लिखने की जानकारी तीनों प्राधिकरण में काम करने वाले पूर्व ठेकेदारों को लगी तो वह परेशान हो गए हैं। इस मामले में जांच के दौरान नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में काम करने वाले काफी ठेकेदारों के ऊपर गाज गिर सकती है।



यादव सिंह

नरेंद्र भूषण ने ऋतु महेश्वरी को पत्र लिखकर यादव सिंह से संबंधित सिविल, विद्युत, जन स्वास्थ्य, जन बाह्य एजेंसी, विज्ञापन, बीओटी, उद्यान, जल और गंगाजल आदि में जारी किए गए टेंडर और किए गए कार्यों की जानकारी मांगी है। यादव सिंह से जुड़ी करीब 1200 फाइलें है। इनमें से 500 फाइलों को ग्रेटर नोएडा भेजा गया था। ये सभी फाइलें वापस आ गई है।

इनको और अन्य 700 फाइलों को मिलाकर एक रिपोर्ट तैयार की जा रही है। ये रिपोर्ट लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को भेजी जा रही है। आपको बता दें कि जब नरेंद्र भूषण ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी थे तो उनको यादव सिंह मामले में पूरी जांच करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन पीडब्ल्यूडी में तबादला होने के बाद सीईओ ने इस पूरे मामले में फाइल वापस उत्तर प्रदेश शासन को भेज दी थी। नरेंद्र भूषण इस समय लोक निर्माण के प्रमुख सचिव हैं। अब उत्तर प्रदेश शासन ने यादव सिंह मामले में पूरी जांच करने के आदेश एक बार फिर नरेंद्र भूषण को दिए हैं।

जांच के दौरान यादव सिंह के प्रमोशन समेत काफ ी अनियमितताओं की परतें खोली जा रही हैं। यादव सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीबीआई का आरोप है कि यादव सिंह ने 2004 से 2015 के दौरान अवैध तरीके से धन इकट्ठा किया है। यादव सिंह ने इस दौरान गौतमबुद्ध नगर के तीनों विकास प्राधिकरण में बतौर चीफ इंजीनियर रहते हुए अवैध तरीके से धन एकत्र किया है।

भ्रष्टाचार के माध्यम से यादव सिंह ने अपने पद का दुरुपयोग किया है। यादव सिंह के खिलाफ पहली बार 2015 में जांच शुरू हुई थी। यह जांच तत्कालीन समाजवादी पार्टी की सरकार ने शुरू करवाई थी। हालांकि, बाद में यह मामला गौतमबुद्ध नगर पुलिस से हटाकर उत्तर प्रदेश सीबीसीआईडी को दे दिया गया था। कुछ दिन सीबीसीआईडी ने जांच की और बाद में इस मामले को क्लोज कर दिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार



रक्तदान शिविर के केंद्रीय मंत्री वीके सिंह व एमडी पीएन अरोड़ा।

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के मौके पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी गाजियाबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के 72 ट्यूबरक्लोसिस के मरीजों को विशिष्ट अतिथियों जनरल डॉ. वी.के सिंह, जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में पुष्टाहार वितरण आयोजित किया गया और साथ ही 72 लोगों द्वारा रक्तदान की मुहीम को चलाया गया। डॉ वी.के सिंह ने कहा कि देशहित के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसलों और प्रयासों के लिए आज राष्ट्र उनका कृतज्ञ है। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों से लगातार वो संवैधानिक पद पर डटे हैं और देशसेवा कर रहे हैं। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशाम्बी के एमडी डॉ पी.एन अरोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाओं से देश के हर वर्ग को लाभ पहुंचा है। डायरेक्टर डॉ उपासना अरोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री से प्रेरित होकर आज हम भी राष्ट्र के लिए कुछ करना चाहते हैं और उसी कड़ी में 5100 टीबी के मरीजों के पुष्टाहार कार्यक्रम हेतु उन्हें गोद लेने जा रहे हैं और आज ही के दिन हमने 72 यूनिट ब्लड डोनेशन का संकल्प भी लिया है।

### वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाली महिलाएं गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाने के एसएचओ योगेंद्र सिंह मलिक की टीम को उस समय बड़ी सफलता मिली कि जब उन्होंने मुखबिर की सूचना पर गाजियाबाद के अलावा कई राज्यों में रहने वाले अनेक लोगों की अश्लील वीडियों बनाकर एवं साइबर क्राइम का सहारा लेकर उन्हें ब्लैकमेल करने वाली महिलाओं के गैंग की तीन शातिर महिला अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक पकड़ी गई महिला अपराधियों के पास से ब्लैकमेलिंग एवं साइबर क्राइम में प्रयुक्त होने वाले उपकरण जैसे मोबाइल, लेपटॉप, वेब कैमरे, राइटर, चकबुक, आधार कार्ड व पैने कार्ड के अलावा अन्य प्रकार की सामग्री बरामद कर ली।

### छत से गिरकर एक व्यक्ति की मौत

**नोएडा।** थाना इकोटेक दृ प्रथम क्षेत्र के ग्राम नटों की मढैया में रहने वाला एक व्यक्ति सुबह को एक मकान के छत से नीचे गिर गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना इकोटेक. प्रथम की थानाध्यक्ष सरिता मलिक ने बताया कि गांव नटो की मढैया में एक व्यक्ति आज सुबह को छत से नीचे गिर गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई

**नोएडा।** देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती सेक्टर 102 स्थित भंगेल सपा व्यापार सभा कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सभी ने पुष्प माला अर्पित की साथ ही धूप दीप के साथ उनकी पूजा अर्चना की। फल एवं मिष्ठान का भगवान विश्वकर्मा को भोग अर्पित कर सभी ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सपा नोएडा ग्रामीण के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा वास्तुदेव तथा माता अंगिरसी के पुत्र हैं। उन्हें वास्तुकला के आचार्य के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर सपा व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा से यही कामना है कि सभी स्वस्थ और खुशहाल हों।

# नोएडा में कभी भी गिर सकती हैं 114 बिल्डिंग

- प्राधिकरण सर्वे कर भूला, मकान हालत कैसी, अभी तक जांच भी नहीं की गई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने शहर में जर्जर और असुरक्षित इमारतों के लिए एक सर्वे किया था। सर्वे तीन श्रेणी में किया गया। जिसमें कुल 1757 इमारतों को चिन्हित किया गया। ये वो इमारतें है जो कभी भी हादसे का सबब बन सकती है। सर्वे रिपोर्ट प्राधिकरण के अलमारियों में धूल फ ांक रही है। सिर्फ नोटिस चस्पा कर प्राधिकरण इस सर्वे को भूल गया। नोएडा प्राधिकरण ने 2020 में शहर में जर्जर इमारतों के लिए एक सर्वे कराया। शहर में चार श्रेणियों में जर्जर इमारतों का सर्वे कराया था। इसमें कुल 1757 इमारतों को चिन्हित किया गया। इसमें 114 इमारतें ऐसी थी जिनकों ध्वस्त कर दिया जाना चाहिए था। लेकिन अब तक किसी भी इमारत को ध्वस्त नहीं किया गया। इसमें पहला असुरक्षित व जर्जर, दूसरा अधिसूचित व अर्जित भवन पर अवैध कब्जा, तीसरा अधिसूचित व अनर्जित जमीन पर बनी इमारत व चौथा ग्राम की मूल आबादी में बनी बहुमंजिला इमारतों को शामिल किया गया था। सर्वे के परिणाम चौंकाने वाले थे। पहली श्रेणी में कुल 56 जर्जर व असुरक्षित इमारत थी।



शहर के गांवों के अलावा कई स्थानों पर सैकड़ों इमारतों को अवैध जर्जर करार देकर नोटिस जारी किए थे। इसमें सर्वाधिक इमारतें हिंडन विहार व गढ़ी चौखंडी गांव की थी। यहां धड़ल्ले से अवैध निर्माण किया जा रहा था। यहां बनाई गई इमारतें सात.आठ मंजिला तक है। विगत वर्ष इनका निर्माण कार्य रुकवाया गया साथ ही नोटिस जारी कर ध्वस्तीकरण के निर्देश दिए गए। लेकिन अब तक इमारतों को गिराया नहीं जा सका। इसी तरह के नोटिस हरौला और निठारी में भी जारी किए गए। प्राधिकरण ने गांव की मूल आबादी में तीन मंजिला से अधिक 1326 इमारतों को चिन्हित किया था।

# विधायक की मां से लूटपाट करने वाला बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में पुलिस ने बीजेपी विधायक प्रदीप चौधरी की मां संतोष देवी से लूटपाट करने वाले गैंग को गिरफ्तार कर लिया है। इस गैंग का नाम गुड मॉर्निंग गैंग है। लोनी बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान पुलिस में हुई मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश ही हैं।

लोनी बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने कुछ बदमाशों को अपनी ओर आते देखा। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने गाड़ी की स्पीड बढ़ाया और वहां से फरार हो गए। पुलिस ने दूसरी टीम को इस बात की सूचना दी तो बदमाशों ने अपनी तरफ से फायरिंग शुरू कर दी।

फायरिंग का जवाब देते वक्त एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। उसके दूसरे साथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन तीसरा साथी अभी भी फ रार है। बदमाशों ने बीजेपी विधायक प्रदीप चौधरी की मां संतोष देवी से सोने के कुंडल लूट लिए थे। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि बदमाशों ने ब्लेड मारकर दोनों कान काट दिए।

# लूट का विरोध करने पर ई-रिक्शा चालक की हत्या

- शव बोरी में बंद कर फेंका, पूछताछ के बाद एक आरोपी गिफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के लोनी इलाके में ई-रिक्शा चालक सुभाष चंद्र की चाकू से गोदकर हत्या कर दी।

लूट के विरोध पर बदमाशों ने चाकू गोद दिया। वारदात के बाद आरोपियों ने ई.रिक्शे की बैटरी अपने घर में रख ली। रिक्शे को सुनसान रास्ते पर खड़ा कर दिया। लाश को बोरी में बंद करके अज्ञात स्थान पर फेंक दिया। पुलिस ने शुक्रवार रात शव बरामद करते हुए एक महिला और दो युवकों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है मरने वाला सुभाष चंद्र कस्बा लोनी में अंसार विहार का रहने वाला था।

वह 14 सितंबर रात में लापता हो गया था। बेटा सौरभ ने बताया हमारे पिता सुभाष चंद्र 14 सितंबर को अपना ई.रिक्शा लेकर घर से निकले थे। वापस नहीं लौटे।

15 सितंबर की सुबह खोजबीन के दौरान परिजनों को जानकारी हुई कि मोहल्ला सबलू गढ़ी में उनके पिता की हत्या कर दी गई। सौरभ ने इस मामले में 15 सितंबर को थाना लोनी में गोपाल, उसके बेटे रमेश और बिजेंद्र के खिलाफ हत्या की थ्स् दर्ज कराई।

पुलिस ने 16 सितंबर की शाम नामजद आरोपियों में से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ में उसने जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने बोरी सहित शव को ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र स्थित अशोकनगर से बरामद कर लिया।

ई-रिक्शा दूसरे स्थान पर खड़ी मिली। पुलिस आरोपी की पत्नी से भी पूछताछ कर रही है, क्योंकि हत्या घर के भीतर की गई थी।

## घर के अंदर मिली महिला की लाश

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक महिला की हत्या कर दी गई। शनिवार को महिला का लहूलुहान शव बंद घर के कमरे में पड़ा मिला। हत्यारे ने कत्ल के बाद कमरे के दरवाजे को बाहर से बंद किया और फ रार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ये वारदात नंदग्राम इलाके में आश्रम रोड पर दीनदयालपुरी स्थित मकान नंबर-630 में हुई है। ये महिला घरों में काम करके गुजारा करती थी। इस मकान की ऊपर की मंजिल में रहने वाले किरायेदारों ने बताया कि महिला रोज सुबह उठकर पानी की मोटर चलाती थी।




ट्रक का फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं मिलने पर चालक का चालान काटता पुलिसकर्मी।

# गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के छात्र अल्फा मार्केट में भिड़े, 6 पकड़े

- सभी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जीबीयू की दो छात्र गुटों के बीच सेक्टर अल्फा-2 की मार्केट में गुरुवार की रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ और जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना पर बीटा दो कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों गुटों के छह छात्रों को हिरासत में लेकर थाने ले आई।

पुलिस ने इनके खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। बीटा-दो कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जीबीयू में पढ़ने वाले कुछ छात्र गुरुवार की रात सेक्टर अल्फा.दो की मार्केट में घूमने के लिए आए थे। यहां दो छात्रों के बीच किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई। जिसके बाद दोनों छात्रों ने अपने अपने ग्रुप के अन्य छात्रों को मौके पर बुला लिया।

दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और छह छात्रों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। जबकि अन्य छात्र मौके से फ रार हो गए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दोनों गुटों के तीन-तीन छात्रों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# स्वच्छता अपनाने की शपथ के साथ मैराथन दौड़

- प्रतियोगिता में 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों, 16 से 30 आयु वर्ग तथा 30 से अधिक आयु वर्ग के 3 ग्रुपों की दौड़ कराई गई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा विश्व स्वच्छता दिवस पर शनिवार को नोएडा प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-33ए शिल्प हाट में मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

मैराथन प्रतियोगिता में 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों, 16 से 30 आयु वर्ग तथा 30 से अधिक आयु वर्ग के 3 ग्रुपों की दौड़ कराई गई। यह आयोजन एचसीएल फ ाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस मौके पर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ प्रवीण मिश्रा, प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी, डीडीआरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एन पी सिंह, फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शमा, उपाध्यक्ष राजीव गर्ग, राजेन्द्र जिंदल, ट्रैफि क सेल के उप महाप्रबंधक एस पी सिंह, ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह, ओएसडी अविनाश त्रिपाठी, जन स्वास्थ विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक विजय रावत, नोएडा एम्पलाइज एसो के अध्यक्ष चौ कुशलपाल, एचसीएल फ ाउंडेशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आलोक वर्मा, एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हन, महासचिव बी के सेठ भी मौजूद रहे। इस दौरान मैराथन में विजय प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मैराथन से पहले नुक्कड़ नाटक तथा जम्बो डांस भी किया गया।




मैराथन में भाग लेते बच्चे।

इस दौरान कचरे से बनी विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। डीडी आरडब्लूए फेडरेशन द्वारा आज नोएडा प्राधिकरण और एचसीएल फ ाउंडेशन द्वारा वर्ल्ड क्लीनअप डे के अवसर पर सेक्टर-33 नोएडा हॉट मे आयोजित दौड़, जुंबा इत्यादि प्रोग्राम में हिस्सा लिया गया। इस दौरान डीडी आरडब्ल्यूए की ओर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार, उपाध्यक्ष अनिल खन्ना द्वारा 30 वर्ष से ऊपर की दौड़ कंप्लीट करके वर्ल्ड क्लीनअप डे पर नोएडा को साफ एवं स्वच्छ रखने की शपथ भी ली।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# अमानतुल्लाह खान चार दिन की पुलिस हिरासत में

## जामिया नगर थाने में तीन प्राथमिकी दर्ज, खान को बनाया गया मुख्य आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान की दिल्ली वक्फ बोर्ड भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच मामले में 4 दिन की एसीबी की हिरासत में भेज दिया गया है। जामिया नगर थाने में तीन एफआईआर दर्ज किया गया है।

विधायक को शुक्रवार को एसीबी ने गिरफ्तार किया था। वहीं आप ने शनिवार को कहा कि पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी अरविंद केजरीवाल नीत पार्टी के विधायकों को निशाना बनाने और दिल्ली में आप सरकार को गिराने की भाजपा के ऑपरेशन लोटस का हिस्सा है।

राउज एवेन्यू की एक विशेष सीबीआई अदालत ने शनिवार को वक्फ बोर्ड के फंड के कथित दुरुपयोग से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आप विधायक अमानतुल्ला खान से पूछताछ के लिए एसीबी को चार दिन की हिरासत में दे दिया है।

दिल्ली वक्फ बोर्ड भर्ती में कुछ कथित अनियमितताओं की जांच के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान से जुड़े चार ठिकानों पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने छापेमारी के बाद दिल्ली पुलिस ने तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) की छापेमारी में 12 लाख रुपए की नकदी और हथियार बरामद होने के बाद आप के विधायक अमानतुल्लाह खान के करीबी सहयोगी हामिद अली को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने शुक्रवार को कहा था कि एसीबी की छापेमारी के बाद तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं जिनमें से एक मामला अली (54) के खिलाफ दर्ज किया गया है जो बिना लाइसेंस वाले हथियार और कुछ कारतूस बरामद होने के संबंध में दर्ज किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले में अली को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि दूसरा मामला शस्त्र अधिनियम के तहत जोगाबाई एक्सटेंशन निवासी कौशर इमाम सिद्दीकी के खिलाफ दर्ज किया गया।


विधायक अमानतुल्लाह को पूछताछ के लिए अपने दफ्तर ले जाते एसीबी के अधिकारी।

### ड्यूटी में बाधा डालने के आरोप में एफआईआर

दिल्ली पुलिस ने आप विधायक अमानतुल्लाह खान के आवास पर छापेमारी करने वाली भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) की एक टीम को उसकी ड्यूटी में बाधा डालने के आरोप में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में, लोगों का एक समूह एसीबी के अधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए दिखाई दे रहा है।

### विधायक का सहयोगी हामिद अली गिरफ्तार

आर्म्स एक्ट मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के अलावा जामिया नगर निवासी आप विधायक के करीबी हामिद अली (54) को भी गिरफ्तार किया है। विशेष रूप से, खान को भी शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था।

### अभी भी विधायकों को तोड़ने की कोशिश में जुटी भाजपा : सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अमानतुल्ला खान की गिरफ्तारी पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा तीखा हमला किया है। सिसोदिया ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा आम आदमी पार्टी के नेताओं को तोड़ने के लिए अपना आपरेशन लोटस को जारी रखे हुए है। उन्होंने ने ट्वीट कर कहा कि पहले सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार किया, पर कोर्ट में उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उनके घर पर रेड डाली। कुछ नहीं मिला। फिर कैलाश गहलोत के खिलाफ एक फर्जी जांच शुरू की, और अब अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार किया है।

### केजरीवाल हर भ्रष्टाचारी को ईमानदारी का प्रमाण पत्र देते हैं : भाजपा


भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता

नई दिल्ली। अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निशाना साधा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल हर भ्रष्टाचारी को ईमानदारी का प्रमाण पत्र देते हैं। आज एक बार फिर से वह खान को ईमानदारी का सर्टिफिकेट दे रहे थे, लेकिन कोर्ट ने शनिवार को उनकी जमानत रद्द करके भाजपा के उस आरोप को सच कर दिया कि अमानतुल्लाह खान दोषी हैं। उन्होंने कोर्ट द्वारा खान को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजे जाने के फैसले पर कहा कि अगर अभी भी केजरीवाल में थोड़ी भी नैतिकता बची है तो वे अमानतुल्लाह को पदमुक्त करें।आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में सत्ता संभालने के बाद केजरीवाल ने दिल्ली को दंगों की राजधानी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और जिसके सबसे बड़े गुनाहगार अमानतुल्लाह खान और ताहिर हुसैन हैं। खान केजरीवाल के ऐसे चिराग हैं जिनके ऊपर वक्फ बोर्ड की संपत्तियों में हेराफेरी, वाहनों की खरीद, अवैध नियुक्तियां सहित भ्रष्टाचार के कई मामलों में आरोपी हैं। आम आदमी पार्टी के सभी विधायक और मंत्री संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाने से कभी पीछे नहीं हटते।

### केजरीवाल ने कहा-और विधायकों की गिरफ्तारी संभव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने प्रत्यक्ष तौर पर भाजपा पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, ऐसा लगता है कि वे गुजरात में काफी परेशान हैं। उन्होंने आने वाले दिनों में और विधायकों को गिरफ्तार किए जाने की आशंका जताई।

केजरीवाल ने ट्वीट किया, पहले वे (दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री) सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार करते हैं। अदालत के लगातार कहने के बावजूद वे सबूत नहीं दे पा रहे हैं। इसके बाद मनीष (उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया) के आवास पर छापे मारे गए वहां उन्हें कुछ नहीं मिला। अब अमानतुल्लाह को गिरफ्तार किया गया और विधायकों को गिरफ्तार किया जा सकता है।



केजरीवाल ने यहां तक पिछले महीने विधानसभा में विश्वासमत भी पेश किया था ताकि साबित कर सके कि आप के विधायक उनके साथ हैं। उन्होंने जोर देकर कहा था कि ऑपरेशन लोटस दिल्ली में असफल है। एसीबी ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा था कि वक्फ बोर्ड के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ने खान के खिलाफ बयान दिया था और अवैध भर्ती के खिलाफ एक ज्ञापन भी जारी किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया कि


### भाजपा के इशारे पर हो रही कार्रवाई : सौरभ

पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने खान की गिरफ्तारी के लिए भाजपा की आलोचना की और एसीबी पर भाजपा के इशारे पर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के खिलाफ मीडिया में गुमराह करने वाली खबरें जारी करने का आरोप लगाया।

एसीबी की टीम जैसे ही खान को गिरफ्तार करने के लिए उनके आवास पर पहुंची, उनके रिश्तेदारों और परिचितों ने उस पर हमला कर दिया। तीसरा मामला एसीबी अधिकारियों के कामकाज में बाधा डालने से संबंधित है।

# पश्चिमी दिल्ली की 9 सड़कों का होगा कायाकल्प, 15.71 करोड़ की परियोजना को मिली मंजूरी

- निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा और गुणवत्ता के सभी मानकों का सख्ती से पालन किया जाए: सिसोदिया



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार सड़कों को सुंदर, सुरक्षित व विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में मिशन मोड में काम कर रही है। इस क्रम इस बाबत उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने पश्चिमी दिल्ली की 9 प्रमुख सड़कों सहित मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया में मेट्रो पिलर नंबर 410 से 570 के बीच 10 किमी सर्विस लेन के सुदृढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण के लिए कुल 29.77 करोड़ रूपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा और गुणवत्ता के सभी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। जिससे लोगों को आवाजाही में किसी प्रकार की समस्या नहीं हो। साथ ही जाम से भी नहीं जूझना पड़े। इसके लिए समय-समय पर जरुरत के अनुसार पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़कों के रखरखाव का कार्य करती है। केजरीवाल सरकार दिल्ली की सड़कों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए विशेषज्ञों से सर्वे करवा रही है ताकि सड़कों को मजबूत व सुरक्षित बनाने के लिए खाका तैयार किया जा सकें।

इस परियोजना में सड़कों की मजबूती पर तो ध्यान दिया ही जाएगा साथ इस सभी मानकों का पालन करते हुए अच्छी गुणवत्ता की रोड मार्किंग भी की जाएगी। परियोजना के तहत, लोक निर्माण विभाग द्वारा इन सातों रोड स्ट्रेच के सुदृढ़ीकरण, फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज सहित मानकों का ध्यान रखते हुए लेन मार्किंग, पैरापेट की दीवारों, रेलिंग आदि के पेंट वर्क का कार्य भी किया जाएगा।

सिसोदिया ने कहा कि मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया की रोहतक रोड दिल्ली की सबसे व्यस्ततम सड़कों में से एक है। यहां रोजाना लाखों वाहनों की आवाजाही होती है और सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इलाके में औद्योगिक इकाईयों होने के कारण सर्विस लेन पर भी वाहनों का दबाव रहता है। जिस कारण समय-समय पर इसके रखरखाव की जरुरत होती है। सर्विस लेन के सुदृढ़ीकरण से न केवल यातायात सुचारू होगा बल्कि यहां मौजूद इंडस्ट्रीज के साथ-साथ कामगारों के लिए भी आवागमन आसान होगा।

### इन सड़कों की होगी मरम्मत

नजफगढ़ रोड, पंजाब गार्डन रोड, गिन्नी देवी रोड, हेमवती नंदा बहुगुणा मार्ग, पंकज बत्रा मार्ग, लाल साईं मंदिर मार्ग, हाउस एचआईएल से 234 बस टर्मिनल रोड, हाउस नं. 1-47 मिलन सिनेमा कर्मपुरा की सड़क, एचआईएल कर्मपुरा रोड।

# दुर्गा पूजा में पर्यावरण अनुकूल साधनों से सजेगा पंडाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- चितरंजन पार्क में दिखेगी कोलकाता के औपनिवेशिक घरों की झलक

कोलकाता के औपनिवेशिक युग के घरों की एक झलक देखना चाहते हैं तो इस दुर्गा पूजा में दिल्ली के चितरंजन पार्क पहुंचे, जहां कारीगर झीनी खिड़कियों, प्रांगण और सीढ़ियों को थीम-आधारित पंडाल को अंतिम रूप दे रहे हैं।

शहर में एक अन्य दुर्गा पूजा आयोजन समिति कार्ड बोर्ड, लकड़ी से निर्मित डिस्पोजेबल चम्मच और चावल की भूसी से पर्यावरण के अनुकूल पंडाल बना रही है। कोविड के चलते दो साल की खामोशी के बाद दिल्ली नवरात्रि और दुर्गा पूजा को उत्साह के साथ मनाने के लिए तैयार है, वहीं कारीगरों को महामारी के दौरान हुए नुकसान की भरपाई की उम्मीद है।

चितरंजन पार्क के सहकारी मैदान में दुर्गा पूजा समिति के सचिव सौरव चक्रवर्ती ने कहा, पंडाल कोलकाता के पारंपरिक घर की तरह दिखेगा। हम विशेष रूप से झीनी खिड़कियों और औपनिवेशिक युग के लोहे के ताले और दरवाजों के लिए जंजीरों जैसी विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सहकारिता मैदान में खाने, साड़ियों और खिलौनों के स्टॉल लगाए गए हैं तथा दो साल में पहली बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी योजना बनाई गई है। चितरंजन पार्क के के-ब्लॉक में एक पूजा पंडाल को कागज, कार्डबोर्ड, लकड़ी से निर्मित डिस्पोजेबल चम्मच और चावल की भूसी से डिजाइन किया जा रहा है।

के-ब्लॉक पंडाल को सजाने वाली टीम का हिस्सा रहे पिंटू हलदर ने कहा, हम इसे हंसों से सजा रहे हैं जो हमने कागज की लुग्दी से बनाए हैं। देवी दुर्गा के चेहरे को कार्डबोर्ड पर चावल की भूसी के साथ डिजाइन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में हममें से अधिकतर के पास काम नहीं था। इस साल, हम नुकसान की भरपाई होने की आशा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस साल समारोह के लिए आयोजकों में उत्साह है। के-ब्लॉक में एक अन्य पूजा पंडाल के डिजाइनर राकेश डे ने कहा कि कुछ थीम आधारित पूजा पंडालों को डिजाइन करने में आमतौर पर एक महीने का समय लगता है।

# सड़क हादसे कम करने को अतिक्रमण हटे: पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- अलग बस खंड और सार्वजनिक वाहनों को अलग-अलग स्थान उपलब्ध कराने का दिया सुझाव

राष्ट्रीय राजधानी में दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सड़क डिजाइन से जुड़े हितधारकों को दिल्ली पुलिस ने कुछ सुझाव दिए हैं जिनमें फुटपाथ से अतिक्रमण हटाना, अलग बस खंड और सार्वजनिक परिवहन से जुड़े वाहनों के रुकने के लिए अलग जगह शामिल है।

पुलिस द्वारा शुक्रवार को जारी दिल्ली सड़क दुर्घटना मृत्यु रिपोर्ट 2021 के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में सडक़ दुर्घटनाओं में पैदल यात्रियों के लिए लगातार सर्वाधिक खतरा रहा है और पिछले साल यहां हुई सडक़ दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों में लगभग 41 प्रतिशत पैदल यात्री थे।

दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने कहा कि रिपोर्ट में पिछले साल दिल्ली में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण है। परंपरा से हटकर, दिल्ली यातायात पुलिस ने वार्षिक रिपोर्ट में दुर्घटना के लिए अंग्रेजी के शब्द एक्सीडेंट की जगह क्रैश शब्द का प्रयोग किया है, जिसका पूर्व में शीर्षक दिल्ली में सडक़ दुर्घटनाएं होता था। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि फुटपाथ से विक्रेताओं के अतिक्रमण को हटाया जाना चाहिए और इन सेवाओं के लिए विशिष्ट स्थान दिया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि सडक़ का विस्तार कर सभी बस स्टैंड पर बसों के रुकने के लिए अलग बस बे होना चाहिए। इसमें कहा गया है, बस बे पर्याप्त रूप से इतने लंबे होने चाहिए कि वहां दो से तीन बस रुक सकें और बस स्टैंड पर ग्रिल युक्त फाटक होने चाहिए।



रिपोर्ट के मुताबिक, पीरागढ़ी, सिंघु बॉर्डर, मुकरबा चौक, आईएसबीटी, धौला कुआं जैसे सभी प्रमुख चौराहों को सार्वजनिक परिवहन (डीटीसी, क्लस्टर बसों, रोडवेज बसों, ग्रामीण सेवा, आरटीवी, टीएसआर, रिक्शा, ई-रिक्शा और पैदल यात्री यातायात) की संरचना के अनुसार डिजाइन करने की आवश्यकता है।

### किराए के घर में मृत मिली महिला, पति लापता

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर दिल्ली के मौजपुर इलाके में 22 वर्षीय एक महिला अपने किराए के मकान में मृत पाई गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब आठ बजकर 50 मिनट पर मौजपुर के विजय मोहल्ला में गली नंबर-13 में स्थित एक घर में एक महिला के घायल पड़े होने की सूचना मिली।

अधिकारी ने कहा कि मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने महिला को मृत अवस्था में पाया। महिला की गर्दन पर गहरे जख्म थे। पुलिस ने कहा कि मृत महिला अपने पति के साथ किराए के मकान में रहती थी और उसके पति के बारे में अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# प्राचार्य की नियुक्ति के लिए यूजीसी नियमों का पालन करे स्टीफंस : डीयू

- कुछ दिन पहले यूजीसी ने प्रोफेसर जॉन वर्गीज की नियुक्ति अवैध बताया था।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को प्राचार्य की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने का निर्देश दिया है।

कुछ दिन पहले यूजीसी ने प्रोफेसर जॉन वर्गीज की इस पद पर फिर से नियुक्ति किए जाने को अवैध बताया था। संचालन इकाई के अध्यक्ष बिशप प्रेमचंद सिंह को पिछले 30 दिनों में भेजे दूसरे पत्र में विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को कहा था कि वह प्रोफेसर जॉन वर्गीज का पांच साल का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद उन्हें कॉलेज के प्राचार्य के रूप में मान्यता नहीं देने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय ने कहा, प्राचार्य की नियुक्ति के लिए कॉलेज को यूजीसी के नियमों का पालन करना जरूरी है।



इन प्रावधानों का पालन नहीं किया जाना और प्रोफेसर जॉन वर्गीज का सेंट स्टीफंस कॉलेज के प्राचार्य पद पर बने रहना अवैध होगा।

कॉलेज को प्राचार्य की नियुक्ति के लिए यूजीसी के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए। वर्गीज को एक मार्च 2016 को पांच वर्षों के लिए सेंट स्टीफंस कॉलेज का प्राचार्य नियुक्त किया गया था। कॉलेज की सर्वोच्च परिषद ने हाल में उनके कार्यकाल में विस्तार किए जाने को मंजूरी दी थी।

# एनडीएमसी के 21 स्कूलों में 41 विज्ञान प्रयोगशालाएं

## उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गोल मार्केट के अटल आदर्श बंगाली बालिका विद्यालय में किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इक्कीसवीं सदी के देश के विकास में विज्ञान उस ऊर्जा की तरह है जिसमें हर क्षेत्र, हर राज्य के विकास को बहुत गति देने का सामर्थ्य है। आज जब भारत चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करने की तरफ बढ़ रहा है, तो उसमें साइंस और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की भूमिका बहुत अहम है।

हमारे शास्त्रों में कहा गया है ज्ञानम् विज्ञान सहितम् यत् ज्ञात्वा मोक्ष्यसे अशुभात। अर्थात ज्ञान जब विज्ञान के साथ जुड़ता है, जब ज्ञान और विज्ञान से हमारा परिचय होता है, तो संसार की सभी समस्याओं और संकटों से मुक्ति का रास्ता अपने आप खुल जाता है। समाधान का, का आधार विज्ञान ही है। इसी प्रेरणा से प्रेरित होकर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अपने 21 स्कूलों में 41 प्रयोगशाला शुरू किया है।


स्कूल में छात्रा से बातचीत करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को सेवा दिवस इन स्कूलों का उद्घाटन किया। बेहतरीन बुनियादी ढांचे और संसाधनों से लैस इन विज्ञान प्रयोगशालाओं का मकसद कम उम्र में ही छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है। विनय कुमार सक्सेना ने गोल मार्केट स्थित अटल आदर्श बंगाली बालिका विद्यालय में उद्घाटन के बाद कहा कि यह विज्ञान का युग है और विज्ञान और वैज्ञानिक प्रवृत्ति के बिना, सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए कोई कदम आगे नहीं बढ़ाया जा सकता और मानव उन्नति की परिकल्पना भी विज्ञान के बिना नहीं की जा सकती है।

ये प्रयोगशालाएं न केवल एनडीएमसी क्षेत्र में बल्कि पूरी दिल्ली में प्रयोग और नवाचार की एक मिसाल बन जाएंगी और शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगी। बेटी बचाव, बेटी पढ़ाई पर प्रधानमंत्री के संकल्प का जिक्र करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि एक लड़की शिक्षित होती है तो पूरे परिवार को शिक्षित करती है और बदले में पूरे समाज को, वास्तव में राष्ट्र को शिक्षित किया जाता है। उन्होंने नियमित पठन-पाठन के अलावा हर छात्र के समग्र विकास के लिए खेल, कला, संगीत आदि के महत्व पर भी जोर दिया। मुख्य सचिव नरेश कुमार ने एनडीएमसी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार लाने के लिए कदम उठाने के सुझाव दिए। एनडीएमसी स्कूलों के बुनियादी ढांचे का उपयोग लड़कियों और महिलाओं के लिए कौशल विकास केंद्र के रूप में किया जा सकता है।

### इंदिरा कल्याण विहार में बना नगर निगम स्कूल

*सेवा दिवस पर उपराज्यपाल ने इंदिरा कल्याण विहार, ओखला में दिल्ली नगर निगम के नवनिर्मित स्कूल का उद्घाटन किया। निगम स्कूलों के अपग्रेडेशन के एलजी के सुझाव के बाद 15 स्मार्ट मॉडल स्कूलों के उद्घाटन के बाद यह एक और कदम है। इस मौके पर एलजी ने कहा कि यह स्कूल सैकड़ों बच्चों, खासकर समाज के निचले तबके के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है और राष्ट्र को बदला जा सकता है।*

### हिंदूराव अस्पताल में टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 72 वें जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में दिल्ली नगर निगम के हिंदू राव अस्पताल में प्रधान मंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान और स्वच्छता सैनिकों के लिए समर्पित ओपीडी सेवाओं का एलजी ने उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत में 2025 तक टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया है।

# संक्षिप्त समाचार


जल संग्रहालय का उद्घाटन सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद व अन्य।

### स्वच्छता, सेवा दिवस के रूप में मना पीएम का जन्मदिन

**नई दिल्ली।** सुलभ इंटरनेशनल द्वारा शनिवार को प्रधानमंत्री का 72वां जन्मदिवस जल शिक्षा-स्वच्छता-सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सुलभ ने नई दिल्ली समेत 72 स्थानों पर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर राष्ट्रव्यापी स्तर पर जल, शिक्षा और स्वच्छ भारत जागरूकता अभियानों पर केंद्रित अभियान और सेमिनार का आयोजन किया गया। दिल्ली में, सुलभ अंतरराष्ट्रीय जल संग्रहालय का उद्घाटन सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद व अन्य की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर आइकन ऑफ़ इंडियन रेनैस्संस नामक पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

### प्रधानमंत्री मोदी नए भारत के दिव्यदर्शी : संजय शेरपुरिया



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिवस पर समाजसेवी और उद्यमी संजय शेरपुरिया ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आजादी के 66 साल बाद हमारे राष्ट्र को सच्चे अर्थ में आजादी दिलवाई है। इंडिया इंटरनेशल सेंटर में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी, पुस्तक विमोचन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए संजय शेरपुरिया ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर उन्होंने गुजरात में अपने 30 साल के अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के 'दिव्यदर्शी'हैं। कार्यक्रम में सांसद वीरेन्द्र सिंह, स्वामी सदानंद, जसमीन मोहम्मद , डॉक्टर नोहरा सेख, राजनाथ शर्मा , दिलीप शर्मा आदि मौजूद थे।

### 'अच्छा भी हो सकता है' काव्य संग्रह का लोकार्पण



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को गांधी शांति प्रतिष्ठान में धीरेंद्रनाथ श्रीवास्तव के काव्य संग्रह 'अच्छा भी हो सकता है' के लोकार्पण किसान नेता राकेश टिकैत, समाज चिंतक राजकुमार जैन, समाज वैज्ञानिक प्रो. रमेश दीक्षित ने किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ समाजवादी मोहन प्रकाश, राजकुमार जैन, रालोद के रामाशीष राय, वरिष्ठ पत्रकार अनिल चौधरी, गीतकार डॉ. संजय पंकज, डॉ. शकील, मोइन अघियता, एस. एस. मेहरा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. राजकुमार जैन ने किया। मंच संचालन सूर्यमान राम और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गोपालजी राय ने किया। इस अवसर पर अवधेश सिंह, शहनवाज कादरी, चंद्रशेखर सिंह, वरिष्ठ गांधीवादी राजनाथ शर्मा, डॉ. हरीश खन्ना, मंटू राय, शेखर राय समेत बड़ी संख्या में बुद्धजीवी और दर्शक मौजूद थे।

### वियतनाम प्रतिनिधिमंडल ने स्वच्छता केंद्र का किया दौरा

**नई दिल्ली।** वियतनाम के 13 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को द्वारका स्थित स्वच्छता केंद्र का दौरा किया गया। इस स्वच्छता केंद्र को दिल्ली नगर निगम ने यूएनडीपी के सहयोग से स्थापित किया है। यह स्वच्छता केंद्र प्रतिदिन 10 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण कर सकता है। यह केंद्र जनवरी 2022 से कार्य कर रहा है। वियतनाम प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व बिन डिंह प्रोविंशियल पीपल कमिटी एवं बिन डिंह मिनिस्ट्री ऑफ़ नेचुरल रिसोर्सेस एंड एनवायरनमेंट द्वारा किया गया।इस अवसर पर नजफगढ़ क्षेत्र के उपायुक्त प्रदीप कुमार,यूएनडीपी के अधिकारी एवं निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 18 सितंबर, 2022



# श्रमिकों ने सुई से लेकर जहाज तक में बनाया आत्मनिर्भर : खट्टर

## श्रमिकों के योगदान से बना हरियाणा दुनिया के निवेशकों की पहली पसंद

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में श्रीविश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राजकीय श्रमिक दिवस समारोह में दीप प्रज्जवलित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।


गुरुग्राम में श्री विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राजकीय श्रमिक दिवस समारोह में रजिस्टर में कमेंट दर्ज करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि श्रमिकों के सहयोग से सुई से जहाज निर्माण तक में हम आत्मनिर्भर बन रहे हैं। श्रमिकों के योगदान से ही आज देश दुनिया के निवेशकों के लिए हरियाणा पहली पसंद बन चुका है। विकासात्मक बदलाव में सरकार के साथ ही आधारभूत ढांचागत विकास में हमारे श्रमिकों का योगदान अतुलनीय है। यह बात उन्होंने शनिवार को यहां लेजरवैली मैदान में श्रीविश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राजकीय श्रमिक दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

समारोह में केंद्रीय कॉरपोरेट राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व हरियाणा सरकार में श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित हुए। दुनिया के सबसे बड़े शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्यमंत्री ने समारोह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित श्रमिकों को भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश की प्रगति में आपका महत्वपूर्ण योगदान है। आप व आपके परिवार की शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की बात करें तो केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित करते हुए ईएसआई अस्पताल के साथ ही राज्य सरकार के स्वास्थ्य केंद्रों में भी अब श्रमिकों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। मनोहर लाल ने कहा कि आज देश के कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जन्मदिन है। समस्त प्रदेश की जनता की ओर से उन्हें बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सत्यमेव जयते यानि सत्य की सदैव विजय कहा जाता है, उसी तर्ज पर स्वामी विवेकानंद जी ने श्रमेव जयते की बात कहते हुए श्रमिकों का सम्मान किया है। उन्होंने बताया कि आज से पांच वर्ष पहले 17 सितंबर, 2017 में सोनीपत से राज्य स्तरीय श्रमिक दिवस मनाने की शुरूआत की गई थी। आज का दिन श्रमिकों व उनके परिजनों के कल्याण को समर्पित दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों की पहचान कर 550 अंत्योदय मेलों के माध्यम से 30 हजार लोगों को अब तक स्वरोजगार स्थापित करने के अवसर मुहैया कराए गए हैं।

### श्रमिक कल्याण के लिए खोला पिटारा

**मुख्यमंत्री** ने राजकीय श्रमिक दिवस समारोह में श्रमिकों व उनके परिजनों के कल्याण के लिए घोषणाओं का पिटारा खोल दिया। जिनमें श्रमिक परिवारों का वर्ष में एक बार नि:शुल्क चेकअप के लिए मुख्यमंत्री परिवार स्वास्थ्य परीक्षण योजना, श्रमिकों के कैशलैस चेकअप के लिए प्रदेश में 200 श्रम योगी क्लीनिक खोलने, श्रमिकों के लिए एडवांस लाइफ स्पोर्ट-एएलएस सुविधायुक्त 100 एंबुलेंस उपलब्ध कराना, सामान्य जांच व एक्स रे के लिए 44 मोबाइल मेडिकल वैन शुरू करने, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आवदेक के लिए भवन निर्माण एवं श्रमिक कल्याण बोर्ड को गारंटर बनाने के साथ ही प्रवासी श्रमिकों व अपंजीकृत श्रमिकों की कार्य स्थल पर मृत्यु होने पर परिवार को दी जाने वाली ढाई लाख रुपये की वित्तीय सहायता को चार लाख रुपये करने की घोषणा की।

# शहर में 10 सामाजिक कार्य करेगा पंजाबी बिरादरी महासंगठन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पंजाबी बिरादरी महा संगठन की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**समाज** सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय पंजाबी बिरादरी महा संगठन अब 10 सामाजिक कार्यों के साथ गुरुग्राम शहर में सेवा करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन, डा. दीन दयाल उपाध्याय, लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यह कार्य किए जाएंगे।

यह निर्णय महा संगठन की कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। यहां चोटी पंचायत धर्मशाला में पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें महा संगठन से जुड़े 125 लोगों ने शिरकत की। इनमें 18 महिला सदस्य और 35 युवाओं की भी भागीदारी रही। सर्वप्रथम अकाउंट्स पारित किया गया। फिर अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके बाद सभी की मंत्रणा के साथ निर्णय लिया गया कि आगामी रविवार 18 सितम्बर से महा संगठन की ओर से एक पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू किया जाए, जिस दौरान 10 सामाजिक कार्यों को शहर में आगे बढ़ाया जाए।

# सेवा पखवाड़ा में सभी कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर करें सेवा : सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के जैकबपुरा में रक्तदान शिविर के दौरान रक्त दाताओं को सम्मानित करते विधायक सुधीर सिंगला

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शनिवार से भारतीय जनता पार्टी का सेवा पखवाड़ा शुरू हो गया। इस दौरान जिला में अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में यहां जैकबपुरा में भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसका शुभारंभ विधायक सुधीर सिंगला ने किया।

शिविर में बोलते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। विभिन्न तरह से इस दौरान सेवा के कार्य किए जाने हैं। सभी कार्यकर्ता इन कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें। सेवा पखवाड़ा के तहत आगे प्रधानमंत्री को अभिनंदन पत्र, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, बुद्धिजीवी सम्मेलन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, टीबी मुक्त भारत, दिव्यांगों को कृत्रिम अंग एवं उपकरणों का वितरण, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, कोविड टीकाकरण केंद्रों पर स्टॉल, विविधता में एकता का उत्सव, वोकल फॉर लोकल अभियान और गांधी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जएंगे। कार्यक्रम में सूरज गोयल, बनवारी लाल सैनी, सुमित कपूर, अंकित सिंह, प्रिंस मंगला, गिरीश सिंगला, वंदना सिंगला, संदीप बंसल, तुलसी वर्मा, जगभूषण गुप्ता, दया राम अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारत तिब्बत सहयोग मंच ने किया पौधारोपण


गुरुग्राम में पौधारोपण करते भारत तिब्बत सहयोग मंच के सदस्य।

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार को भारत तिब्बत सहयोग मंच की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच के प्रान्त प्रमुख अमित गोयल के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान चलाया गया।

अजय जैन, निशांत, युधिष्ठिर कौशिक, अजय शर्मा, हिमांशु राठी, विपुल अग्रवाल, कल्पना गोयल, नमन गोयल, निशांत अहलावत आदि ने पौधारोपण कार्यक्रम में शिरकत की। अमित गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सदा प्रगति की राह पर है। देश और दुनिया में देश की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। इसका सीधा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्ग समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें। देश के लोगों में राष्ट्रीयता की भावना भरने के बाद अब सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। देश के लोग सेवा पखवाड़ा मनाकर मानव, प्रकृति की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत तिब्बत सहयोग मंच की ओर से प्रदेशभर में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंच के सदस्य इन कार्यक्रमों में अपना सहयोग दे रहे हैं।

# दोस्त बासमा और जैड बच्चों को सिखाएंगे जीवन के फलसफे

## सेसमी वर्कशॉप इंडिया ने अपने हिंदी यू-ट्यूब चैनल पर 'बिग फीलिंग्स एक्सप्लोरर्स' सीरीज का किया लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**बीते 2** वर्ष बच्चों, बड़ों और परिवारों के लिए सामाजिक, भावनात्मक और यहां तक कि आर्थिक रूप से काफी तनावपूर्ण रहे हैं। इस प्रकार के तनाव से जूझ रहे परिवारों को अपनी परिस्थितियों से बेहतर निपटने हेतु सेसमी वर्कशॉप इंडिया ने अपने हिंदी यू-ट्यूब चैनल पर 'बिग फीलिंग्स एक्सप्लोरर्स' नाम की एक नयी सीरीज पेश की है। सेसमी वर्कशॉप इंडिया एक शैक्षिक गैर-लाभकारी संस्था है, जो मौज-मस्ती के माध्यम से बच्चों की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

'बिग फीलिंग्स एक्सप्लोरर्स' कम उम्र के बच्चों की सामाजिक और भावनात्मक जरूरतों को संबोधित करने पर केंद्रित है। सेसमी वर्कशॉप इंडिया हिंदी यूट्यूब चैनल पर अब विपरीत व्यक्तित्व वाले दो जिगरी दोस्त बासमा और जैड भी बच्चों को जीवन के फलसफे सिखाने वाले लोकप्रिय किरदार-एल्मो, चमकी, कुकी मॉन्सटर और ऐबी का साथ देते नजर आएंगे। यह सीरिज बासमा और जैड की कहानियाँ बयां करती है, जो अपने दोस्तों के साथ खेलते-कूदते, उदासी, निराशा और ईर्ष्या जैसी नकारात्मक भावनाओं का कैसे सामना किया जाए, बच्चों को सरल तरीके से सिखाती है। बासमा जहां छह साल का एक सहज और मिलनसार स्वभाव वाला किरदार है, जिसे नाचना-गाना पसंद है। वहीं, जैड पीले रंग का एक मपेट है, जो पेंटिंग करने की शौकीन है। जैड के पास उसके दादा का एक पेंट ब्रश है, जिससे वह उनकी याद में हमेशा चित्र बनाता है।

नयी सीरीज के बारे में बताते हुए सेसमी वर्कशॉप इंडिया की प्रबंध निदेशक, सोनाली खान ने कहा, 'हम समझते हैं कि बच्चों को सामाजिक और भावनात्मक रूप से सुरक्षित महसूस कराना जरूरी है, ताकि उनमें जीवन के मुश्किल दौर से निपटने और उससे बाहर निकलने का कौशल विकसित हो सके। हमें यकीन है कि बासमा, जैड और उनके दोस्त ऐसा करने में मददगार साबित होंगे। वे न सिर्फ बच्चों की भावनाओं को प्रतिध्वनित करेंगे, बल्कि उन्हें इनसे निपटने की कला भी सिखाएंगे।' 'बिग फीलिंग्स एक्सप्लोरर्स' में 26 मजेदार और दिल को छू जाने वाली कहानियां शामिल हैं, जो बच्चों को अपने साथ जोड़ती हैं।

### किशोर ने मोबाइल चोरी करके भाग रहे बदमाशों को दबोचा

**सोहना।** शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर मोबाइल चोरी करके भाग रहे बदमाशों के इरादों को नाबालिग किशोर ने बाइक को सड़क पर गिरा कर तोड़ दिया। इस दौरान नाबालिग सड़क पर घसीटे जाने के दौरान घायल हो गया। बदमाश मौके पर बाइक छोड़कर भाग गए।

शुक्रवार की रात करीब 8 बजे शहर की नट कॉलोनी में रहने वाला 14 वर्षीय किशोर मूंगफली रेहड़ी पर रखकर बेच रहा था। दो बदमाश बाइक पर सवारों ने किशोर से 20 रुपये की मूंगफली मांगी। मूंगफली तोलने के दौरान एक बदमाश ने किशोर का मोबाइल चोरी करके अपनी जेब में रख लिया। जैसे ही बदमाश बाइक पर सवार होकर चलने लगे। किशोर ने बदमाशों की बाइक को पीछे भागते समय पकड़ लिया। इस दौरान नाबालिग सड़क पर गिर गया लेकर बाइक को अपने मजबूत हाथों से छोड़ा नहीं। आखिर बदमाश बाइक को सड़क पर छोड़कर भाग गए। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि मोबाइल चोरी करके भाग रहे बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के ब्रांड एंबेसडर किए मनोनीत



**गुरुग्राम।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रत्येक वर्ष पूरे देश में किए जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियां नगर निगम गुरुग्राम द्वारा जोर-शोर से की जा रही हैं। इसके तहत आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के ब्रांड एंबेसडर मनोनीत किए गए हैं। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने शनिवार को आयोजित इंडियन स्वच्छता लीग प्रतियोगिता के तहत आयोजित कार्यक्रम में गुरुग्राम के 10 ब्रांड एंबेसडर को स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के लिए मनोनीत किया। उन्हें प्रमाण-पत्र भेंट किए। इनमें सुप्रसिद्ध देशी रॉक स्टार मन्नु दवन (एमडी), कुलदीप हिन्दुस्तानी, अतुल बजाज, बेबी यशिका रोहिल्ला, बेबी देवयानी शर्मा, योग गुरू अक्षय आनन्द, अंबरीन अरूण, हर्षिता गुप्ता, आशीष, नेशनल अवार्ड विजेता युवा गौरी मिश्रा शामिल हैं। उक्त सभी ब्रांड एंबेसडर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेंगे। विभिन्न माध्यमों से स्वच्छता का प्रचार-प्रसार करने में अपना योगदान देंगे। ब्रांड एंबेसडर एक स्वैच्छिक जिम्मेदारी एवं सेवा है। इसके लिए किसी प्रकार का मेहनताना आदि नहीं दिया जाता है।

### हरियाहेड़ा में चला सफाई अभियान में ग्रामीणों को पढ़ाया पाठ

**सोहना।** खंड के गांव हरियाहेड़ा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत अभियान चलाकर सफाई की। ग्रामीणों को प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग न करने के प्रति जागरुक किया। शनिवार को ग्राम पंचायत हरियाहेड़ा में बना आंगनबाड़ी केन्द्र से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम में बीडीपीओ परमेंदर सिंह समेत सफाई कर्मचारी, स्वच्छता ग्रही रामपाल, पंप ऑपरेटर, ग्राम पंचायत पंच, सरपंच अब्दुल सत्तार और सक्षम युवाओं द्वारा श्रमदान दिया। खंड सलाहकार गौरव कुमार ने आंगनबाड़ी केन्द्र में महिलाओं की बैठक लेते हुए स्वच्छता के विषय में जानकारी दी। महिलाओं को अपने घरों में गीला व सूखा कूड़े के लिए अलग-अलग डिब्बों का उपयोग करने की सलाह दी। बीडीपीओ परमेंदर सिंह ग्रामीणों को प्लास्टिक पॉलीथिन की बजाय कपड़े के बैग का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। पॉलीथिन के उपयोग से खाद्य सामग्री की वस्तुओं में होने वाले असर से शरीर में पनपने वाली बीमारियों के प्रति जागरुक किया। खान-पान की वस्तुओं में पॉलीथिन कितना खतरनाक बन चुका है। यह सब बारीकी से बताया। डिब्बा बंद खाद्य सामग्री का उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपने आसपास गंदगी को न पनपने दें। घर के गीला व सूखे कचरा को आम रास्ते या खुले में न फेंक कर घर में बनें कूड़ा केन्द्र में ही डाले। ताकि इस कूड़े को सही स्थान पर फेंका जा सके। बीडीपीओ ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितम्बर को की थी। यह दो अक्टूबर तक चलेगा।

### जिम में लगी आग से हजारों का सामान जलकर स्वाह



**सोहना।** शहर के बालूदा मार्ग पर बनी जिम के बेस्मेंट लगी आग में लाखों रुपये का नुकसान हो गया। आग लगने का कारण बिजली का शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। शनिवार को दोपहर बाद पौने दिन बजे बालूदा मार्ग बनी जिम के बंद शटर के नीचे व रोशनदान में से धुंआ निकलता हुआ दिखाई दिया। जिसकी सूचना साथ वाले दुकानदार ने जिम संचालक विक्की को फोन करके दी। शहर की फ्रेंड्स कॉलोनी में रहने वाले विक्की तुरन्त जिम पर पहुंचा। आग की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग कर्मियों ने दुकान का शटर खोल आग को काबू पाने में जुट गए। करीब 30 मिनट में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जिम मालिक ने बताया कि आग बिजली के शार्टसर्किट होने से ही लगी है। इस आग से उसे 10 से बारह हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### राष्ट्रीय पोषण माह के शिविर में 287 नागरिकों का हुआ उपचार



**सोहना।** नागरिक अस्पताल परिसर में आयुष विभाग द्वारा लगाया राष्ट्रीय पोषण माह एक दिवसीय शिविर में 287 नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस अवसर पर लगा रोग भगाने के लिए योग शिविर में 60 नागरिकों ने भाग लिया। शनिवार को राष्ट्रीय पोषण माह एक दिवसीय शिविर का नागरिक अस्पताल में आयोजन किया। जिस में आयुष की जिला अधिकारी मंजू कुमारी ने मार्ग दर्शन किया। शिविर में आने वाले रोगियों के स्वास्थ्य की जांच डॉ. सुनीता, डॉ. सतबीर सरोहा, डॉ. अंकित, डा. कुलभूषण, सुरुचि और सचिन ने नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की। योग गुरु नितिन ने नागरिकों को योग के माध्यम से रोग भागने के कायाकल्प करने की प्रणाली सिखाई। नागरिक अस्पताल में आयुष के प्रभारी डॉ. कुलभूषण ने बताया कि आर्युवैदिक नियम से 234 तथा 53 लोगों ने एलोपैथिक के तहत उपचार लिया। इस अवसर पर टिंकू व अनु ने रोगियों को फ्री दवाइयां उपलब्ध कराईं। उन्होंने बताया कि नागरिक अब आर्युवैदिक उपचार में विश्वास करने लगे हैं। यही कारण है आम नागरिक अब आयुर्वेदिक नियम को अपनाते हुए अपनी बीमारियों को जड़ से समाप्त करने में विश्वास करने लगे हैं। रोगियों को आयुष के तरफ बढ़ता विश्वास शरीर को रोग मुक्त बनाने की ओर तेजी से बढ़ता जा रहा है।

# ऑरिक ग्रुप के चेयरमैन संदीप अग्रवाल को हरियाणा के मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

## औरिक ग्रुप के चेयरमैन संदीप अग्रवाल को गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उभरते हरियाणा का अभिन्न अंग होने के लिए सम्मानित किया

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक, हरियाणा



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को ऑरिक ग्रुप के चेयरमैन संदीप अग्रवाल को सम्मानित किया। इस सम्मान की घोषणा हरियाणा राज्य में रियल एस्टेट के विकास में ऑरिक ग्रुप के शानदार काम को मान्यता देने के लिए की गई थी। जी मीडिया द्वारा आयोजित 15 सितंबर 2022 को रोहतक में आयोजित इमर्जिंग हरियाणा कार्यक्रम में हरियाणा सरकार ने अग्रवाल को यह सम्मान प्रदान किया। इस कार्यक्रम में आतिथ्य, शिक्षा, व्यवसाय और रियल एस्टेट के उद्योगों की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में राजनीति, व्यवसाय, रियल एस्टेट, और उद्योगों के विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया गया। व्यक्तियों और व्यावसायिक घरानों जो अपने-अपने क्षेत्रों में हरियाणा के विकास की दिशा में काम कर रहे हैं। ऑरिक ग्रुप की ओर से, मैं अपने मुख्यमंत्री से इस तरह के प्रतिष्ठित सम्मान को प्राप्त करने के लिए विनम्र और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह हमारे दर्शन की सच्ची मान्यता है जहां हम अच्छा करने का इरादा रखते हैं और साथ ही अच्छा करते हैं, श्री संदीप अग्रवाल, अध्यक्ष औरिक समूह ने कहा। औरिक समूह ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी वाणिज्यिक और आवासीय परियोजनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार किया है, जबकि हरियाणा की नींव को मजबूत करना जारी रखा है, जहां से यह पहली बार शुरू हुआ था। समूह ने उस भावना को बरकरार रखा है जिसने हमेशा समावेशी विकास और समुदाय को वापस देने में दृढ़ता से विश्वास किया है। श्री अग्रवाल और ऑरिक ग्रुप रियल एस्टेट समुदाय, कर्मचारियों, भागीदारों और अन्य हितधारकों के लिए एक प्रेरणा बन गए हैं। ऑरिक ग्रुप का विकास पिछले 10 वर्षों में हरियाणा के विकास के साथ जुड़ा हुआ है।

# केंद्रीय मंत्री ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का उद्घाटन


मानव आवाज संस्था की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**गुरुग्राम।** मानव आवाज संस्था एवं कोरस बैंक्वेट की ओर से शनिवार को कोरस बैंक्वेट हॉल एमजी रोड पर नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने किया। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शिरकत की। मानव आवाज के संयोजक अभय जैन व कोरस बैंक्वेट के संचालक हेमंत वशिष्ठ ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस देशवासियों की सेहत के नाम पर मनाया जा रहा है। कहीं रक्तदान शिविर को कहीं जांच शिविर लगाये जा रहे हैं। यह अच्छी पहल है। हम सेहतमंद रहेंगे तो ही हम समाज में सही कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया हमारे देश ने बहुत तरक्की की है। पहले जिस देश में सूई नहीं बनती थी, आज अंतरिक्ष में सैटेलाइट भेज रहे हैं। देश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। केंद्रीय मंत्री ने मानव आवाज को इस शिविर के लिए शुभकामनाएं दीं। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पहले चिकित्सकों को शपथ दिलाई जाती थी कि वे इस पेशे में मानवता की सेवा के लिए आ रहे हैं, ना कि पैसा कमाने के लिए। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। हम सभी को किसी न किसी रूप में इस सेवा को बढ़ावा देना चाहिए। तभी हमारा जीवन सार्थक हो पाएगा। शिविर में डा. लीवर एवं किडनी विशेषज्ञ (जनरल फिजिशियन) केवीजीएस मूर्थी, कैंसर रोग विशेषज्ञ डा. आर्यन मित्तल, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डा. मोहित चौधरी के अलावा डा. रेखा सोनी आदि ने लोगों की जांच की।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 23 सितंबर से शुरू

## अमेजॅन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कहा, हम शानदार फेस्टिव सीजन की कर रहे हैं उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। बेंगलुरू




**अमेज़ॅन** इंडिया ने अपने बहुप्रतीक्षित फेस्टिव इवेंट, द अमेजॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (जीआईएफ) 2022 को 23 सितंबर, 2022 की मिडनाइट से शुरू करने की घोषणा की, जिसमें प्राइम मेंबर्स को अर्ली एक्सेस दिया गया है। कस्टमर्स लाखों लघु मध्यम बिजनेस (एसएमबी) के प्रोडक्ट के सबसे बड़े सलेक्शन पर पहले कभी न देखी गई डील्स का आनंद ले सकते हैं।

जीआईएफ 2022 विभिन्न प्रोग्राम जैसे अमेज़ॅन लॉन्चपैड, अमेज़ॅन सहेली, अमेजॅन कारीगर के साथ-साथ सभी श्रेणियों में शीर्ष भारतीय और वैश्विक ब्रांडों के तहत अमेज़ॅन सेलर्स के प्रोडक्ट प्रदर्शित करेगा। प्राइम मेंबर्स को अर्ली एक्सेस, दो लाख से अधिक लोकल स्टोर्स की भागीदारी, पूरे भारत में सभी सेवा योग्य पिन कोड पर डिलीवरी की सुविधा दी जाएगी। अमेजॅन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने इस घोषणा पर कहा, हम एक शानदार फेस्टिव सीजन की उम्मीद कर रहे हैं। इस फेस्टिव सीजन में हमारे सेलर्स और पार्टनर्स पूरे भारत में कस्टमर्स की सेवा करने के लिए बेताब हैं। अमेज़ॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल कस्टमर्स को इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रॉसरी, फैशन और ब्यूटी, रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं में भारत के सबसे बड़े सलेक्शन से खरीदारी करने की पेशकश करेगा।

इस साल, हम लाखों सेलर्स की मदद से अपने कस्टमर्स की सेवा करने के लिए उत्साहित हैं, जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों, दो लाख स्टोर्स शॉप्स के प्रोडक्ट, पारंपरिक कारीगरों और बुनकरों के प्रोडक्ट और विभिन्न स्टार्टअप के नवीन प्रोडक्ट ऑफर करते हैं। हम भारत के सभी सेवा योग्य पिन कोड में जल्दी और सुरक्षित तरीके से 2000 से अधिक नए प्रोडक्ट और डिलीवरी प्रोडक्ट लॉन्च करने के लिए लोकप्रिय ब्रांडों के साथ पार्टनरशिप करके खुश हैं।

# दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरनाक हैं शहर की सड़कें

कविता। फरीदाबाद

**शहर** को कागजों में स्मार्ट सिटी का दर्जा दे दिया। जिसमें सड़कों और इमारतों की सुंदरता को दर्शाया जा रहा है। इसी कारण सड़कों पर ट्रेफिक रूल्स तोड़ने के जुर्म में सरकार लाखों रुपये वसूल रही है। लेकिन स्मार्ट सिटी की सड़कों के बीचों-बीच मौजूद गड्ढ़ों के कारण वाहन चालकों को जो परेशानी हो रही है और उससे उनकी जान जोखिम में पड़ रही है। इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

सड़कों के बीच मौजूद गड्ढ़ों से दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। उन्हें

### जाम, खुले मैनहॉल और गड्ढों के बीच मुश्किल से बचा रहे अपनी जान

अपनी जान तक जोखिम में डालनी पड़ रही है। ऐसा ही अनाज मंडी वाले रोड़ पर देखने को मिला। जहां एक बुलेट सवार व्यक्ति मुश्किल से बचा।

**मुश्किल में पड़ गई जान:** पायनियर संवाददाता को संजय कालोनी निवासी सुरेन्द्र ने शनिवार का अपना अनुभव शेयर करते हुए बताया कि आज उनकी जान को



आगे-पीछे ट्रेफिक और गड्ढा, मुश्किल से सुझबुझ से जान बचाते हुए बाईक सवार सुरेन्द्र।

खतरा था। मुश्किल से वह बच पाए। उन्होंने बताया कि वह फरीदाबाद से गुरूग्राम जॉब करते है। सुबह और शाम के वक्त ट्रेफिक होता है। इसी दौरान उनकी बाइक अनाज गोदाम के निकट डबुआ सब्जी मंडी के निकट सड़क के बीचोबीच मौजूद सीवरेज के गड्ढ़े में फंस गई। जिससे वह गिरते-गिरते किसी तरह संभले। इस दौरान उनके आगे और पीछे गाड़ियां काफी स्पीड में थीं। उन्हें सड़क पर रूकते ही एक सैकेंड को ऐसा लगा कि उनकी जान खतरे में है। लेकिन किसी तरह से वह मुश्किल से बच निकले।

**अन्य सड़कों पर भी खतरा:** पायनियर ने पिछले दिनों अपने अंक में प्रकाशित किया था कि सड़कों पर सीवरेज के ढक्कन सड़कों से नीचे है और जगह-जगह खरतनाक स्पीड ब्रेकर हैं, लेकिन इस ओर प्रशासन ने आज तक ध्यान नहीं दिया। जबकि इन स्पीड़ ब्रेकरों से लोगों को जान का खतरा है। एक स्पीड़ ब्रेकर से करीब एक दर्जन बाइक सवार घायल हुए थे। जिसे हटाकर खानापूर्ति कर दी गई थी। लेकिन शहर की अन्य सड़कों के गड्ढ़े और सीवरेज के गड्ढ़े ऐसे ही बने हुए हैं। सबसे अधिक खतरनाक सेक्टर-23 स्थित बिजली दफ्तर के निकट स्थित मैनहॉल है। वह रोड मुजेसर थाने की तरफ जाता है, वहां लोगों को अधिक परेशानियां झेलनी पड़ती है।

# नशे के सौदागर मां-बेटों की अवैध सम्पतियों को पुलिस ने किया ध्वस्त

### कृष्णा कालोनी में हूडा की 500 वर्गगज जमीन पर किया हुआ था कब्जा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अपराधियों** पर शिकंजा कसने के लिए फरीदाबाद पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। सरकार के आदेश अनुसार फरीदाबाद पुलिस ने इसी क्रम में आज बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को आज सेक्टर 20 कृष्णा कॉलोनी में अवैध तरीके से कमाई करके बनाई गई इमारत को ध्वस्त किया है। इस अवसर पर उच्च अधिकारियों सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। जिनकी देखरेख में तोड़फोड़ की सारी कार्रवाई शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न की गई।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस पिछले कई दिनों से अपराधियों पर आर्थिक



कृष्णा कालोनी में अपराधियों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटाती जेसीबी।

रूप से कड़ा प्रहार कर रही है। आसानी से कोई भी अपराधी अपराध की दुनिया को छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता। इसलिए पुलिस द्वारा अपराधियों पर आर्थिक प्रहार करके उनके अवैध धंधों को गहरा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में आज पुलिस चौकी सेक्टर 11 एरिया की कृष्णा कॉलोनी में महिला अपराधी माया व उनके दो बेटों अरुण व तरुण द्वारा अवैध शराब, जुआ, लड़ाई झगड़े व नशा तस्करी से करके अवैध रूप से कमाई गई संपत्ति को ध्वस्त किया गया है। महिला अपराधी माया के खिलाफ अवैध शराब व एनडीपीएस के 12, अपराधी अरुण के खिलाफ जुआ, अवैध शराब व एनडीपीएस के 14 तथा तरुण के खिलाफ लड़ाई झगड़ा, एनडीपीएस व अवैध शराब के चार मुकदमे दर्ज हैं।

माया इससे पहले अजरौंदा में रहती थी 15 वर्ष पूर्व माया के पति का देहांत होने के पश्चात वह कृष्णा कॉलोनी में आकर हुड्डा की जमीन पर अवैध कब्जा करके झुग्गियां बनाने लगी और इसे बढ़ाते बढ़ाते करीब 500 गज भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया। अवैध कब्जे की भूमि पर उन्होंने अपना मकान तथा किराए के लिए कमरे बनाए रखे थे जिससे आरोपियों द्वारा किराया वसूला जाता था। आरोपी पिछले करीब 6-7 साल से अवैध शराब तथा अवैध नशा बेचने का काम करते हैं तथा आरोपी इसके साथ साथ सट्टाखाई का अवैध धंधा करता है। आरोपी मामलों में जेल की सजा भी काट चुके हैं और कुछ मामले अभी विचाराधीन है परंतु अपराधी अपनी हरकतों से बाज नहीं आते और बाहर आने के पश्चात फिर से अवैध काम करने शुरू कर देते हैं।

फरीदाबाद पुलिस की अपराधियों को कड़े शब्दों में चेतावनी है कि या तो वह गलत धंधे छोड़कर कोई अच्छा काम शुरू कर दें। पुलिस द्वारा अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों की सूची तैयार की जा रही है जिनके खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई इसी प्रकार जारी रहेगी।

# सस्पेंड टीचर पर मुकदमा न दर्ज करा किया बहाल

**फरीदाबाद।** भ्रष्टाचार के मामले में फंसी जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी अभी सुर्खियों में बनी हुई हैं। अब शिक्षा विभाग में एक और काम अनोखा हो गया। सेहतपुर गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बिल्डिंग और स्टेशनरी की राशि को गबन करने के आरोप में सस्पेंड हुए टीचर यतिंद्र शास्त्री को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जोकि डीईओ भी है, ने बहाल कर दिया है। उनका लकड़पुर गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ट्रांसफर हुआ है।

यह बात पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। वर्ष 2008 से 2012-13 में सेहतपुर के स्कूल में 18 कमरों की एक बिल्डिंग बनकर तैयार हुई थी। इस बिल्डिंग के अलावा शौचालय, दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए अलग शौचालय और किचन बनाने थे। ये तीनों अधूरी है और ये सब कागजों में बन गए हैं। उस समय डीडी पावर के साथ प्रिंसीपल का काम अध्यापक यतिंद्र शास्त्री कर रहे थे। बिल्डिंग में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग कर करीब 60 लाखों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया था। यह मामला चर्चा में आने के बाद ग्रामीण भूपेंद्र सिंह ने सीएम विंडो लगाई और इस मामले में

### सीएम के ओएसडी के आदेश पर भी आरोपी के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई



दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, शिक्षा विभाग और मौलिक निदेशक कार्यालय के अधिकारियों की अनदेखी और आरोपी लोगों का साथ देने के चलते कार्रवाई ढीली चलती रही। इस बीच ओएसडी भूपेश्वर दयाल ने यतिंद्र शास्त्री के खिलाफ मामला दर्ज करने और रिकवरी करने के लिए कहा था, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। वहीं इस मामले के शिकायतकर्ता भूपेंद्र भी शांत नहीं बैठे और उन्होंने यह मांग लगातर उठा कर रखी। शिक्षा विभाग, निदेशालय की ओर से इस मामले में यतिंद्र के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन



राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

**फरीदाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय फरीदाबाद में विज्ञान विभाग एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधन में स्लोगन लेखन तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 36 छात्राओं ने हिस्सा लिया। पोस्टर मेकिंग में सोनी सारस्वत बीएससी तृतीय ने प्रथम पूजा बघेल ने द्वितीय दीपांशी ने तृतीय तथा प्रियंका नें चौथा स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतियोगिता स्लोगन लेखन में अनु ने प्रथम, नीतू वर्मा ने द्वितीय काजल ने तृतीय तथा कीर्ति ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ नरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस तरह कि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने सभी विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा। इस मौके पर महाविद्यालय के डॉ नेहा अग्रवाल, मोनिका डॉ वर्षा शर्मा, चंचल शर्मा, पूनम शर्मा, अनुज तथा अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# हरियाणा की वेब सीरिज कॉलेज कांड की हुई भव्य स्क्रीनिंग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणवी** बोली को समर्पित स्टेज ऐप द्वार गुड़गांव के एपिक सेंटर में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक राजेश बब्बर और प्रवेश राजपूत द्वारा क्रिएटेड वेब सीरीज की भव्य स्क्रीनिंग की गई। वेबसीरीज में बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई है। स्टेज ऐप द्वारा निर्मित हरियाणा की सबसे बड़ी वेब सीरीज है। कॉलेज काण्ड कॉलेज की सच्ची घटनाओं पर आधारित है। वेब सीरीज में दिखाया गया है कि कॉलेज में कुछ लड़के एग्जाम पेपर लीक, रैगिंग, नशे, गुंडागर्दी जैसी घटनाओं में संलिप्त है। इसी कॉलेज में एक बड़ा काण्ड हुआ है। जिसकी जांच-पड़ताल का जिम्मा एक सनकी पुलिस अधिकारी को दिया गया है। जिसकी भूमिका यशपाल शर्मा निभा रहे हैं। पिछले दिनों करनाल के एक मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के चलते एक छात्र ने आत्महत्या कर ली थी, ऐसी घटनाओं पर लगाम लगे और जागरूकता के लिए यह वेबसीरीज बनाई गई है।

प्रेसवार्ता के मौके पर यशपाल शर्मा ने कहा कि स्टेज ऐप ने हरियाणा में सिनेमा जगत में क्रांति ला दी है। आज हजारों युवाओं को स्टेज ऐप के जरिए फिल्म और कला के क्षेत्र में रोजगार मिल रहा है। फिल्म के निर्देशक राजेश अमरलाल बब्बर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि



स्टेज ऐप ने हरियाणवी बोली को सम्मान दिलवाने का काम किया और साथ ही अपनी बोली में काम करने वाले युवाओं को अब मुंबई जाने की जरूरत नहीं है। अपने ही राज्य में फिल्म के क्षेत्र में स्टेज एप ने ऐसी शुरुआत कर दी है जिसका उदाहरण दूसरे राज्यों को भी लेना चाहिए।

स्टेज के संस्थापक विनय सिंघल ने कहा कि एक समय था जब हरियाणा का युवा अपनी बोली में बात करने में हिचकिचाता था, लेकिन आज बॉलीवुड में भी हरियाणवी बोली डंका बज रहा है। कॉलेज कांड में वेब सीरीज में हरियाणा के नामी कलाकार योगेश भारद्वाज , कुलदीप शर्मा , संदीप शर्मा , शिवम, कबीर, पुष्पांजलि शर्मा, सतीश कश्यप, मोहनकांत, कुलदीप सिंह, कृष्ण मलिक अल्पना सुहासिनी, विनय छोकर, जयंत कटारिया और हरियाणा के 45 कलाकारों ने अभिनय किया है । रामपाल बल्हारा में इस पूरी वेब सीरीज का प्रोडक्शन संभाला है।

# डीसी ने की रक्तदान शिविर में शिरकत

**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉक्टर सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र में भारत विकास परिषद् एवं तेरापंथ युवक परिषद् फरीदाबाद द्वारा विशाल रक्त दान का आयोजन किया गया।

इस शिविर में 40 लोगों ने रक्त दान किया। इस शिविर में मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त विक्रम सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने वृक्षारोपण किया और इस संस्था द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया और उन्होंने इस संस्था के द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र से प्रोजेक्ट चेयरमैन राज कुमार अग्रवाल, अशोक गोयल, प्रदीप पड़िआ, दिनेश गर्ग, अनिल गुप्ता, सुनील गर्ग, एसएन बंसल, राकेश गुप्ता, ट्रस्टी सज्जन जैन (चेयरमैन इंडो ऑटो टेक लिमिटेड) संदीप मित्तल, उमेश अरोड़ा उपस्थित रहे। तेरा पंथ युवक परिषद् फरीदाबाद से विवेक बैद (प्रेजिडेंट) व अन्य उपस्थित रहे।

# यातायात नियम तोड़ने पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### अगस्त माह तक मोटर वाहन अधिनियम के तहत 2,13,145 चालान काटकर 7.22 करोड़ रुपये का किया जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डीसीपी** ट्रैफिक नीतिश अग्रवाल के निर्देश व एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन तथा एसएचओ ट्रैफिक दर्पण कुमार व एडिशनल एसएचओ ट्रैफिक की अगुवाई में यातायात पुलिस की टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बाटा से अजरोंदा चौक पर ट्रैफिक को देखते हुए रोड़ पर यू टर्न से जाने वाले लोगो के लिए बैरिकेड्स का प्रयोग कर डिवाईडर बनाए है। साथ ही लोगों को ट्रैफिक नियमों के सम्बंध में जागरुक करने के लिए जागरुकता रैली निकाली गई।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिन प्रतिदिन बढ़ते यातायात की वजह से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे निपटने के लिए फरीदाबाद की ट्रैफिक पुलिस का हमेशा से बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर में 111 स्थानों पर 1076 सीसीटीवी कैमरे के द्वारा निगरानी की जा रही है। शहर का यातायात, नियमों का उल्लघंन करने पर स्वत: ई- चालान काट कर पुलिस टीम द्वारा घर ई-चालान पहुंचाए जा रहे है। सीसीटीवी की मदद से हाईवे पर चलने वाले ट्रैफिक पर पूरी तरह से नजर रहती है। नागरिकों को जागरूक करने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार चालान काटे जा रहे हैं। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान काटकर उन्हें आर्थिक दंड से दंडित किया जाता है। वर्ष 2022 में अब तक यातायात पुलिस के आंकड़ों पर नजर डालें तो 213145 चालान काटकर 7,22,42,223 रुपए का जुर्माना किया गया है। इसमें स्मार्ट सिटी योजना के तहत लगे कैमरो द्वारा 76756, 110594 पोस्टल चालान तथा 102551 ई-चालान काटे गए। इन चालानों में मुख्यत: 36126 चालान ओवरस्पीडिंग, 3925 रॉन्ग साइड ड्राइविंग, 79452 चालान बिना हेलमेट यात्रा करने, 7775 चालान अवैध पार्किंग, 13558 नंबर प्लेट, 1006 प्रदूषण, 4784 चालान बिना सीट बेल्ट यात्रा करने के शामिल है। साथ ही वर्ष 2021 में 138416 चालान काटे गए थे जिसमे 29348 चालान ओवरस्पीडिंग, 22769 रॉन्ग साइड ड्राइविंग, 22038 चालान बिना हेलमेट यात्रा करने, 8906 चालान अवैध पार्किंग, 6816 नंबर प्लेट, 2604 प्रदूषण, 5916 चालान बिना सीट बेल्ट यात्रा करने के शामिल है। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं तथा मेडिकल इमरजेंसी के समय घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनको नया जीवनदान देने में भी ट्रैफिक पुलिस का अहम योगदान रहा है।

# अमृता अस्पताल में लगा रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के अमृता अस्पताल में एक विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन अमृता अस्पताल के ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग के सहयोग से किया गया। शिविर में 80+ रक्तदाताओं ने कुल मिलाकर 50+ यूनिट रक्तदान किया।

अमृता अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजीव सिंह ने कहा अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की पहल पर लगे इस रक्तदान शिविर का आयोजन करके हमें बहुत खुशी हो रही है। भारत को हर साल बड़ी मात्रा में ब्लड यूनिट्स की जरूरत पड़ती है। ऐसी पहलों से देश में ब्लड की पर्याप्त सप्लाई करने में बहुत ज्यादा मदद मिलेगी। मैं देश के युवाओं से अपील करता हूं कि वे हर साल नियमित रूप से रक्तदान करें। इससे लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को बधाई भी दी। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद में तेरापंथ के 21 से 45 वर्ष की आयु के युवा शामिल हैं और यह विश्व के रक्तदाताओं के सबसे बड़े गैर सरकारी संगठनों में शुमार किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्मदिन पर अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद ने देश भर में इस तरह के एक हजार रक्तदान शिविर लगाए।

# असम डाउन टाउन यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह



**फरीदाबाद।** लीडिंग हॉयर एजुकेशन इंस्टीट्यूट असम डाउन टाउन यूनिवर्सिटी (एडीटीयू) ने हाल ही में यूनिवर्सिटी कैंपस में 9वां दीक्षांत समारोह मनाया। असम के राज्यपाल महामहिम, प्रो. जगदीश मुखी, असम के शिक्षा मंत्री रनोज पेगु, सीएसआईआर नई दिल्ली के पूर्व डायरेक्टर जनरल डॉ शेखर सी. मंडे, विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्तियों, फैकल्टी मेंबर, छात्रों और उनके अभिभावकों के साथ इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस वर्ष कुल 1300 छात्रों और स्कॉलर ग्रेजुएट हुए, जिनमें से 1063 अंडर ग्रैजुएट , 299 पोस्ट ग्रैजुएट और 12 पीएचडी डिग्री प्रदान की गई हैं। इस कार्यक्रम में बेस्ट ग्रैजुएट- लुनास्मृत सैकिया और पोस्ट ग्रैजुएट- शाइनी अहमद को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट प्राप्तकर्ता के लिए प्रशंसा पुरस्कार शताक्षी चक्रवर्ती को मिला, और प्रेरक उपलब्धि के लिए एडीटीयू एल्युमिनी अवॉर्ड फरजाना आफरीन को मिला। असम के राज्यपाल महामहिम, प्रोफेसर जगदीश मुखी भी इसमें शामिल हुए। प्रोसेशन समाप्त होने के बाद राष्ट्रगान बजाया गया, जिसके बाद विश्वविद्यालय गान हुआ। इसके बाद, कुलाधिपति और कुलपति ने प्रमुख इंडस्ट्रीलिस्ट चिरंजीत चालिहा, प्रख्यात उद्यमी और उद्योगपति दिनेश शाहरा, और प्रख्यात चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रो. सीए (डॉ.) एम.एस. जादव को डी. लिट (मानद ) की उपाधी प्रदान की।

## संक्षिप्त समाचार

### कशिश ने शहर का नाम रोशन



**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ महावीर कॉलोनी के कशिश धमीजा ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी धनबाद की एमटेक केमिकल इंजीनियरिंग में 98 परसेंट अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान हासिल किया। झारखंड के राज्यपाल रमेश बेस द्वारा कशिश धमीजा को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। अपनी पढ़ाई के लिए कशिश धमीजा ने अपने जूनियर स्टूडेंट को क्लास देने तथा रिसर्च कार्य करने का भी काम किया। जिससे उनको यूनिवर्सिटी द्वारा स्कॉलरशिप मिलती थी। उसी स्कॉलरशिप से कठिन मेहनत के साथ यह प्रथम स्थान प्राप्त किया। और अपने परिवार का नाम रोशन किया। उसकी उपलब्धि पर बल्लभगढ़ के उदासीन आश्रम में चल रहे वार्षिक उत्सव के दौरान महामंडलेश्वर 108 डॉक्टर विवेकानंद ने अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सुरेश अनेजा, हेमंत, भीम मदान, सुमित शास्त्री, सुनील धमीजा, बंटी धमीजा ने कशिश की उपप्लब्धि पर बधाई दी।

### गुप्तदान के जरिण एक व्यक्ति ने लिया 50 क्षयरोगियों को गोद



प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिन पर बीके अस्पताल टयूबरक्लोसिस के मरीजों को राशन वितरित करती रेड क्रास की वाइस चेयमैन सुषमा गुप्ता और डाक्टर।

**फरीदाबाद।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बीके अस्पताल में ट्यूबरक्लोसिस डिपार्टमेंट ने आईएमए फरीदाबाद और रेडक्रॉस की मदद से 50 मरीजों को राशन और फल वितरण करके उनके साथ मनाया। यह राशन और दान आईएमए के जरिये एक व्यक्ति ने गुप्त दान के जरिए भिजवाया है। इस मौके पर सीएमओ डॉ विनय गुप्ता ने बताया कि मैंने भी 10 मरीजों को गोद ले रखा है। यह हमारी जिम्मेदारी है फिर मरीजों को संतुलित आहार मिलता रहे। वहीं डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर शीला भगत ने बताया की प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में मरीजों को कॉमेटी सपोर्ट ट्यूबरक्लोसिस के मरीज को हाय प्रोटीन डाइट मिलनी चाहिए। इसके लिए मरीजों को सरकार द्वारा हर महीने 500 रुपये दिए जाते हैं जोकि उनके लिए सेफीसेंट नहीं रहते हैं। जिसे देखते हुए डीजीएचएस डॉ वीणा सिंह तथा सोनिया तिरखा और स्टेट हैड ऑफिसर डॉक्टर राजेश राजू के दिशा निर्देश द्वारा यह प्रोग्राम चलाया जा रहा है। डॉ शीला भगत ने फरीदाबाद वासियों से अपील की है कि मरीजों को हाय प्रोटीन डाइट देने के लिए आगे आए। इस मौके पर रेडक्रॉस सोसाइटी से सुषमा, बिजेंद्र, डॉ महेंद्र, क्षयरोग विभाग से सुभाष गहलोत, राजकुमार शर्मा, अशोक, बिजेंदर, करण, हिम्मत सिंह, कुलभूषण, साधना, कविता, प्रीति, अनीता, सुनीता, मुकेश, सुमित आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर पौधारोपण किया




**फरीदाबाद।** विश्वकर्मा दिवस एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर लोधी राजपूत जनकल्याण समिति फरीदाबाद के कार्यालय पर मनाया गया। तदुपरांत अमर शहीद वीरांगन महारानी अवंतीबाई लोधी चौक एनआईटी फरीदाबाद में पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, प्रदेश भाजपा अनुशासन समिति की अध्यक्ष नीरा तोमर, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह, महामंत्री मनोज बलियान, पूर्व पार्षद मनोज नासवा, भाजपा नंगला मंडल अध्यक्ष कविन्द्र चौधरी, डबुआ मंडल अध्यक्ष संजीव सोम मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा, नीरा तोमर ने अवंती बाई लोधी पार्क में पौधारोपण किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक सीमा त्रिखा ने सर्व प्रथम भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि किसी भी वस्तु, भवन व अन्य निर्माणों के शुभारंभ अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। जिससे की वह वस्तु, भवन आदि पूर्ण सुनिश्चित ढंग से बन सकें। इस मौके पर सचिन तंवर, मनोज नागर, मोहित नागर, सुरेशा त्यागी, जगदीश कुमार मंडल उपाध्यक्ष, लाखन सिंह लोधी अध्यक्ष, डबुआ कालोनी ओबीसी मोर्चा समिति अध्यक्ष, रूप सिंह लोधी, भूदेव सिंह आर्य, होतीलाल लोधी, धर्मपाल सिंह लोधी, भाईलाल लोधी, ओमप्रकाश लोधी, गंभीर सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

### जूनियर रेडक्रॉस ने मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा फरीदाबाद स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश विश्व में अग्रणी नेतृत्व के रूप में निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्राचार्य के निर्देशानुसार अध्यापक राजेश भाटी ने छात्र छात्राओं की पेटिंग प्रतियोगिता का संयोजन किया। विद्यालय की जेआरसी एवम ब्रिगेड सदस्य छात्रों ने प्रधानमंत्री के चित्र, स्कैच और पेटिंग बना कर उनके दीर्घायु रहने की प्रार्थना की। विद्यालय के बच्चों ने बहुत ही आकर्षक पेटिंग बनाई तथा अध्यापकों राजीव लाल, किरण बाला, मुकेश सोरोत राजेश, पूनम रोहिल्ला, सुनील तथा अन्य अध्यापकों ने सभी बच्चों का स्वागत और अभिनंदन किया।

### फीवा कार्यकारिणी की हुई मीटिंग, लिए कई निर्णय



**फरीदाबाद।** फीवा कार्यकारिणी की बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार देर शाम होटल में आरंभ हुई। जिसमें फीवा के प्रधान आकाश गुप्ता, महासचिव गुरमीत सिंह देओल, कोषाध्यक्ष दशरथ सिंह शेखावत, सचिव संजय खट्टर, सह कोषाध्यक्ष रणजीत सिंह, संगठन सचिव सुनील जटवानी, गुरुदेव कौशिक, ऋतुराज भारद्वाज, अंकित मलिक, उमा शंकर गर्ग, महेंद्र लखानी, जीतराम वशिष्ठ, दिनेश अरोड़ा, पवन कुमार, रवि राज बैंसला, राजकुमार जिंदल, सुरेश मदान, रोहतास चहल, नरेंद्र धमीजा, राजेश चहल, राजवीर नेताजी मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में लिए गए कुछ प्रमुख निर्णय लिए गए। हूडा के पीपीएम सिस्टम में बिना वजह डीएक्टिवेट/कैंसिल प्लॉटो को एक्टिवेट/रीस्टोर/बहाल कराए जाने में आ रही लगातार समस्या के विषय में अपनी शिकायत लेकर वहां उपस्थित हुए राजेश चहल ने जब अपनी पूरी व्यथा से कार्यकारिणी के सदस्यों को अवगत कराया तो तत्काल इस विषय में समाधान के लिए निर्णय लेने हेतु 18 सितंबर दिन रविवार को ऐसे सभी पीड़ित लोगों को साथ लेकर कार्यकारिणी के सभी सदस्य प्रधान के साथ चौधरी कृष्ण पाल के कैंप कार्यालय सेक्टर 28 में दोपहर ठीक 4 बजे एकजुट होकर मिलेंगे।

### पीएम के जन्मोत्सव पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान शुरू

**बल्लभगढ़।** हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट परिवहन मंत्री शर्मा ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। वहीं बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस पूरे देश में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। जगह-जगह यह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। वहीं बल्लभगढ़ सरकारी अस्पताल परिसर में मरीजों से उनका हाल-चाल और परेशानियों को भी परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सुनकर डॉक्टरों को दिशा निर्देश दिए। बल्लभगढ़ अस्पताल में आज प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में फल वितरित करने के दौरान एक बेटी देख कर रोने लगी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बेटी की पीड़ा जानने की कोशिश भी की परंतु पीड़ा का पता नहीं लगा।

### 72वें अवतरण दिवस पर पीएम नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु की कामना

# 51 लीटर दूध से गंगा में हुआ अभिषेक और हवन-पूजन

पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी

**पीएम** नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रधानमंत्री का 72वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा है। पीएम के लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में 72 वैदिक बटुकों ने गंगा में दुग्धाभिषेक कर उनके लिए मंगलकामना की है। वहीं रक्तदान शिविर के साथ ही नमो घाट पर पीएम के चित्र को लड्डू खिलाने के बाद कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। दूसरी ओर पीएम के जन?मदिन पर बाबा विश्?वनाथ का दर्शन करने बनारस आए 40 दिल?ली की सड़क किनारे काम करने वाले लोग पहुंचे तो सभी को गोदौलिया गेट से बाबा के धाम में प्रवेश कराया गया। भाजपा महानगर कार्यसमिति सदस्य पवन शुक्ला के नेतृत्व में अहिल्याबाई घाट पर विप्र समाज व भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर दक्षिणी के विधायक व पूर्व राज्यमंत्री डा. नीलकंठ तिवारी के मुख्य आतिथ्य में 51 लीटर दूध व केशर जल से पीएम नरेंद्र मोदी के दीर्घायुष्य की कामना से अभिषेक किया।

आयोजन के प्रारम्भ में वैदिक पंडित उदित नारायण मिश्र के आचार्यत्व में षोडशोपचार पूजन किया। इसके पश्चात वैदिक सूक्त के मंत्रों से केशर जल व दूध से अभिषेक किया। इस अवसर पर डा. नीलकंठ तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की आस्था सदैव से गंगा में रही है और इसी वजह से नमामि गंगे की स्थापना की गयी है। इस दौरान लोगों ने हर हर गंगे और हर हर महादेव का उद्धोष किया। केक काटकर मनाया जन्मदिन- शनिवार को नमामि गंगे के तत्वावधान में नमो घाट पर पीएम मोदी का 72वां जन्मदिन मनाया गया।बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने बधाई हो बधाई हो मोदी को बधाई, हर हर महादेव का उद्धोष कर जन्मोत्सव मनाया।हाथों में मोदी के चित्र लेकर केक काटकर, एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी।माँ गंगा को वस्त्र समर्पित कर मोदी के दीर्घायु की कामना की।महानगर सहसंयोजक शिवम अग्रहरि ने बताया कि काशी के सांसद व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काशी व काशीवासियों से विशेष लगाव है।

विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन एक ही दिन है। दोनों ही कुशल शिल्पकार हैं। वर्तमान राजनीति में मोदी सशक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत, नवीन भारत के शिल्पकार हैं। कहा कि प्रधानमंत्री को स्वच्छता रूपी उपहार देने के लिए हम सभी निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर नमामि गंगे काशी क्षेत्र के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के दीर्घायु के लिए डॉ0 नीलकंठ तिवारी ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पं0 दीपक मालवीय के आचार्यत्व किया गया हवन पूजनवाराणसी-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर शनिवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विविध आयोजन कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की गई । प्रात: मंदिर परिसर में लघु रूद्र पाठ का आयोजन किया गया, जिसमे 21 वैदिक ब्राह्मणों ने मंदिर के अर्चक श्री टेक नारायण उपाध्याय के एवं पं0 दीपक मालवीय के आचार्यत्व में रुद्री पाठ किया गया। इसके बाद बाबा को षोडशोपचार पूजन कर जलाभिषेक किया गया। जन्मदिन के अवसर पर दो कुंतल लड्डू का प्रसाद चढ़ाया गया। प्रधानमंत्री के 72 वें जन्मदिन पर 72 बटुकों को अंग वस्त्र प्रसाद देकर सम्मानित भी किया गया। इसके पश्चात मुमुक्षु भवन में रह रहे वृद्ध जनों को भी दैनिक उपयोग की चीजें उपहार स्वरूप भेंट की गई और प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की गई।



## बरेका में जश्नः मेगा शिविर में आरपीएफ के जवानों ने किया रक्तदान



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बरेका में जश्न का माहौल है। इसको लेकर बनारस रेल इंजन कारखाना स्थित रेल सुरक्षा बल बैरक में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया है। जिसका स्लोगन है 'रक्तदान सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है' इस कैंप के माध्यम से रेल सुरक्षा बल के जवानों का यह प्रयास है कि सम्मिलित होकर जीवन बचाएं।बरेका में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत मेगा ब्लड डोनेशन शिविर में स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच भी की जा रही है। बरेका के प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. देवेश ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से रेल सुरक्षा बल बैरक में 17 सितम्बर को 'मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प' लगाया गया । इस शिविर के माध्यम से रेल सुरक्षा बल के 50 से अधिक जवानों ने रक्तदान कर पीएम के दीर्घायु होने की कामना की। कैम्प के दौरान प्रधान मुख्य रेल सुरक्षा आयुक्त, बरेका रणवीर सिंह चौहान स्वयं उपस्थित होकर जवानों का हौसला बढ़ाया और चिकित्सीय टीम के कार्यो की सराहना की रक्तदान शिविर में विशेष रूप से अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बरेका डॉ सुनील कुमार, सहायक सुरक्षा आयुक्त दीपक सिंह चौहान, जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार एवं निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल के.के सिंह उपस्थित रहे कैंप शिविर में श्री शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय (ब्लड बैंक) वाराणसी के डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता, श्रीमती वंदना शर्मा, अमित मिश्रा, विकास कुमार सिंह, नीरज सिंह,राजबली, कुमारी अंकिता, विशाल, शिवानंद का विशेष योगदान रहा।

## नेहा जोशी यशोदा की भूमिका में और आयुध भानुशाली उनके बेटे कृष्ण के रूप में नजर आएंगे

**वाराणसी।** ऐसा माना जाता है कि एक माँ और बच्चे का रिश्ता शाश्वत, नि:स्वार्थ और मजबूत होता है। हालांकि, एक माँ के प्यार और त्याग की कोई सीमा नहीं होती है, लेकिन यदि वह संतान आपके पति की नाजायज औलाद हो, तो यह एक जटिल मुद्दा बन सकता है। एण्डटीवी अपने नये फैमिली ड्रामा 'दूसरी माँ को प्रस्तुत करने के लिये पूरी तरह से तैयार है। इस शो का निर्माण जी स्टूडियोज और इसका सह-निर्माण इम्तियाज पंजाबी द्वारा किया जायेगा। इस शो से मां और बेटे की मशहूर ऑन-स्क्रीन जोड़ी की वापसी होगी। नेहा जोशी इस शो में यशोदा की भूमिका निभायेंगी और आयुध भानुशाली उनके बेटे कृष्णा के रूप में नजर आयेंगे। वहीं कई और चर्चित सितारे भी प्रमुख किरदारों को अदा करते दिखाई देंगे।दूसरी माँ उत्तर प्रदेश में अपने पति, दो बेटियों और ससुराल वालों के साथ रह रही एक महिला की कहानी है। उसकी खुशहाल और सूकून से भरी जिंदगी में उस समय एक भूचाल आ जाता है, जब वह और उसका पति अनजाने में अपने (पति के) नाजायज बेटे को गोद ले लेते हैं। इस शो में लीड किरदार यशोदा के सफर, जिसका सामना अपने पति के अतीत से हुआ है और अपने सौतेले बेटे के साथ उसके विवादित व मजबूत रिश्ते को दिखाया गया है।

## धूमधाम से मनाया मोदी का जन्मदिन

**वाराणसी।** शनिवार को श्री मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर दी 2 बाईपास रोड बजरंग नगर भदवर रोहनिया वाराणसी के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम नमो नमो मोर्चा उत्तर प्रदेश एवं मंडल वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में काशी के लोकप्रिय जनप्रिय सांसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन बहुत धूमधाम एवं हर्षउल्आस मनाया गया जिसमें मनोकामना पूर्ण हनुमान जी श्रृंगार एवं रुद्राअभिषेक एवं हवन यज्ञ का कार्यक्रम किया गया जिसका'आचार्य वैदिक पं श्री अमित कुमार पाण्डेय जी के आचार्यत्व सम्पन्न कराया गया । नमो नमो मोर्चा के प्रदेश महासचिव गिरीश कुमार दुबे की अध्यक्षता में प्रदेश के उपाध्यक्ष श्री राजेश कुमार दुबे जी प्रदेश के सचिव श्री प्रमोद चौबे जी प्रदेश के कोषाध्यक्ष सुनील तिवारी जी प्रदेश संयोजक मंत्री आचार्य पं अमित कुमार पाण्डेय वाराणसी मंडल वाराणसी के अध्यक्ष श्री संजय कुमार मिश्रा जी वाराणसी मंडल वाराणसी कि मीडिया प्रभारी श्री गोपाल दुबे जी अंजू देवी जी प्रदेश सचिव श्री मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर के व्यस्थापक श्री बलदाऊ दुबे जी पं शिवनारायण दुबे श्री रामाश्रय दुबे जी त्रिलोकी नाथ दुबे शिवम दुबे जी करण दुबे जी आयुष दुबे आर्यन दुबे आकाश दुबे एवं समस्त ग्रामवासी समानित क्षेत्र वाशी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मोत्सव हर्ष उलास खुशी आनंद के साथ दिर्घायु यशवी होने का कामना के साथ मिठाई खिलाकर मनाया गया सभी लोग उपस्थित रहेंगे

## दलित युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**बलिया।** बलिया जिले के भीमपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में 20 वर्षीय दलित युवती के साथ कथित रूप से दो युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी दोनों युवकों को शनिवार को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) शिव नारायण वैस ने शनिवार को दर्ज कराई गई शिकायत के हवाले से बताया कि भीमपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीय दलित युवती के साथ बृहस्पतिवार की शाम दो युवकों सतीश व सचिन ने सामूहिक बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने युवती के साथ मारपीट की तथा उसे अपशब्दों कहने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि घटना के समय युवती शौच के लिए गई थी। उन्होंने बताया कि युवती की मां की तहरीर पर शनिवार को सतीश व सचिन के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता एवं अनुसूचित जाति-जनजाति निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। वैस ने बताया कि दोनों आरोपियों की उम्र 20 से 21 वर्ष है। पुलिस ने युवती को चिकित्सीय जांच के लिए भेज दिया है।

## करंट से दो सगे भाइयों की मौत

**बलरामपुर।** जिले के महराजगंज तराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को करंट की चपेट में आने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य जोखू यादव का बेटा अनूप यादव (33) खेत में बिजली पहुंचाने के लिए लगा लकड़ी का खंभा गिर जाने के बाद उसे उठाने गया था, तभी करंट की चपेट में आ गया। उन्होंने बताया कि छोटे भाई के करंट की चपेट में आते देख बड़ा भाई वीरेंद्र यादव उसे बचाने दौड़ा और इस प्रकार दोनों भाई करंट की चपेट में आ गए। सूत्रों ने बताया कि मौके पर मौजूद भाई सुरेंद्र यादव ने शोर मचाया, तब मौके पर गांव वाले पहुंचे और दोनों को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर समाजवादी पार्टी के विधायक एसपी यादव अस्पताल पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उंन्हे ढांढस बंधाया। उन्होंने सरकार से मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए बतौर मुआवजा देने की मांग की। पुलिस क्षेत्राधिकारी राधारमण सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## बदायूं में दलित किशोरी का शव मिला

### दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप

**बदायूं।** जिले के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में एक दलित नाबालिग किशोरी का शव रेलवे स्टेशन के पीछे जंगल से पुलिस ने बरामद किया है। किशोरी के परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। हालांकि इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी और उसके बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है। पुलिस के अनुसार फैजगंज बेहटा थाना इलाके के एक गांव में रेलवे स्टेशन के पीछे 15 वर्षीय दलित किशोरी का शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने उसे बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। मृतका की मां ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में आरोप लगाया कि उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया गया है और इस साजिश में पुलिस चौकी का स्टाफ तथा बैंक के बाहर ड्यूटी करने वाले गार्ड सभी शामिल हैं। पीड़िता की मां ने कहा कि उसकी लड़की के कपड़ो को देखने के बाद ऐसा लग रहा है कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस बिना सूचना दिए शव उठा लाई और हमलोगों को उसकी शिनाख्त करने के लिए बदायूं पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। लड़की के चाचा ने बताया कि हमें एक पुलिसकर्मी ने सूचना दी कि आपकी बेटी का एक्सीडेंट हो गया है और हम जब मौके पर पहुंचे तो वहां लाश नही थी। पता चला कि शव बदायूं भेज दिया गया है।

उन्होंने भी दोहराया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। पीड़िता के चाचा ने कहा कि हमारे गांव से घटना स्थल की दूरी डेढ़ किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से सारे सबूत मिटा दिए और हमें आशंका है कि लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ओपी सिंह ने बताया कि संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है और इस मामले में कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के एक पैनल से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और पूरी पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। एसएसपी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में धाराएं बढ़ा कर कार्वाई की जाएगी और यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसे गिरफ्तार कर घटना का शीघ्र अनावरण किया जाएगा। परिजनों द्वारा स्थानीय पुलिस चौकी और बैंक में तैनात गार्ड पर संलिप्तता के आरोप लगाए जाने के सवाल पर एसएसपी ने कहा कि परिजन जो आरोप लगा रहे हैं उन्हें भी विवेचना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और उसके बाद ही इस मामले पर कुछ कहा जा सकता है।

बनारस रेल इंजन कारखाना

## धूमधाम से हुआ भगवान विश्वकर्मा का पूजनोत्सव




**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना में शिल्?प, कला और निर्माण के अधिष्?ठता भगवान विश्?वकर्मा का पूजनोत्?सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अंजली गोयल ने बरेका अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भगवान विश्?वकर्मा पूजनोत्?सव की शुभकामनाएं दी।इस पावन अवसर पर बरेका कर्मचारियों द्वारा काविड प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने कर्मशालाओं और कार्यस्?थलों को साफसफाई के साथ फूल-पत्तियों एवं रंग-बिरंगे झंडियों एवं आकर्षक विद्युत लाइटों से सजाकर अपने इष्?टदेव आदिशिल्?पी भगवान विश्?वकर्मा की अत्?यंत ही सुन्?दर चित्र लगायी गयी तथा भक्ति, निष्?ठा एवं विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गयी।आजादी के अमृत महोत्सव के रंग में डूबा हुआ बरेका का विश्वकर्मा पूजा दिखा जिसकी छटा देखते ही बनती थी। विदित हो कि संपूर्ण पर्यावरण के प्रति सचेत सामाजिक जिम्?मेदारियों को निभाते हुए संपूर्ण बरेका परिसर में भगवान विश्?वकर्मा की मूर्तियों की स्?थापना न कर उनकी जगह चित्रों की पूजा की गयी। विशेष तौर पर लोको एसेम्?बली शॉप, ट्रैक्?शन एसेम्?बली शॉप, टूल रूम, ट्रक मशीन शॉप, लोको टेस्?ट शॉप, न्?यू ब्?लॉक शॉप, इंजन डीविजन, सी टी एस, स्?टोर डिपो, विद्युत एवं सिविल अनुभाग के अतिरिक्?त टीटीसी में भागवान विश्?वकर्मा पूजनोत्?सव आकर्षक सजावट के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, जो देखते ही बनता था। इस अवसर पर प्रमुख मुख्?य विद्युत इंजीनियर एस. के. श्रीवास्?तव, मुख्?य विद्युत इंजीनियर एम. के. गुप्ता, मुख्?य विद्युत इंजीनियर लोको अरूण शर्मा, मुख्?य यांत्रिक इंजीनियर उत्?पादन सुनील कुमार, जन सम्?पर्क अधिकारी राजेश कुमार सहित काफी संख्?या में अधिकारी उपस्थित थे।पूजे गए शिल्पी विश्वकर्मा भगवान- विश्वकर्मा पूजा को लेकर क्षेत्र के सभी बाजारों में शनिवार को पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार भीड दिखाई दिया। जहां लोग एक तरफप्रतिमा की खरीददारी तो दूसरी तरफफल फूल और पूजा के अन्य सामाग्री को लेकर बाजारों में कुछ चहल पहल लगा रहा। जिसे देखो वही भगवान विश्वकर्मा पूजा आराधना करने में लगा रहा, भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करने से पहले लोग अपने अपने कल कारखानों की साफसफाई करने के साथ ही अपनी औजारों को भी साफकर के शिल्पीकार के प्रतिमा के पास रखकर पूजापाठ करते रहे।वहीं दूसरी तरफभगवान विश्वकर्मा की पूजा क्षेत्र के बिजली उपकेन्द्र कूडी अनेई सातो महुआ सहित जल निगम केन्द्र बसनी बडागांव विराव अनेई के सभी कर्मचारियों द्वारा सादगी के साथ मनाया गया।

## मथुरा में अधिवक्ता की हत्या करने के मामले में पांच को आजीवन कारावास

**मथुरा।** मथुरा की एक अदालत ने पांच वर्ष पूर्व अधिवक्ता की गोलियों से भून कर हत्या करने के मामले में दो भाइयों समेत चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा 17-17 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है, जबकि एक अन्य आरोपी को उम्रकैद साथ 18 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा दी है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता भीष्म दत्त सिंह तोमर ने शनिवार को बताया कि यह मामला 26 अक्टूबर, 2017 का है। उन्होंने बताया कि वृन्दावन कोतवाली क्षेत्र के रामनगर निवासी अधिवक्ता गोपाल सिंह रात को भोजन करने के पश्चात रात साढ़े नौ बजे के करीब अपने पुत्र हेमंत के साथ घर के बाहर टहल रहे थे, तभी पांच नामजद लोगों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर उनकी हत्या कर दी। तोमर ने बताया कि इस मामले में उनके पुत्र हेमंत ने दो भाइयों नंदलाल उर्फ कन्नू व वीरेंद्र, गोविंद , रिंकू, रूपा निवासीगण गांव राजपुर, कोतवाली वृन्दावन के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। उन्होंने बताया कि इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (तृतीय) में न्यायाधीश संतोष कुमार ने की। बृहस्पतिवार को फैसला सुनाते हुए उन्होंने सभी पांचों अभियुक्तों को दोषी करार दिया। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश ने शुक्रवार को सभी अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं 17-17 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। उन्होंने कहा कि इनमें से गोविंद को आजीवन कारावास के साथ 18 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। गोविंद इस समय पहले से ही जेल में हैं, जबकि चार अन्य इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत पा चुके थे। न्यायाधीश ने सभी अभियुक्तों को समय रहते समर्पण के पश्चात जेल भेजने के आदेश दिए हैं।

## बरेली में सेना का फर्जी अधिकारी गिरफ्तार

**बरेली।** उत्तर प्रदेश की बरेली पुलिस ने यहां सैन्य क्षेत्र में घूम रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया जो खुद को सेना का लेफ्टिनेंट बता रहा था लेकिन जब आर्मी इंटेलिजेंस से उसकी तहकीकात की गई तो वह फर्जी निकला। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बरेली थाना कैंट पुलिस ने फर्जी लेफ्टिनेंट को गिरफ्तार कर उसके पास से राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के फर्जी प्रपत्र आदि बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ कैंट पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया है। कैंट प्रभारी निरीक्षक बलबीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली थी कि यहां जाट रेजीमेंट सेंटर में चल रही अग्निवीर भर्ती प्रतियोगिता में सेना का फर्जी अधिकारी बन कर एक व्यक्ति भर्ती लेने आए युवकों से रकम ऐंठने के लिए घूम रहा है।

# हौसलों के दम पर तस्वीर बदलने की मुहिम

आलोक निगम। बांदा

**सारे** मिथक टूट गए, प्रशासनिक जिम्मदारियों से इतर सामाजिक ताने-बाने को सहेजने की धुन और हर कदम पर कामयाबी की इबारत लिखने की ललक ने यहां के जिलाधिकारी अनुराग पटेल को न केवल कामयाबी की कतार में लाकर आगे खड़ा कर दिया, अलबता उनके हौसलों की मिसाल हमेशा मशाल बनकर जलती रहेगी। उनके एक साल के बेमिसाल कार्यकाल को लेकर मिले सम्मान ने उनके इस इरादे को अब सातवें आसमान पर पहुंचा दिया।

डीएम अनुराग पटेल ने मोर्चा संभाला तो सूखी बुंदेलखंड की धरती पर जलसंरक्षण की जुगत कोलेकर मुहिम छेड़ दी। यहां जब भी तालाबा लबालब होंगे और नदियां कलकल करतीं शोर मचाएंगी यहां के लोगों की जुबान पर अनुराग पटेग का जरूर आएगा। शिक्षा हो स्वास्थ्य हो या फिर जनकल्या!ा की योजनाएं डीएम ने हर स्तर पर अपने फैसलों और प्रयासों की अमिटट छाप छोड़ी।

उन्होंने पृथ्वी दिवस के मौके पर 22 अप्रैल को जल संचय-जीवन संचय अभियान छेड़ कर आधा सैकड़ा तालाबों और विलुप्त



प्राय गहरार व चंद्रावल नदियों के पुर्नजीवन की मुहिम चलाई। इस मुहिम में उनके साथ जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद समेत विधायक, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान समेत गांव के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं डीएम अनुराग ने बड़ोखर खुर्द के मटौंध ग्रामीण स्थित 123 बीघा रकबे में फैली मरौली झील का जीर्णोद्धार शुरू किया। इतना ही नहीं आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश के प्रधानमंत्री ने जिले के 75 तालाबों को अमृत सरोवरों के रूप में विकसित करने का लक्ष्य दिया तो डीएम अनुराग ने लक्ष्य के सापेक्ष 201 तालाबों को अमृत सरोवर बनाने

**बांदाः एक साल के कार्यकाल में डीएम अनुराग पटेल ने अपने मुहिम से पेश कीं कई मिसालें-कई मोर्चों पर चलाए गए अभियान से विकास की तस्वीर बदलने की अनोखी कोशिश**

का फैसला किया।

**अमृत सरोवरः** जनपद मे ''विश्व पृथ्वी दिवस'' के अवसर पर जिलाधिकारी अनुराग पटेल के निर्देशन एव ं न ेतृत्व मे ं 50 तालाबा ें की खुदाई का कार्य ''जल

**संचय-जीवन संचय''** अभियान के अर्न्तगत शुरू किया गया। यह अभियान बुन्देलखण्ड़ क े बॉ ंदा जनपद क े लिए एक संजीवनी की तरह था।

**''नव ेली बुन्देली'':** जनपद में ें ''नवेली बुन्देली'' नाम से अभिनव पहल दिना ंक 25 दिसम्बर, 2021 का े पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी



बाजपेई जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर प्रारम्भ की गयी ह ै।


**पाठन-पोषण अभियानः** जिलाधिकारी द्वारा जनपद बाँदा में प्राथमिक आ ैर उच्च प्राथमिक विद्यालया ें में पढ़ने वाल े बच्चों का शैक्षिक स्तर बढ़ान े तथा पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण गतिविधियों का े सुचारू रूप से संचालित कराने ह ेतु ' 'प्रशासन- पाठन-पा ेषण'' नामक अभिनव पहल की गयी।

**''साक्षर प्रधान-गा ंव की शान'':** जिलाधिकारी बॉंदा द्वारा जनपद में 58 निरक्षर ग्राम प्रधाना ें जिनमें 53 महिलाऐं ह ैं, का ेसाक्षर बनान े ह ेतु ''साक्षर प्रधान-गा ंव की शान'' नाम से अभिनव पहल 01 दिसम्बर, 2021से प्रारम्भ की गयी ह ै। इसमें सभी प्रधाना ें का े रात्रि व दिन में पढाने की व्यवस्था की गयी ह ै।

**'स्कूला चलो अभियानः** स्कूलो चलो अभियान के अर्न्तगत प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष छात्र-छात्राओं के नवीन नामा ंकनमें शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है।

### शान और सम्मान का तमगा

एक साल के छोटे से कार्यकाल में जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में नई इबारत लिखी तो उनके कार्यों की गूंज प्रदेश सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक पहुंची। प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुंदेली भूजल पंचायत में भागीरथ सम्मान देकर सम्मानित किया, वहीं 22 जुलाई को भूजल सप्ताह के समापन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। जबकि हाल ही में जिलाधिकारी अनुराग पटेल के उत्कृष्ट कार्यों के लिए जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार ने वाटर हीरो सम्मान से नवाजा है।




## मजबूर मंत्री



सरकार में एक मंत्री जी अपने ही विभाग के अधिकारी से कुछ कहने में संकोच करते थे लेकिन सरकार के चार माह से अधिक का समय पूरा होने के बाद उनका तबादला हो गया और मंत्री जी के विभाग में एक नए साहब आ गए। इन नए साहब के साथ साथ एक सचिव महोदय भी आ गए। अब मंत्री के विभाग में दो प्रमुख अधिकारी हो गए हैं। मंत्री जी पहले ही काफी झिझक और संकोच करते थे। अब दोनों अधिकारियों के आगे अपनी मनमर्जी नहीं चला पाते हैं। दरअसल मंत्री जी प्रदेश में लघु उद्योग को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। एक तो वह संगठन के मूल काडर के नहीं हैं। इसलिए वह अंदर ही अंदर काफी चिंतित रहते हैं। दूसरा अभी हाल ही में एक मामले में कोर्ट में जो फाइल लेकर भागने की घटना हुई वह भी मंत्री जी को अंदर ही अंदर चिंतित किए रहती है। अब मंत्री जी के विभाग में स्वास्थ्य महकमे से एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आ गए हैं। यही नहीं पिछली समाजवादी पार्टी सरकार में प्रमुख पद रहे एक अन्य अधिकारी को भी इस विभाग में सचिव बनाकर भेज दिया गया है। इस वजह से मंत्री जो चाह रहे थे कि वह अपने हिसाब से विभाग को चलाएंगे वह हो नहीं पा रहा है। पहले भी नहीं हो पा रहा था और अधिकारियों के तबादलों के बाद भी जो अधिकारी इनके विभाग में भेजे गए हैं उनके काम करने के तौर तरीके से मंत्री जी अपने आप को असहज महसूस करने लगे हैं लेकिन मजबूरी यह है कि अब जैसा अधिकारी कहते हैं मंत्री जी वैसा ही करते हैं।

## यह दिल लगता नहीं...

काफी सीधे हैं। वीर भी हैं। जय जयकार भी रहती है। कुल मिलाकर जय वीर हैं फिर भी हर समय डरे सहमे दिखाई पड़ते हैं जैसे किसी ने उनके हाथ बांध दिये हों या कोई इनकी कुर्सी छीने लिए जा रहा हो। आसपास रौनक भी दिखाई नहीं पड़ती है। मायूसी सी रहती है जबकि बड़े महाराज ने इन्हें खुशनुमा महकमा दे रखा है। आराम से घूमो, फिरो। खाओ पियो। फिर भी पता नहीं क्यों दबे दबे से उदास से दिखाई पड़ते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि या कुछ करना चाह रहें हो पर कर न पा रहे हों या फिर महकमे को मनमाफिक चला न पा रहे हों। चलने से याद आया। यह वीर पुरुष अपने महकमे को चलाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्र से कुछ आदमी भी बुला लिए हैं कि महकमा ठीक से चलवाओ और कुछ कर जाओ। परंतु संकट यह है कि बड़े महाराज ने महकमे के सबसे ऊंचे ओहदे पर मिश्री की तरह मीठे एक ऐसे अधिकारी को बैठा दिया है जो हर मामले में क्वायरी लगाये रहता है। कुल मिला कर वह वीर पुरुष के लिए महकमे में बाधा बना बैठा है। जय से वीर बने पुरुष के लिए शायद यही दुख का सबसे बड़ा कारण है। समस्या यह भी है कि अब वह यह व्यथा सुनाएं तो किसे सुनाएं। अधिकतर उनके सहयोगियों की भी यही पीड़ा है।

## बड़े बोल मत बोल



एलडीए कर्मचारी संघ के माननीय नेता जी अपनी ही बयानबाजी से बुरे फंस गए। हजरतगंज में लेवाना सुईट्स में आग लगने के बाद मीडिया से एलडीए के उच्च अधिकारियों पर नेता जी ने बड़े बोल बोले। उन्होंने अधिकारियों पर अपने को बचाने और छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई डालने का बयान दिया था। नेता जी ने वाहवाही में बड़ा बयान दे डाला, लेकिन फिर क्या था साहब नाराज हो गए। इनके बयान को आचरण नियमावली का उलंघन माना गया। उलंघन पर नेता जी का निलंबन कर अनर्गल बयानबाजी से बाज आने का संदेश एलडीए ने दूसरे माननीय नेता को भी दे दिया। बेचारे नेता जी चले थे अपनी टीआरपी बढ़ाने लेकिन पड़ गया उलटा। नेजा जी अपने पदाधिकारियों को साथ में लेकर वीसी के पास पहुंच गए। लाख जतन किया पर साहब नहीं पिघले। कार्रवाई होने के बाद दूसरे नेता अपनी टीआरपी को पीछे छोड़ अधिकारियों की गणेश परिक्रमा करने में जुट गए।

## फाइली नेता

गठबंधन में नेता बने बाद में सरकार में महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले नेताजी की बात फाइलों में तो आ जाती है पर धरातल पर कब आएगी यह कोई नहीं जानता। सरकार के 100 दिन के एक्शन प्लान के तहत मंत्री जी ने घोषणा की थी कि सरकार एक रुपये में एसटी छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई कराएगी। इसमें हॉस्टल से लेकर सब कुछ शामिल रहेगा। नेताजी की बात तो सुर्खियां बन गई पर अभी तक कोई भी एक्शन प्लान नहीं बन पाया है। अभी पिछले दिनों एक मुलाकात में तकनीकी शिक्षा के अगुआ बने फिर वीसी रहे साहब से यही सवाल दोहराया गया कि इसमें क्या हो रहा है। वीसी साहब के पास कुछ तो था नहीं सो उन्होंने यह कहकर पिंड छुड़ाया कि इस मामले में फलां तारीख को बैठक है मंत्री जी के साथ। बैठक में तय हो जाएगा। जबकि हकीकत यह है कि इस दिशा में मंत्री जी का विभाग एक कदम भी नहीं चला है। अगर चला होता तो न जाने कितने एक्शन प्लान व गाइडलाइन सुर्खियों में आ जातीं। शायद विभाग को अब साल पूरे होने का इंतजार हो।

## बंदर के हाथ में उस्तरा

चर्चित कहावत है कि बंदर के हाथ उस्तरा नहीं लगना चाहिए। कहावत का अभिप्राय यह है कि किसी अपरिपक्व व्यक्ति के हाथ में असीमित अधिकार नहीं आने चाहिए। अगर ऐसा होता है तो वह अपनी शक्तियों का सदुपयोग न करके दुरुपयोग कर सकता है और दूसरों के लिए यह हानिकारक हो सकता है। इस कहावत को वर्तमान में खाकी महमके के ट्रैफिक कर्मी बखूबी चरितार्थ कर रहे हैं। बड़े शहरों में ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम पूरी तरह से आनॅलान हो चुका है। चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम में ही बैठे-बैठे यातयात का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का चालन किया जा रहा है, लेकिन अफसोस यह कि इस जिम्मेदारी को वहन करने का जिम्मा खाकी महकमे के उन दारोगा और सिपाहियों को दे रखा गया है जो पीएसी अथवा सशस्त्र पुलिस से ट्रैफिक में आए हैं और जिन्हें केवल लाठी-डंडे और बंदूक की ही समझ है और उन्हें तीन-तीन दिन की ट्रेनिंग देकर कम्प्यूटर पकड़ाकर आनलाइन चालान करने का अहम अधिकार सौंप दिया गया है। ऐसे में यह कर्मी बार-बार ऐसी हरकत कर रहे हैं कि महकमे की किरकिरी तो हो ही रही अफसरों को भी शर्मिंदा होना पड़ रहा। ऐसा ही वाक्या अभी औद्योगिक नगरी कानपुर में पेश आया। जहां कार सवार का ऐसा चालान काट दिया गया कि देखने और सुनने वाले भी हैरान हैं। चालान में वाहन का जो रजिस्ट्रेशन नंबर था वह एक कार का है। कार चालक के मोबाइल पर एक हजार रुपए जुर्माने का मैसेज आया तो उसके होश उड़ गए। उस पर गाड़ी चलाते समय हेलमेट न लगाने का आरोप लगाया गया था। कानपुर की तरह लखनऊ में भी आए दिन ऐसे अजीबोगरीब चालान हो रहे हैं। लखनऊ में एक मोटरसाइकिल सवार के पास मोबाइल पर चालान का मैसेज आया। जिसमें दर्शाया गया था कि वह सीट बेल्ट नहीं लगाए था। इस तरह के चालान के बाद किरकिरी होने पर पुलिस अफसर साफ्टवेयर में फीडिंग करते समय त्रुटि होने की संभावना की बात कहकर किसी प्रकार अपनी इज्जत बचाते नजर आते हैं।

# यूपी के उद्योग देंगे दुनिया को श्रेष्ठतम उत्पाद: योगी

## प्रॉडक्ट की क्वालिटी के साथ ही डिजायनिंग और पैकेजिंग पर भी देना है ध्यान

- मुख्यमंत्री ने एमएसएमई व हस्तशिल्प के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों, हस्तशिल्पियों, उद्यमियों को पुरस्कृत और सम्मानित किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विश्वकर्मा** जयंती के अवसर पर शनिवार को लोकभवन में आयोजित एमएसएमई और हस्तशिल्प पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हमारे सामने चुनौती है अपने उत्पाद की विशिष्टता और श्रेष्ठता साबित करने की। जिस दिन हम अपने 90 लाख यूनिट से श्रेष्ठतम उत्पादों का प्रॉडक्शन करने लगेंगे, निसंदेह हम पूरी दुनिया में छा जाएंगे। अब हमें अपने प्रॉडक्ट की क्वालिटी, डिजायनिंग और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एमएसएमई और हस्तशिल्प के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को पुरस्कृत तथा सम्मानित किया। कोरोना के कारण बीते तीन साल से सम्मान समारोह का आयोजन नहीं हो पाया था। सीएम ने इसके साथ ही आगरा और कानपुर में फ्लैटेड फैक्ट्री का भी वर्चुअली शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सृष्टि के आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा और आधुनिक भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन है। इस अवसर पर आप सभी को बधाई देता हूं। आप सभी हस्तशिल्पी, श्रमिक और उद्यमी अपने कार्यों से भारत को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। प्रसन्नता है कि मुझे यहां पर विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर प्रदेश के हस्तशिल्पी और कारीगरों का सम्मान करने का अवसर मिला है। सीएम ने कहा कि हमारे श्रमिक और हस्तशिल्पी जो कभी ग्राम स्वराज की परिकल्पना और आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार किया करते थे। उनके पास हुनर तो थाए मगर उत्पादों में समय के अनुरूप डिजायनिंग, पैकेजिंग का आभाव था। इतना ही नहीं शासन स्तर पर उनकी कोई मदद नहीं की जाती थी, यहां तक कि कोई कुछ करना भी चाहता था तो तमाम बंदिशें लगाकर उसे हतोत्साहित किया जाता था। मगर आज हमने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से हस्तशिल्पियों के लिए तमाम कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है। सीएम ने कहा कि हस्तशिल्पियों ने परंपरागत पेशे को तमाम अभाव और चुनौती के बावजूद संरक्षित कर रखा है। यूपी के पास आज सबसे अधिक 90 लाख सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम हैं। औद्योगिक विकास की पहली शर्त ही एमएसएमई क्लस्टर होते हैं। अब हमें यूपी के प्रॉडक्ट की क्वालिटी पर ध्यान देने की जरूरत है। निर्यात के लिए जनपद स्तर पर प्रयास करना होगा, यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। अगर हमने ये लक्ष्य प्राप्त कर लिया तो यूपी का प्रॉडक्ट पूरी दुनिया के अंदर छाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमने दो महत्वपूर्ण योजनाएं चलायीं। इनमें एक जनपद एक उत्पाद और दूसरी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना है। हमने उत्पादों की क्वालिटी के साथ ही डिजायनिंग और पैकेजिंग के लिए बकायदा ट्रेनिंग की शुरुआत की, शिल्पकारों को ट्रेनिंग के दौरान निश्चित मानदेय देने के प्रबंध किये साथ ही साथ टूलकिट भी प्रदान किये। किसने सोचा था कि गोरखपुर का टेराकोटा, मुरादाबाद की ब्रॉस की कलाकारी, फिरोजाबाद का ग्लास, कन्नौज का इत्र, अलीगढ़ के ताले, भदोही का कालीन, सहारनपुर का क्राफ्ट और वाराणसी के हस्तशिल्प को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार की ओर से भी सार्थक प्रयास हो सकता है।

# निकायों के सीमा विस्तार व गठन से जुड़े कई प्रस्ताव मंजूर

- कैबिनेट बाई सर्कुलेशन योगी सरकार ने लिया निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शनिवार** को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन योगी सरकार ने नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों के सीमा विस्तार और नई नगर पंचायतों के गठन के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान कर दी है।

बागपत की नगर पालिका परिषद बागपत एवं नगर पालिका परिषद बड़ौत, गोण्डा की नगर पालिका परिषद करनैलगंज, अयोध्या की नगर पालिका परिषद रुदौली तथा हरदोई की नगर पालिका परिषद शाहाबाद के सीमा विस्तार का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है। अधिसूचना में संशोधन, परिवर्तन किये जाने की आवश्यकता होने पर नगर विकास मंत्री को अधिकृत किया गया है। इन नगरीय निकायों के विस्तार के परिणामस्वरूप जनमानस को व्यावसायिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य, यातायातए सफाई तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। इससे वहां के निवासियों की जीवनशैली की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। ग्रामीण क्षेत्र का नगरीकरण होने से रोजगार सृजन की सम्भावनाएं बढ़ेंगी। मंत्रिपरिषद ने 7 नगर पंचायतों बाराबंकी की नगर पंचायत जैदपुर एवं नगर पंचायत फतेहपुर, मथुरा की नगर पंचायत राधाकुण्ड, जालौन की नगर पंचायत कोटरा, अम्बेडकरनगर की नगर पंचायत इल्तिफातगंज, अलीगढ़ की नगर पंचायत इगलास तथा इटावा की नगर पंचायत इकदिल के सीमा विस्तार के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इन नगरीय निकायों के सीमा विस्तार के फलस्वरूप सीमा में सम्मिलित होने वाले गांवों के निवासियों को पेयजल, लाइट, सड़क, नाली आदि की बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। सीमा विस्तार के उपरान्त नगर पंचायत क्षेत्र में सुनियोजित विकास होगा जो अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सृजन में सहायक होगा। मंत्रिपरिषद ने संतकबीरनगर में नगर पंचायत धर्मसिंहवा, बहराइच में नगर पंचायत रूपईडीहा, देवरिया में नगर पंचायत मदनपुर एवं नगर पंचायत भलुअनी, फर्रुखाबाद में नगर पंचायत खिमसेपुर तथा रायबरेली में नगर पंचायत शिवगढ़ के गठन सम्बन्धी अन्तिम अधिसूचना निर्गत किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इन नगर पंचायतों के गठन के फलस्वरूप इनकी सीमा में सम्मिलित होने वाले गांवों के निवासियों को पेयजल, लाइट, सड़क, नाली आदि की बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। मंत्रिपरिषद ने आजमगढ़ की नगर पंचायत बिलरियागंज की सीमा में 66 ग्रामों को सम्मिलित कर उसका सीमा विस्तार करने तथा उसे तृतीय श्रेणी की नगर पालिका परिषद के रूप में उच्चीकृत करने सम्बन्धी अधिसूचना निर्गत करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

## 24 से 48 घंटे के अन्दर पीड़ित परिवार को दी जाए राहत राशि: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 16 सितम्बर को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अतिवृष्टि, आकाशीय बिजली तथा डूबने से हुई जनहानि से पीड़ित परिवारों को 24 से 48 घंटे के अन्दर राहत राशि प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में 14 जनहानियों के सापेक्ष प्रत्येक पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए अहेतुक सहायता का भुगतान कर दिया गया है। शेष के सम्बन्ध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश का राहत आयुक्त कार्यालय कण्ट्रोल रूम के माध्यम से निरन्तर जनपदों से सम्पर्क में हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर राजभवन में गोद लिए गए 100 क्षय रोगी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री 'क्षय मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत पीएम मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर राजभवन में 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर अभियान को रफ्तार देने में सक्रिय योगदान दिया गया। जिसमें 30 रोगी राजभवन के अधिकारियों एवं कार्मचारियो द्वारा तथा 70 रोगी विश्वविद्यालय के कुलपतियों तथा अन्य शीर्ष अधिकारियों द्वारा गोद लिए गए। राजभवन स्थित गांधी सभागार में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंयकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी ने की। कार्यक्रम में राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गोद लिए गए सभी 30 रोगी भी उपस्थित थे, जिन्हें राज्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंयकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी तथा चिकित्सा विभाग के अधिकारियों द्वारा पोषण सामग्री के बैग प्रदान किए गए। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने देश को वर्ष 2025 तक क्षय रोग मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है।

# अवकाश निरस्त कर सरकार ने किया विश्वकर्मा समाज का अपमान: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर शनिवार को सपा मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी जनपदों के पार्टी कार्यालयों में भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। सभी स्थानों पर विश्वकर्मा की पूजा के विभिन्न कार्यक्रम करने के साथ ही विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की गई। सहकारिता भवन लखनऊ में आरक्षण बचाओ महापंचायत कार्यक्रम में भी भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसमें लालता प्रसाद निषाद, विशम्भर प्रसाद, डॉ. राजपाल कश्यप, रमेश प्रजापति, किरन पाल कश्यप, शंखलाल मांझी, दयाराम प्रजापति, राम किशोर बिंद, रामदुलार राजभर, दयाशंकर निषाद, हरिश्चन्द्र प्रजापति तथा बीके कश्यप ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सपा मुख्यालय पर भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। विश्वकर्मा जयंती आयोजन के मुख्य संयोजक एवं अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने इटावा करहल, कन्नौज और बांगरमऊ में विश्वकर्मा जयंती समारोहों में मुख्य अतिथि रहे। कई स्थानों पर शोभा यात्राएं भी निकलीं। रविवार को रामआसरे विश्वकर्मा आजमगढ़ स्थित अपने आवास पर पूजा का आयोजन करेंगे। अखिलेश यादव ने विश्वकर्मा जयंती पर सभी प्रदेशवासियों तथा शिल्पकार समाज को बधाई देते हुए कहा कि सृष्टि के शिल्पकार के रूप में विश्वकर्मा की प्रसिद्धि है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पिछड़ों, वंचितों के खिलाफ है। समाजवादी सरकार में विश्वकर्मा समाज के लिए ग्राम सभा की जमीन का पट्टा, विश्वकर्मा, लोहार, बढ़ई समाज के नौजवानों को आईटीआई का प्रमाण पत्र, पुश्तैनी काम करने वालों को रोजगार के साथ विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पूजा पर्व पर घोषित सार्वजनिक अवकाश निरस्त कर विश्वकर्मा समाज का अपमान किया है। समाजवादी पार्टी मुख्यालय लखनऊ में आयोजित भगवान विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम में विश्वकर्मा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अच्छे लाल विश्वकर्मा सहित राजा विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, शिव प्रकाश विश्वकर्मा, विकास यादव, पायल सिंह, सुधीश कुमार, एसके राय, रिंकू विश्वकर्मा, राधेश्याम सिंह यादव आदि प्रमुख की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मुख्यमंत्री योगी से मिला 11 साल का जीनियस यशवर्धन



- सिविल सेवा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को है पढ़ाता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपनी** सुपीरियर बुद्धिमत्ता से दुनियाभर के वैज्ञानिकों के लिए कौतुहल बने 11 वर्षीय यशवर्धन ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। परिवारजनों के साथ मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे यशवर्धन को सीएम योगी ने आशीर्वाद देने के साथ ही भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने यशवर्धन के आईक्यू लेवल की भी सराहना की। कक्षा 7 में पढ़ने वाला यशवर्धन अपनी विशेष प्रतिभा से प्रतियोगी परीक्षा जैसे सिविल सेवा आईएएस, पीसीएस के विद्यार्थियों को भारतीय राजव्यवस्था, अंन्तरराष्ट्रीय संबंध और इतिहास भूगोल जैसे विषयों को पढ़ाता है। यशवर्धन को लंदन की संस्था हार्वर्ड रिकॉर्ड ने दुनिया के सबसे छोटे इतिहासकार का दर्जा दिया है। यशवर्धन का आईक्यू लेवल 129 है। वैज्ञानिकों ने जांच के उपरांत इसके बौद्धिक स्तर को सुपीरियर स्तर का पाया है। यही नहीं यशवर्धन के नाम से डाक टिकट भी जारी हो चुका है साथ ही उसे कई प्रतिष्ठित संस्थानों की ओर से सम्मानित भी किया जा चुका है।

# सरसों की तीन और प्रजातियों के बीज निशुल्क बांटेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** सूखा और कमजोर मानसून से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए योगी सरकार तोरिया के निशुल्क बीज वितरण के लिए 457.60 लाख रुपये पहले ही स्वीकृत कर चुकी हैं। शनिवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन सरकार ने अल्पकालीन व सामान्य सरसों सहित रागी के बीजों के मिनीकिट निशुल्क बांटने का निर्णय लिया है। इसके लिए सरकार ने 867 लाख रुपये बजट की व्यवस्था की है। मंत्रिपरिषद ने कमजोर मानसून की स्थिति में राज्य पोषित प्रमाणित बीजों के वितरण पर अनुदान की योजना के अन्तर्गत अल्पकालीन सरसों, सामान्य सरसों तथा रागी के नि:शुल्क बीज मिनीकिट वितरण किए जाने की कार्ययोजना को मंजूरी देते हुए इसके लिए 867 लाख रुपये की धनराशि की व्यवस्था प्रमाणित बीजों पर अनुदान के मद से किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। योजना में किसी प्रकार के संशोधन के लिए तथा कमजोर मानसून के दृष्टिगत कृषकों के हित में बीज प्रमाणीकरण योजना के अन्तर्गत यथावश्यक अन्य किस्मों के बीज आदि के नि:शुल्क वितरण के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। यह योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 में विशेष कार्यक्रम के अन्तर्गत अल्पकालीन सरसों एवं सामान्य सरसों तथा रागी के प्रमाणित बीजों के वितरण पर अनुदान के रूप में क्रियान्वित की जाएगी। अल्पकालीन सरसों एवं सामान्य सरसों तथा रागी के नि:शुल्क बीज मिनीकिट का वितरण जनपदों में 25 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कृषकों को एवं शेष 75 प्रतिशत अन्य जाति के कृषकों को किया जाएगा। साथ ही चयनित कृषकों में 30 प्रतिशत महिला कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। इस सुविधा का लाभ कृषकों को प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा।

## अयोध्या में नलकूप निर्माण के लिए भूमि के आवंटन, हस्तान्तरण को मंजूरी

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने अयोध्या में अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजना के लिए 2 नलकूप के निर्माण के लिए नजूल भूमि के आवंटनध्हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। पूर्व में मंत्रिपरिषद के अनुमोदन से राज्य सरकार के सेवारत विभागों को नि:शुल्क तथा राज्य सरकार के गैर सेवारत विभागों को नजूल भूमि प्रभावी जिलाधिकारी सर्किल रेट पर सशुल्क आवंटित, हस्तान्तरित किया गया है। अयोध्या में अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजना के लिए 2 नलकूप के निर्माण के लिए चिन्हित नजूल भूमि चक संख्या-1 हसनू कटरा अयोध्या कुल क्षेत्रफल 59.42.184 वर्गमीटर नगर विकास विभाग के पक्ष में प्रतिबन्धों के अधीन निशुल्क आवंटित, हस्तान्तरित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है।

# युवा कांग्रेस ने प्रदेशभर में मनाया बेरोजगारी दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** युवा कांग्रेस पूर्वी के अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय के निर्देश पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर शुक्रवार को यूपी युवा कांग्रेस द्वारा पूरे प्रदेश में बेरोजगारी दिवस मनाया गया। जिसके तहत राजधानी लखनऊ में युवा कांग्रेस लखनऊ पूर्वी के अध्यक्ष अंकित तिवारी एवं युवा कांग्रेस लखनऊ पश्चिम के अध्यक्ष सै. इमरान के नेतृत्व में बेरोजगारी दिवस मनाया गया।

जिला युवा कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अंकित तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर बेरोजगारी दिवस मनाये जाने के कार्यकम के तहत स्थानीय दुबग्गा में केक काटकर बेरोजगारों के दर्द को बयां किया गया। तिवारी ने कहा कि देश और प्रदेश में जब से मोदी और योगी की सरकार आई है एक तरफ जहां कमरतोड़ मंहगाई है वहीं सर्वाधिक बेरोजगारी है। ऐसा लगता है कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं की सर्वाधिक विरोधी है।

उन्होंने कहाकि आज देश और प्रदेश का युवा इस कदर हताश और परेशान है कि वह आत्महत्या करने पर विवश है। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस भाजपा की युवा विरोधी नीतियों तथा देश में फैली भयंकर बेरोजगारी जैसी समस्या पर ध्यान न देकर कुंभकर्णी नींद में सो रही मोदी और योगी सरकार को जगाने व युवाओं के हक और सम्मान की लड़ाई के लिए विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस मौके पर लखनऊ जिला युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अंकित तिवारी एवं सैयद इमरान, प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव शिवम् त्रिपाठी एवं अवनीश शुक्ला, संयुक्त सचिव देवांश तिवारी, फरहान, दीपक पाण्डेय, सहमत अली सहित तमाम युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के कृतित्व, व्यक्तित्व पर आधारित लगाई गई थी प्रदर्शनी

● **जितिन प्रसाद ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा देष**

संवाददाता। सीतापुर

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के जन्मदिवस के मौके पर उनके कृतित्व व्यक्तित्व पर आधारित नमो प्रदर्शित प्रदर्शनी का आयोजन शहर के लोहरबाग स्थित सहगल धर्मशाला में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पीडब्ल्यूडी कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने किया। जितिन प्रसाद ने कहा कि आज प्रदेश और देश की जनता पीएम मोदी का जन्मदिन गरीबों और बुजुर्गों की सेवा सत्कार करके मना रही है और साथ ही देश की जनता भी पीएम के दीर्घायु की कामना कर रही है। उन्होंने कहा कि आज देश पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नितंरत प्रगति की ऊंचाइयों को छू रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को हम लोग सेवा पखवाड़े में रूप में मना रहे है जो 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगी। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह, सचिन मल्होत्रा, जिला महामंत्री रोहित सिंह, जिला उपाध्यक्ष नैमिष रतन तिवारी, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, जिलामंत्री जया सिंह, जिलामंत्री सुनील मिश्रा, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव, रामेश्वर प्रसाद गप्पू भैया, कार्यक्रम संयोजक राजेश शुक्ला सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्म दिवस के उपलक्ष पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जिला अस्पताल एंव सिधौली सीएचसी सहित कई जगहों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में 221 लोगो ने रक्तदान किया। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72 वें जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के तौर पर मना रही है जोकि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। शिविर में सांसद राजेश वर्मा, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भारतीय युवा मोर्चा अमरेंद्र शुक्ला, राजेश शुक्ल, सचिन मिश्रा व तरुण शुक्ला व अन्य लोग मौजूद रहे कुछ लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।




## टीईटी उत्तीर्ण शिक्षामित्रों ने मनाया पीएम का जन्मदिन

**सीतापुर।** टीईटी उत्तीण शिक्षामित्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन केक काटकर मनाया, जन्मदिन पर ट्विटर अभियान भी चलाया गया। जिसके जरिए निवेदन किया गया कि उनका उत्तराखंड, हिमांचल प्रदेश, बीजेपी शाषित राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी शिक्षामित्रों का भविष्य उज्जवल किया जाए। शिक्षक उत्थान समिति के बैनर तले आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रदेश संरक्षक आशीष सिंह, प्रदेश संरक्षक गुड्डू सिंह, प्रदेश महामंत्री अनुज त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री विकास शर्मा, ब्रजमोहन मिश्र, आशुतोष दीक्षित समेत सैकड़ों शिक्षामित्रों की उपस्थिति के साथ समाजसेवी प्रकाश नारायण गुप्ता, श्रीओम वैश्य तथा पुनीत सिंह ने प्रतिभाग किया।

## सागर गुप्ता ने पीएम के जन्मदिन पर काटा 72 किलो का केक

**सीतापुर।** नैमिषारण्य के वृद्धा आश्रम में पीएम मोदी का एक अलग अंदाज में जन्मदिन मनाया गया। समाजसेवी सागर गुप्ता ने वृद्धा आश्रम की बुजुर्ग माताओं से 72 किलो का केक कटवा कर पीएम मोदी की दीर्घायु की कामना की। केक काटने के बाद बुजुर्ग महिलाओं ने मोदी मोदी के नारे लगाए और पीएम मोदी की लंबी आयु की ईश्वर से प्रार्थना की। वृद्धा आश्रम में मौजूद माताओं ने पीएम मोदी को दिल से आशीर्वाद दिया। आश्रम की बुजुर्ग माताओं ने बताया कि पीएम मोदी हमेशा माताओं का ध्यान रखते हैं वह देश के सबसे अच्छे नेता है। वहीं समाजसेवी सागर गुप्ता ने बताया की विश्व के सबसे शक्तिशाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आज जन्मदिन था वह मां और भारत माता को ज्यादा मानते हैं इसलिए वृद्धा आश्रम में आकर माताओं के साथ मोदी जी का जन्मदिन मनाया है और अच्छा लग रहा है। वृद्धा आश्रम में मौजूद बुजुर्ग माताओं और पुरुषों ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर जमकर खुशियां मनाई और एक दूसरे को केक खिलाकर पीएम मोदी की दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर समाजसेवी सागर गुप्ता सूरज शर्मा हिमांशु शर्मा सिद्धांत प्रजापति सुमित भारद्वाज सक्षम गुप्ता अखिलेश कनौजिया यशपाल सिंह सुरेश वर्मा प्रताप नारायण सत्यम गुप्ता पुणेश वर्मा झाबू लाल अतुल तिवारी संजय यादव पुनीत कुमार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 25 क्षय रोगीओ को वितरित किया गया पोषण आहार



**बरेली।** भारत को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने की दशा में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में समाज के स्वयंसेवी संगठनों ,जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोगों से अपील की जा रही है कि वह इस कार्यक्रम से जुड़कर क्षय रोगियों को गोद लेकर उनको पोषण आहार प्रदान करें। जिससे कि वह जल्द स्वस्थ हो सके। इसी क्रम में आज निजी चिकित्सक डॉ. राजेश अग्रवाल एवं डॉ. रजत अग्रवाल ने पांच-पांच क्षय रोगियों को गोद लिया और उनको पोषण आहार वितरित किया। 15 रोगियों को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के द्वारा पोषण आहार वितरित किया गया। डीटीओ डॉ. के के मिश्रा ने बताया की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 9 सितंबर को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की है। हमारी कोशिश है कि हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करके इस कार्यक्रम से लोगों को जोड़ें और अधिक से अधिक क्षय रोगियों को गोद दिलाएं। डॉ. के के मिश्रा ने बताया कि आज हमारे प्रधानमंत्री का जन्मदिन है और यह सप्ताह सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा इसी क्रम में आज हम लोगों ने 25 क्षय रोगियों को गोद दिलाया है।

### पल्स पोलियो अभियान के लिए निकाली जागरूकता रैली

**बरेली ।** जनपद में रविवार से छह दिवसीय सघन पल्स पोलियो अभियान शुरू हो रहा है। अभियान में इस बार सात लाख से अधिक बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। अभियान के प्रति जागरूकता के लिए शनिवार को जिला अस्पताल से नावेल्टी चौराहे तक रैली निकाली गई। रैली को नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने कहा कि हर अभिभावक की जिम्मेदारी है कि वह जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए दो बूंद जिंदगी की जरूर पिलाएं। ज्यादा से ज्यादा बच्चे बूथ पर आएं इसके लिए जरूरी प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने बताया कि जनपद में 206 ट्रांजिट टीम बूथ की व्यवस्था की निगरानी करेंगी। पल्स पोलियो अभियान का रोजाना शाम को ब्लाक स्तर के नोडल अधिकारियों द्वारा फीडबैक लिया जाएगा और अभियान की समीक्षा की जाएगी। सीएमओ डॉ. बलवीर सिंह ने बताया कि भारत पोलियो मुक्त है लेकिन कुछ पड़ोसी देशों में पोलियो अब भी है।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान एवं मरीजों को फल वितरण

**संडीला(हरदोई)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा से जुड़े विभिन्न संगठनों द्वारा रक्तदान करने के अलावा विभिन्न अस्पतालों में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भाजपा के पुराने नेताओं ने रक्तदान किया। सबसे पहले चिकित्साधीक्षक डॉ0 शरद वैश्न ने रक्तदान किया। इसके अलावा गौरव महरोत्री, राहुल महरोत्रा, राजन सक्सेना, राजेश कुमार, सौरव गुप्ता, रामजी गुप्ता, अनुराग त्रिपाठी, डॉ0 विभा सिंह समेत भाजपा नेताओं समेत तमाम भाजपा नेताओं ने सीएचसी पर भर्ती रोगियों को फल वितरित किए। इसके अलावा फूल चन्द्र मेमोरियल हॉस्पिटल में विशुन दयाल शुक्ला, लोकेश सैनी, रामरतन वर्मा, अतुल तिवारी आदि ने भर्ती रोगियों को फल वितरित किए।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**संडीला(हरदोई)।** दवा लेकर घर वापस जा रहे एक बाइक सवार की ट्रैक्टर की चपेट में आने से दुखद मौत हो गय जबकि उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम सलेमपुर निवासी 60 वर्षीय दयाराम अपने पुत्र 20 वर्षीय विजय कुमार के साथ दवा लेने के लिए संडीला आ रहे थे। जब वे ग्राम हरदलमऊ के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उठाकर पहले सीएचसी ले जाया गया जहां दयाराम की मौत हो गयी जबकि विजय को गंभीर हालत में ट्रामासेंटर भेजा गया। इस हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।

**पीएम के जन्मदिन को मनाया बेरोजगारी दिवस...**

## कांग्रेस यूथ के पदाधिकारियों ने किया पैदल मार्च, तले पकौड़े

● **कांग्रेस कार्यालय से पैदल मार्च कर लालबाग चौराहे तक पहुंचे कार्यकर्ता**

**सीतापुर।** एक तरफ जहां भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मना रही है वहीं कांग्रेस पार्टी पीएम का जन्मदिन बेरोजगारी दिवस के रूप में मना रही है। सीतापुर में यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कार्यालय से पैदल चलकर लालबाग तक नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। पैदल मार्च के साथ ही ठेला लेकर कांग्रेस यूथ पदाधिकारियों ने पकौड़े भी तले। पैदल मार्च में कांग्रेस यूथ के राष्ट्रीय सचिव चंदन राय, यूथ जिलाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, कांग्रेस नेता शिशिर बाजपेयी, संजय कुमार, ज्ञानेन्द्र कश्यप, सूरज चौधरी, अभव्या चौहान, मुकुल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने झूठे वादे कर युवाओं को बेरोजगार बनाया है इसीलिए पैदल मार्च करके हम लोग पीएम के जन्मदिन को बेरोजगारी दिवस मना रहे है।

## भगवान विश्वकर्मा की मनाई जयंती

**सीतापुर।** भगवान विश्वकर्मा की जयंती पूरे शहर में धूम धाम से मनाई गई। विभिन्न फैक्ट्रियों, लोहे आदि की दुकानों, वर्कशॉप के अलावा घरों व विश्वकर्मा मंदिर में भी पूजा की गई। कई विश्वकर्मा परिवारों के घरों में हवन पूजन का आयोजन हुआ। घूरामऊ बंगला स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना धूम धाम से की गई। मंदिर के पुजारी पं. कमलेश कुमार, अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आशीष मिश्रा, सुधीर शर्मा, गोपाल कृष्ण शर्मा आदि ने पूजन अर्चन किया।

## समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

● **मिश्रिख तहसील पहुंचे थे डीएम-एसपी**

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर की** मिश्रिख तहसील में समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिलाधिकारी अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चन्द्रभान की अध्यक्षता में शिकायतकर्ताओं ने अपनी शिकायतें सुनाई जिसके बाद डीएम ने उनकी शिकायतों के निस्तारण के लिए मातहतों को निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिये। मिश्रिख समाधान दिवस में 50 शिकायतों में से 5 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस मौके पर एसडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीओ सुशील कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति, तहसीलदार मिश्रिख सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सीतापुर की तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिधौली में 43 प्रार्थना पत्रों में से 3, लहरपुर में 29 प्रार्थना पत्रों में से 2, तहसील महोली में 37 में से 02, तहसील महमूदाबाद में 39 में से 4, तहसील सदर में 25 में से 2, तहसील बिसवां में 23 में से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए समयावधि के अन्दर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद नैमिषारण्य में आगामी नवरात्रि के दृष्टिगत माँ ललिता देवी मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर के आस-पास साफ-सफाई के निर्देश दिये। नवरात्रि के दौरान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिये प्रवेश द्वार एवं निकासी द्वार की व्यवस्थाएं दुरूस्त किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने ललिता देवी मंदिर स्थित पंचप्रयाग तीर्थ को भी देखा, तीर्थ की साफ-सफाई के निर्देश दिये।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर लगी प्रदर्शनी

● **भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ**

● **कलेक्ट्रेट में 23 सितंबर तक चलेगी प्रदर्शनी**

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**शनिवार की** सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट में अंत्योदय के उपासक प्रधानमंत्री के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित जिला स्तरीय प्रदर्शनी व केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णय, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं विषयक प्रदर्शनी का भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ फीता काटकर उद्घाटन एवं अवलोकन किया। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि पीएम के कृतियों से हमें प्रेरणा मिलती है, उनके नेतृत्व में देश को नई दिशा मिली है और देश समृद्ध शक्तिशाली के रूप में उभर कर आया है। पीएम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है, सभी को उनसे प्रेरणा लेना चाहिएए नेतृत्व में नए-नए आयाम को प्राप्त कर रहे है।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी 17 सितंबर से 23 सितंबर तक लगाई गई है, जिसमें आम जनमानस केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के साथ ही महत्वपूर्ण ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त कर सकते है और प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़े कृतत्व और व्यक्तित्व से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पीएम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने पीएम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। इस अवसर पर वित्त एवं लेखाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) जीएस पांडेय, एडीआईओ नरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पीएम के जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर

● **बड़ी संख्या में लोगों ने किया रक्तदान**

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी




**जिला चिकित्सालय** में संचालित ब्लड बैंक में पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डा. अरुणेंद्र त्रिपाठी की मौजूदगी में फीता काटकर किया। इसके बाद चरणबद्ध रूप से बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।

**मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार,** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्त शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इसकी शुरुआत विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह युवा नेता शिवेंद्र कुमार सिंह शिबू ने रक्त देकर की। इस मौके पर अधीक्षक मयंक मिश्रा सहित सामुदायिक स्वास्थ विभाग की पूरी टीम मौजूद रही।

## पेज एक का शेष

### 70 साल...

अब देश नई ऊर्जा के साथ चीतों के पुनर्वास के लिए जुट गया है। उन्होंने कहा कि मैं हमारे मित्र देश नामीबिया और वहां की सरकार का भी धन्यवाद करता हूं जिनके सहयोग से दशकों बाद चीते भारत की धरती पर वापस आए हैं। उन्होंने कहा कि भारत में 1947 में तीन चीते जंगल में बचे थे, जिनका दुर्भाग्य से शिकार किया गया था। अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देशों पर चलते हुए भारत इन चीतों को बसाने की दोबारा पूरी कोशिश कर रहा है, हमें अपने प्रयासों को विफल नहीं होने देना है। मोदी ने कहा कि कुनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गए चीतों को देखने के लिए देशवासियों को कुछ महीने का धैर्य दिखाना होगा, इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कि आज ये चीते मेहमान बनकर आए हैं, इस क्षेत्र से अनजान हैं। कुनो राष्ट्रीय उद्यान को ये चीते अपना घर बना पाएं, इसके लिए हमें इन चीतों को भी कुछ महीने का समय देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण, पशु और पक्षी, भारत के लिए केवल निरंतरता (सस्टेनेबिलिटी) और सुरक्षा के विषय नहीं हैं, बल्कि हमारे लिए ये संवेदनशीलता और आध्यात्मिकता का भी आधार हैं। मोदी ने कहा कि आज 21वीं सदी का भारत, पूरी दुनिया को संदेश दे रहा है कि अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी कोई विरोधाभाषी क्षेत्र नहीं है।

### देश में...

में रक्तदान किया। देर शाम ट्वीट कर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आज, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान अमृत महोत्सव के तहत 87,137 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया है। एक यूनिट 350 मिलीलीटर रक्त के बराबर होती है। यह एक नया विश्व रिकॉर्ड बन गया है। यह अभियान 1 अक्टूबर, राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस तक जारी रहेगा। मंत्री ने नागरिकों से रक्तदान अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में रक्तदान करने के लिए आरोग्य सेतु ऐप या ई-रक्तकोश पोर्टल पर पंजीकरण करने का आग्रह किया है। रक्तदान मुहिम चलाने के लिए अब तक देश भर में 5,857 शिविरों को मंजूरी दी जा चुकी है। मंडाविया ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि रक्तदान-महान दान है! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान अमृत महोत्सव में शामिल होना दिल को छू लेने वाला क्षण है। एक आधिकारिक सूत्र के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य एक दिन में करीब एक लाख यूनिट रक्त एकत्र करना है। इसके अलावा नियमित रूप से गैर-पारिश्रमिक वाले स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक रक्त दाताओं का एक भंडार बनाना है, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर मदद मिल सके और बदले में रक्तदान की आवश्यकता को कम किया जा सके। प्रत्येक ब्लड बैंक को मेगा ड्राइव के हिस्से के रूप में कम से कम एक रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। देश में पर्याप्त भंडारण और प्रसंस्करण क्षमता वाले 3,900 से अधिक ब्लड बैंक हैं। अब तक 3,600 ब्लड बैंकों को ई-रक्तकोश पोर्टल से जोड़ा जा चुका है और शेष बैंकों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। रक्तदान अभियान के इस आयोजन में केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मंत्रालय और विभाग, गैर-सरकारी और समुदाय आधारित संगठन और अन्य हितधारक शामिल हो रहे हैं। राज्यों से अनुरोध किया गया है कि वे सभी मेडिकल कॉलेजों, अस्पतालों, स्वास्थ्य संगठनों, ब्लड बैंकों और अन्य हितधारकों को इस अभियान के बारे में जानकारी प्रसारित करें।

### कौन दान...

उपयोग एक वर्ष तक किया जा सकता है, जबकि लाल रक्त कोशिकाओं का उपयोग 35-42 दिनों तक किया जा सकता है। प्लेटलेट्स को पांच दिनों के भीतर इस्तेमाल करने की जरूरत है।

### तेजस्वी यादव...

गई थी। आरोप है कि इसके लिए बिहार की राजधानी पटना में प्रमुख स्थान पर तीन एकड़ का एक व्यावसायिक प्लॉट बतौर रिश्वत दिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय ने भी इस मामले में चार्जशीट दाखिल किया है जिसमें मनी लांड्रिंग का आरोप लगाया गया है।

### जामिया ने...

को बिगाड़ने के लिए अप्रासंगिक और आपत्तिजनक मुद्दों के खिलाफ परिसर में आंदोलन, प्रदर्शन और मार्च आयोजित करने में उनकी भागीदारी का उल्लेख है। जरगर ने परिसर में प्रतिबंध को लेकर टिप्पणी करने से इनकार किया।

### चीन ने...

सजा सुनाई थी। पाकिस्तानी प्राधिकारियों ने पहले दावा किया था कि मीर की मौत हो गई है लेकिन पश्चिमी देश इससे आश्वस्त नहीं हुए तथा उन्होंने उसकी मौत का सबूत मांगा था। पिछले साल पेरिस स्थित वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) के आतंकवादियों पर कार्रवाई पर पाकिस्तान की प्रगति में यह एक बहुत बड़ा मसला बन गया था। अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा, मीर हमलों के लिए लश्कर-ए-तैयबा की गतिविधियों का संचालक था, उसने साजिश, तैयारी और हमले में एक अहम भूमिका निभाई। पिछले महीने चीन ने जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के भाई और पाकिस्तान के एक आतंकी संगठन में शामिल अब्दुल रऊफ अजहर को काली सूची में डालने के अमेरिका तथा भारत के एक प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र में रोक दिया था। अब्दुल रऊफ अजहर का जन्म पाकिस्तान में 1974 में हुआ और अमेरिका ने दिसंबर 2010 में उसे प्रतिबंधित किया था। पाकिस्तान का सहयोगी चीन संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंध समिति के तहत पाकिस्तानी आतंकवादियों को काली सूची में डालने की राह में बार-बार रोड़े अटकाता रहा है। चीन ने इस साल जून में पाकिस्तानी आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को काली सूची में डालने के भारत और अमेरिका के संयुक्त प्रस्ताव को ऐन मौके पर अवरुद्ध कर दिया था। अमेरिका ने मक्की को आतंकवादी सूची में डाल रखा है। मक्की हाफिज सईद का रिश्तेदार है। अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि मीर तकरीबन 2001 से लश्कर का वरिष्ठ सदस्य है। वह 2006 से 2011 तक लश्कर की विदेशी गतिविधियों का प्रभारी रहा और उसने समूह के इशारे पर कई आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया। इसके अलावा उसने 2008 और 2009 के बीच डेनमार्क में एक अखबार तथा उसके कर्मचारियों के खिलाफ आतंकवादी हमले की कथित तौर पर साजिश रची थी। मुंबई हमलों में भूमिका के लिए मीर पर अप्रैल 2011 में अमेरिका में मुकदमा चलाया गया। अमेरिका के वित्त विभाग ने अगस्त 2012 में मीर को वैश्विक आतंकवादियों की सूची में डाल दिया था।

**Form No. 3**
**[See Regulation-15 (1)(a)]/16(3)**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2)**
1st Floor SCO 33-34-35, Sector-17 A, Chandigarh (Additional space allotted on 3rd & 4th Floor also)
**Case No.: OA/720/2022**
**Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993**
**Exh. No.: 11663**
**ICICI BANK LIMITED**
**VS.**
**JNANENDRA KUMAR JENA**
To,
(1) R 3- Jitender Kumar Jena
S/o. Sh. Bishonath Jena, L 92/ 226, Street No. 7, Mahiplpur, New Delhi, Delhi
**SUMMONS**
WHEREAS, **OA/720/2022** was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on **25.07.2022.** WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs. 2,24,94,204.41/-** (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under :
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
(iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal ;
(v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before **Registrar** on **22/11/2022** at **10:30 A.M.,** failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date **05/08/2022.**
**Signature of the Officer Authorised to issue Summons**

**PUBLICATION**
**Form No. 3**
**[See Regulation-15 (1)(a)]/16(3)**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2)**
1st Floor SCO 33-34-35, Sector-17 A, Chandigarh (Additional space allotted on 3rd & 4th Floor also)
**Case No.: OA/104/2022**
**Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993**
**Exh. No.: 12596**
**ICICI BANK LIMITED**
**VS.**
**YOG RAJ VERMA**
To,
(3) RAMPRASTHA SARE REALITY PVT. LTD.
C 10 C BLOCK MARKET
VASANT VIHAR, NEW DELHI
NEW DELHI, DELHI
**Also At**
CRESCENT PARC, SECTOR 92, PATAUDI ROAD, GURGAON, HARYANA
**Also At**
PLOT NO. 46, UDYOG ,VIHAR PHASE IV, GURUGRAM GURGAON, HARYANA
**SUMMONS**
WHEREAS, **OA/104/2022** was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on **25.08.2022.** WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs. 1,42,96,757/-** (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under :
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
(iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal ;
(v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before **Registrar** on **11/10/2022** at **10:30 A.M.,** failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date **12/09/2022.**
**Signature of the Officer Authorised to issue Summons**

# अमित शाह का टीआरएस पर हमला

**● कहा, वोट बैंक की राजनीति के कारण हैदराबाद मुक्ति दिवस अभी तक आधिकारिक रूप से नहीं मनाया गया**

भाषा। हैदराबाद

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) पर परोक्ष हमला करते हुए शनिवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि तेलंगाना में वोट बैंक की राजनीति के कारण हैदराबाद मुक्ति दिवस अभी तक आधिकारिक तौर पर नहीं मनाया गया था, जबकि कुछ नेताओं ने ऐसा करने का वादा किया था। शाह ने कहा कि वह यह दिवस मनाने का फैसला करने के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देना चाहते हैं। वह हैदराबाद मुक्ति दिवस पर यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। हैदराबाद राज्य निजाम शासन के अधीन था और पुलिस ने भारत में इसका विलय कराने के लिए ऑपरेशन पोलो नाम से अभियान चलाया था, जो 17 सितंबर, 1948 को पूरा हुआ था।

शाह ने कहा, ... क्षेत्र के लोगों की मांग थी कि सरकार की भागीदारी से हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाया जाए, लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि 75 साल बीत गए, मगर सत्ता संभालने वाले लोग वोट बैंक की राजनीति के कारण हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने का साहस नहीं जुटा पाए। उन्होंने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए कहा, कई लोगों ने चुनावों और विरोध प्रदर्शनों के दौरान मुक्ति दिवस मनाने का वादा किया, लेकिन जब वे सत्ता में आए, तो रजाकारों (निजाम शासन के सशस्त्र समर्थकों) के भय से अपने वादों से मुकर गए। शाह ने हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह इस बात से हैरान नहीं, अपितु खुश हैं कि जब मोदी ने यह दिन मनाने का फैसला किया, तो सभी ने इसका अनुसरण किया। गृह मंत्री ने मुक्ति दिवस न मनाने वालों पर हमला करते हुए कहा, वे जश्न मनाते हैं, लेकिन हैदराबाद मुक्ति दिवस के रूप में नहीं, उन्हें अब भी डर है। मैं उनसे कहना चाहता हूं, अपने दिल से डर निकाल दो और रजाकार इस देश के लिए फैसले नहीं ले सकते क्योंकि इसे 75 साल पहले आजादी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने तेलंगाना, महाराष्ट्र और कर्नाटक के लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए यह फैसला किया।शाह ने हैदराबाद की मुक्ति का श्रेय देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को दिया। उन्होंने कहा कि यदि सरदार पटेल नहीं होते, तो हैदराबाद को मुक्त कराने में कई और साल लग जाते। उन्होंने कहा कि पटेल जानते थे कि जब तक निजाम के रजाकारों को नहीं हराया जाता, तब तक अखंड भारत का सपना साकार नहीं होगा। शाह ने कोमराम भीम, रामजी गोंड, स्वामी रामानंद तीर्थ, पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव, एम चेन्ना रेड्डी और स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले कई अन्य लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने का मकसद आजादी के संघर्ष की कहानी को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में मुक्ति संग्राम पर शोध होना चाहिए। शाह ने हैदराबाद राज्य में निजाम शासन के दौरान रजाकारों के अत्याचारों का जिक्र किया। उस समय तेलंगाना, वर्तमान महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ जिले भी हैदराबाद में शामिल थे।उन्होंने कहा कि वह तेलंगाना के लोगों और इस दिन को हैदराबाद मुक्ति दिवस नहीं कह सकने वाले लोगों को बताना चाहते हैं कि हजारों शहीदों को श्रद्धांजलि नहीं देना उनके साथ विश्वासघात है।केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कर्नाटक के परिवहन मंत्री बी श्रीरामुलु ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। रेड्डी ने कहा कि पहले केंद्रीय गृह मंत्री पटेल ने 17 सितंबर 1948 को हैदराबाद में तिरंगा फहराया था और 74 साल बाद मौजूदा गृह मंत्री शाह ने ऐसा किया। शिंदे ने बताया कि वह महाराष्ट्र के औरंगाबाद छत्रपति संभाजी नगर से हैदराबाद पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री हर साल औरंगाबाद छत्रपति संभाजी नगर में मुक्ति संग्राम दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हैं और राष्ट्रध्वज फहराते हैं। इससे पूर्व, केंद्रीय गृह मंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विभिन्न लोक कलाओं भी प्रस्तुत की गईं।



हैदराबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में अमित शाह

## सांप्रदायिक ताकतें समाज को बांटने की कर रही हैं कोशिश : चंद्रशेखर

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश और उनके राज्य में सांप्रदायिक ताकतें समाज को बांटने और लोगों में नफरत फैलाने की कोशिश कर रही हैं। राव ने यहां तेलंगाना जतीय समैक्यता दिनोत्सवम (तेलंगाना राष्ट्रीय एकता दिवस) पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर धार्मिक कट्टरता बढ़ती है, तो यह राष्ट्र को नष्ट कर देगी और इसके परिणामस्वरूप मानवीय संबंधों में गिरावट आएगी। उन्होंने कहा, सांप्रदायिक ताकतें अपनी जहरीली टिप्पणियों से लोगों में नफरत फैला रही हैं। राव की यह टिप्पणी केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा हैदराबाद के परेड मैदान में हैदराबाद मुक्ति दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के कुछ देर बाद सामने आई है। राज्य सरकार ने 17 सितंबर को तेलंगाना जतीय समैक्याता दिनोत्सवम (तेलंगाना राष्ट्रीय एकता दिवस) के रूप में मनाया, जबकि केंद्र ने इसे हैदराबाद मुक्ति दिवस नाम दिया है। तेलंगाना सरकार ने 17 सितंबर को तेलंगाना राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने संबंधी अपने फैसले की तीन सितंबर को घोषणा की थी। राव ने विघटनकारी ताकतों पर अपने संकीर्ण और स्वार्थी राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए 17 सितंबर के अवसर को विकृत करने का आरोप लगाया, जो राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा, देश के ताने-बाने को तोड़ने की कोशिश कर रही इन तुच्छ और भ्रष्ट ताकतों के कपटपूर्ण प्रयासों को विफल किया जाना चाहिए। मैं आपको एक बार फिर से चेतावनी देना चाहता हूं कि समाज में ऐसे खतरे हैं जो पलक झपकते ही आपको खतरे में डाल सकते हैं। तेलंगाना का 2014 में गठन होने के बाद की उपलब्धियों को सूचीबद्ध करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में पिछले आठ वर्षों में 2,32,111 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, जिससे 16.50 लाख नौकरियों के अवसर पैदा हुए हैं। राव ने कहा कि 2014 के 57,000 करोड़ रुपए से अधिक के निर्यात की तुलना में 2021 में 1.84 लाख करोड़ रुपए के निर्यात के साथ तेलंगाना आईटी के क्षेत्र में अद्वितीय प्रगति कर रहा है।

## मुंद्रा मादक पदार्थ मामले में अदालत ने तीन आरोपियों को 10 दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेजा

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले के मुंद्रा बंदरगाह से सितंबर 2021 में जब्त की गई 21 हजार करोड़ रुपए की हेरोइन के मामले में शनिवार को एक अदालत ने एक अफगान नागरिक तथा दो अन्य को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की 10 दिन की हिरासत में भेज दिया है। विशेष लोक अभियोजक अमित नायर ने बताया कि तीनों आरोपियों को एनआईए ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था और उन्हें अहमदाबाद में विशेष न्यायाधीश सुभदा बख्शी की अदालत में पेश किया गया। जांच एजेंसी ने 20 दिन की हिरासत की मांग की थी, लेकिन अदालत ने आरोपियों को 10 दिन की रिमांड पर भेज दिया। नायर ने कहा कि इस मामले में अब तक 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मुंद्रा बंदरगाह से 13 सितंबर 2021 को 2988.21 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी।

# पढ़ाई के साथ कौशल भी निखारें युवाः मोदी

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को कहा कि सरकार ने युवाओं के कौशल विकास और नए संस्थानों की स्थापना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं को कौशल, नवीन कौशल और अतिरिक्त कौशल का मंत्र दिया और उन्हें बदलते समय के अनुरूप अपने कौशल को लगातार नया और अद्यतन करने को कहा। उन्होंने कहा कि देश में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार 5,000 से अधिक नए कौशल केंद्र खोलेगी।

आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) के छात्रों के पहले दीक्षांत समारोह को ऑनलाइन तरीके से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि देश में प्रौद्योगिकी के आधुनिक होने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। मोदी ने कहा, आपको भविष्य के अनुरूप अपने कौशल को भी अद्यतन करना होगा। इसलिए आपका मंत्र होना चाहिए स्कीलिंग, रीस्कीलिंग और अपस्कीलिंग। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने क्षेत्रों में घटनाक्रमों पर नजर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं को शिक्षा के साथ ही कौशल में भी समान रूप से दक्ष होना चाहिए, ताकि वर्तमान सदी को भारत की सदी बनाया जा सके। मोदी ने कहा कि पहले आईटीआई की स्थापना 1950 में की गई थी और इसके बाद सात दशक में देश में करीब 10,000 आईटीआई खोले गए। प्रधानमंत्री ने बताया कि बीते आठ वर्ष में उनकी सरकार के कार्यकाल में करीब 5,000 नए आईटीआई खोले गए। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस अवधि में संस्थानों में चार लाख से अधिक सीटें जोड़ी गईं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत अनुभव आधारित शिक्षण को भी बढ़ावा दिया गया है। मोदी ने कहा, आप सभी देख रहे हैं कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा, सौर ऊर्जा, बिजली से चलने वाले वाहनों के क्षेत्रों में किस तरह अगुआ बना है। विभिन्न आईटीआई में इन क्षेत्रों से संबंधित पाठ्यक्रम शुरू करने से रोजगार पाने के इच्छुक लोगों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि आईटीआई के नौ लाख से अधिक छात्रों के कौशल दीक्षांत समारोह के अवसर पर इतिहास रचा गया है। इस दौरान 40 लाख से अधिक छात्र वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर अपने कौशल से छात्र नवाचार के पथ पर पहला कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आपकी शुरुआत जितनी सुखद है, आपकी यात्रा भी उतनी ही रचनात्मक होगी। पिछले आठ वर्षों में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने भगवान विश्वकर्मा की प्रेरणा से कई नई योजनाओं की शुरुआत की है और कौशल विकास पर जोर देकर श्रमेव जयते की परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है।



# पनीरसेल्वम ने पूर्व मंत्रियों पर डीवीएसी के छापों पर बचाव करना बंद किया

भाषा। चेन्नई

**पूर्व मुख्यमंत्री** व अन्नाद्रमुक के बर्खास्त नेता ओ. पनीरसेल्वम ने पार्टी के पूर्व मंत्रियों के खिलाफ सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधी निदेशालय (डीवीएसी) के छापों पर शनिवार को लगभग बचाव करना बंद कर दिया और कहा कि उन्हें अपनी बेगुनाही खुद साबित करनी होगी। अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्रियों के खिलाफ द्रमुक सरकार की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए पनीरसेल्वम ने कहा कि सतर्कता विभाग के छापे प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं और जिनके खिलाफ आरोप लगे हैं, बेगुनाही उन्हें ही साबित करनी चाहिए। तर्कवादी नेता ई. वी. रामसे पेरियार की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में पनीरसेल्वम ने कहा, सरकार अपना काम कर रही है। आरोपी व्यक्ति को अपनी बेगुनाही खुद साबित करनी चाहिए। द्रमुक के पिछले साल सत्ता में आने के बाद से ही पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के कई मंत्री सतर्कता विभाग के रडार पर हैं। इस सप्ताह भी अन्नाद्रमुक के ऐसे दो नेताओं के परिसरों पर छापे मारे गए। विरोधी के. पलानीस्वामी समूह के नेता एवं पूर्व मंत्री डी. जयकुमार के इस आरोप पर कि द्रमुक सरकार पनीरसेल्वम के खिलाफ नरम रुख अपना रही है, उन्होंने कहा कि उनका रिकॉर्ड बिलकुल साफ है। पनीरसेल्वम ने कहा, मुख्यमंत्री दिवंगत जे. जयललिता ने मुझे 2001-02 और फिर 13 साल बाद मुझे दो बार मुख्यमंत्री बनाया... मैं उनके प्रति वफादार था और कैडर के रूप में काम किया।

## क्विक न्यूज

### अनुच्छेद 370 के समाप्त होने से जम्मू कश्मीर के लोगों की मानसिकता पर गहरा असर पड़ा हैः तारिगामी

**श्रीनगर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता एम वाई तारिगामी ने शनिवार को कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने, से केन्द्र शासित प्रदेश के लोगों की मानसिकता पर गहरा असर पड़ा है। वाम दल ने अपने राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत यहां प्रेस कॉलोनी में प्रदर्शन किया और महंगाई, बेरोजगारी, कामकाजी ,किसानों,सेब उगाने वालों तथा लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले के खिलाफ आवाज उठाई। हाथों में तख्ती लिए प्रदर्शनकारियों ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के खिलाफ नारे लगाए।

### मैं असली शिवसेना का प्रमुख : उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि वह उस असली शिवसेना के प्रमुख हैं, जिसकी स्थापना चार पीढ़ियों के सामाजिक कार्यों से हुई है। यहां शिवसेना भवन में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि शिवसेना को छीना या खरीदा नहीं जा सकता। ठाकरे ने कहा कि पहले भी फूट डालकर और दलबदल के जरिए शिवसेना को कमजोर करने के प्रयास किए गए थे, जो विफल रहे थे और ए प्रयास अब भी सफल नहीं होंगे। शिवसेना प्रवक्ता एवं लोकसभा सदस्य विनायक राउत ने बताया कि ठाकरे ने पार्टी पदाधिकारियों से जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और पार्टी संगठन को मजबूत करने पर ध्यान देने को कहा। ठाकरे ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि शिवसेना की वार्षिक दशहरा रैली मुंबई के शिवाजी पार्क में पारंपरिक स्थान पर ही होगी और उनसे इस आयोजन के लिए तैयार रहने को कहा।

### तृणमूल कांग्रेस नीत बंगाल में जंगल राज है : भाजपा

**कोलकाता।** राज्य सचिवालय नबान्न तक मार्च निकालने के दौरान हाल में घायल हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलकर लौटे भाजपा शिष्टमंडल के एक सदस्य ने शनिवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस नीत पश्चिम बंगाल में जंगल राज है। भारतीय जनता पार्टी के पांच सदस्ईय शिष्टमंडल ने सरकारी अस्पताल में भर्ती पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट की। प्रतिनिधि मंडलमें भाजपा के राज्यसभा सदस्य ब्रजलाल और पूर्व केन्द्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ शामिल थे। पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद लाल ने कहा, पात्रता होने के बावजूद स्कूलों में नौकरी नहीं पाने वाले अभ्यर्थियों की तकलीफों को सामने लाने के लिए नबानन तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन निकाल रहे हमारे कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा बुरी तरह प्रताड़ित किए जाने की बात उनकी मुंह-जुबानी सुनकर हम सकते में है।

### बिहार में पहली बार मौज पर टेलैंटहंट

**मुंबई।** भारत के नंबर एक शार्ट वीडियो ऐप डवर ने बिहार में पहला भोजपुरी टैलेंट हंट लॉन्च किया है। 1 सितंबर से शुरू हो चुके इस 45 दिनों की लंबी प्रतियोगिता में मौज करेगा खोज बिहार के प्रतिभाशाली कंटेंट क्रिएटर्स की । क्रिएटर्स के पास है मौका अपने दर्शकों का मनोरंजन कराने और जितने का । बिहार हमेशा से प्रतिभावान अभिनेताओं का घर रहा है। इस अभियान का उद्देश्य ऐसे बिहारवासिओं की खोज करना है जो मनोरंजन की दुनिया में अपना करियर बनाना चाहते हैं। डवर विभिन्न भाषाओं में अपनी अभिनव और कंटेंट क्रिएशन पहल के साथ भारत में टैलेंट हंट परिदृश्य को बदल रहा है। डवर पर जो क्रिएटर्स भोजपुरी में कंटेंट बनाते हैं, चाहे वह किसी भी उम्र और जेंडर के हों, हैशटैग चुनौतियों में भाग ले सकते है। क्रमशः नृत्य, कॉमेडी और अभिनय में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

### जिंदगी अब एयरटेल पर उपलब्ध होगी

**मुंबई।** जिंदगी ने सीमा पार से ऐसी कहानियां लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिन्होंने हमें बांधे रखा है, हमारा मनोरंजन किया है और सबसे बढ़कर हमें प्रेरित किया है। एयरटेल पर एक विशेष सेवा शुरू करने के लिए तैयार,जिंदगी का लक्ष्य दर्शकों को अनूठी और मनोरंजक पेशकशों की अधिकता प्रदान करना है। विचारोत्तेजक और अलग-अलग कहानियों को जन-जन तक पहुंचाने में चैनल लगातार सबसे आगे रहा है। यह सेवा एयरटेल के पहले 10 दिनों के लिए मुफ्त होगी और उसके बाद 2.5 रुपये प्रति दिन होगी। सब्सक्राइब करने के लिए आपको 9154052102 पर मिस कॉल देना होगा। व्यापक दर्शकों का मनोरंजन करने और उनके लिए एक रोमांचक लाइन-अप लाने के लिए तैयार, जिंदगी,एयरटेल आज शाम 7 बजे दमपुख्त आतिश ए इश्कत के साथ शुरू होगी, जिसमें प्रतिभाशाली नौमान एजाज, बिलाल अब्बास खान और सोनिया मिशाल अभिनीत होंगे, इसके बाद डाइजेस्ट राइटर 8.30 बजे होंगे।

## युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बेरोजगार मेले का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शनिवार को बेरोजगारी के मुद्दे को उठाते हुए बेरोजगार मेले का आयोजन किया और कहा कि प्रधानमंत्री को युवाओं को रोजगार देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। युवा कांग्रेस के कार्यालय परिसर में बेरोजगार मेले का आयोजन किया गया। संगठन की ओर से जारी बयान के अनुसार, भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की सरकार जब से आई है, देश के युवाओं के लिए बेरोजगारी की सौगात लाई है। इसलिए, आज देश के बेरोजगार युवा उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मना रहे है। उन्होंने दावा किया, देश में आज बेरोजगारी दर 8.3 प्रतिशत है। एक युवा राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा खतरनाक स्थिति और कुछ नहीं हो सकती है। मोदी जी ने देश के युवाओं से हर वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वायदा किया था, उस हिसाब से आज देश में 16 करोड़ युवाओं को रोजगार मिल जाना चाहिए था, पर असलियत यह है कि गत आठ वर्षों में 22 करोड़ लोगों ने आवेदन किए और उसमें से सिर्फ 7 लाख लोगों को रोजगार मिला। श्रीनिवास ने कहा, हम प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह करते है कि वह देश के बेरोजगार युवाओं पर भी थोड़ा ध्यान दें और उनके रोजगार के लिए भी जल्द से जल्द कोई ठोस कदम उठाएं।

## कश्मीरी पंडितों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने को प्रवासी बीएलओ को प्रशिक्षित किया गया

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में मतदाता सूची के विशेष सारांश संशोधन के साथ कश्मीरी पंडितों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए यहां अधिकारियों ने बूथ स्तर के प्रवासी अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग ने कश्मीरी प्रवासी फोटो मतदाता सूची के विशेष सारांश संशोधन के लिए पहले ही जम्मू, उधमपुर और दिल्ली में तीन सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (प्रवासी) नियुक्त किए है। अधिकारी ने कहा कि अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची के मौजूदा विशेष सारांश संशोधन और विभिन्न आईटी अनुप्रयोगों के बेहतर संचालन को लेकर जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने शुक्रवार को अपने मुख्यालय में प्रवासी बीएलओ के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को प्रशिक्षण संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल सलगोत्रा ने दिया, जिन्होंने सारांश संशोधन के सभी चरणों और पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। प्रशिक्षण 15 सितंबर से शुरूहुआ और 25 अक्टूबर तक चलेगा।

# पुजारियों ने केदारनाथ के गर्भगृह की दीवारों पर सोने की परत चढ़ाने का किया विरोध

भाषा। देहरादून

**केदारनाथ के** पुजारियों के एक वर्ग ने मंदिर के गर्भगृह के अंदर दीवारों पर सोने की परत चढ़ाने का विरोध करते हुए कहा है कि यह इसकी सदियों पुरानी परंपराओं के साथ छेड़छाड़ है। तीर्थ पुरोहितों ने सोना चढ़ाने का विरोध करते हुए कहा है कि इस प्रक्रिया में बड़ी ड्रिलिंग मशीन के इस्तेमाल से मंदिर की दीवारों को नुकसान हो रहा है। प्रसिद्ध मंदिर की दीवारों को चांदी की परत से ढका गया था, जिन्हें हटाकर उनकी जगह सोने की परत चढाई जा रही है।

मंदिर की दीवारों पर सोने की परत चढ़ाने की प्रक्रिया तब शुरू की गई, जब महाराष्ट्र के एक शिव भक्त ने स्वेच्छा से इस उद्देश्य के लिए सोना देने की पेशकश की थी और उनके प्रस्ताव को बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने राज्य सरकार की अनुमति से स्वीकार कर लिया था। केदारनाथ में संतोष त्रिवेदी नाम के पुजारी ने कहा, सोने की परत चढ़ाने से मंदिर की दीवारों को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके लिए बड़ी ड्रिलिंग मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। हम मंदिर की सदियों पुरानी परंपराओं के साथ इस छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं कर सकते। हालांकि, पुजारी इस मुद्दे पर बंटे हुए हैं, क्योंकि कुछ वरिष्ठ पुजारी मंदिर के गर्भगृह के अंदर वर्तमान में जारी जीर्णोद्धार कार्य के पक्ष में हैं। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी श्रीनिवास पोस्ती और केदार सभा के पूर्व अध्यक्ष महेश बगवाड़ी ने कहा कि मंदिर सनातन आस्था का एक प्रमुख केंद्र है और इसकी दीवारों पर सोना चढ़ाना हिंदू मान्यताओं और परंपराओं के अनुरूप है। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि मंदिर की दीवारों पर सोने की परत चढ़ाने का विरोध जायज नहीं है, क्योंकि यह मूल ढांचे से छेड़छाड़ किए बिना परंपराओं के अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, समय-समय पर मंदिर का जीर्णोद्धार और सौंदईकरण एक सामान्य प्रथा है।



त्रिपुरा में भगवान विश्वकर्मा की पूजा के अवसर पर सेना के जवान हथियारों की पूजा करते हुए

# प्रशांत किशोर को कोई प्रस्ताव नहीं दिया : ललन सिंह

भाषा। पटना

**जनता दल** (यूनाइटेड) के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने शनिवार को आरोप लगाया कि चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर बिहार में पैठ बनाने के वास्ते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पेशकश को ठुकराने के किशोर के दावे को खारिज करते हुए सिंह ने कहा कि किशोर राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि व्यवसाई हैं, जो मार्केटिंग रणनीति का सहारा लेते हैं।

जद(यू) अध्यक्ष ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आर सी पी सिंह के संदर्भ में टिप्पणी करते हुए कहा, हम जानते हैं कि प्रशांत किशोर कुछ समय से भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। भाजपा का एक एजेंट हाल में मजिस्ट्रेट चेकिंग के दौरान पकड़ा गया था। सिंह ने कहा, भाजपा बिहार में साजिशों पर भरोसा कर रही है। पहले उसने आर सी पी सिंह का इस्तेमाल किया और अब वह प्रशांत किशोर का इस्तेमाल कर रही है। लेकिन हम सतर्क हैं। हम इन साजिशों को सफल नहीं होने देंगे।

जद (यू) अध्यक्ष की टिप्पणी के कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रशांत किशोर की बैठक हुई थी। इसके बाद किशोर ने दावा किया था कि उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री के साथ सीधी स्पष्ट बात की थी। किशोर ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि शराबबंदी, जो उनके सबसे पसंदीदा कदमों में से एक है, राज्य में पूरी तरह से विफल रहा है और इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। किशोर ने हाल में जन सुराज अभियान शुरू किया, जिसके तहत वह अगले महीने 3,500 किलोमीटर लंबी राज्यव्यापी पदयात्रा शुरू करेंगे। किशोर ने कुमार के एक खास प्रस्ताव को भी ठुकराने का दावा किया। सिंह ने दावा किया, बिहार में नई राजनीतिक स्थिति बनने के बाद प्रशांत किशोर नीतीश कुमार से मिलना चाहते थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से बात की, जिन्होंने उन्हें पहले पार्टी अध्यक्ष से बात करने के लिए कहा। इसलिए वह नई दिल्ली में मुझसे मिलने आए। जद(यू) अध्यक्ष ने दावा किया, मैंने उनसे कहा कि पार्टी में उनकी वापसी पर विचार किया जा सकता है, अगर वह पार्टी के अनुशासन का पालन करने के लिए सहमत हों। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात का समय लिया, जो उनसे मिलने के लिए राजी हुए और समय दिया। लेकिन, अपनी मार्केटिंग रणनीति के तहत, उन्होंने मीडिया से कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री आवास पर बुलाया गया है, लेकिन वह नहीं जाएंगे। सिंह ने कहा, बाद में, पवन वर्मा के नीतीश कुमार से मिलने के बाद, वर्मा ने किशोर के साथ बात की। किशोर ने फिर से मुख्यमंत्री से मिलने की इच्छा व्यक्त की और वे मिले। लेकिन कोई उन्हें कोई प्रस्ताव क्यों देगा? वह कौन हैं? उल्लेखनीय है कि किशोर 2014 में तब चर्चा में आए, जब उनकी कंपनी आईपैक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शानदार सफल प्रचार अभियान को संभाला, जो उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री और लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे।

# राज्य विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को कमजोर नहीं होने दूंगाः आरिफ

भाषा। कोच्चि

**केरल के** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार को विश्वविद्यालयों के कुलपति नियुक्त करने का अधिकार नहीं दिया जा सकता, क्योंकि यह कार्यकारी हस्तक्षेप के समान होगा। राज्यपाल का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब एक दिन पहले राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने खान द्वारा राज्य विश्वविद्यालयों की नियुक्ति प्रक्रिया में कथित भाई-भतीजावाद पर दिए बयान को बेतुका बताते हुए उनकी आलोचना की थी। खान ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कम योग्य और अयोग्य लोगों को सिर्फ इसलिए नियुक्त करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि वे मुख्यमंत्री के निजी कर्मचारियों से संबंधित हैं। स्पष्ट रूप से नाराज नजर आ रहे राज्यपाल ने कहा कि ए संस्थान केरल के लोगों के हैं और ए उन लोगों के नहीं हैं, जिनके पास थोड़ा-बहुत अधिकार है। खान ने कहा कि यदि कोई योग्य है, तो उनका स्वागत है और जहां तक योग्य लोगों का सवाल है, तो उन पर कोई आपत्ति नहीं उठाई जा सकती। उन्होंने कहा, सरकार को कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार नहीं दिया जा सकता... मैं स्पष्ट रूप से यह कह रहा हूं... यह कार्यकारी हस्तक्षेप के समान होगा। खान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पहले उन्हें पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने भरोसा जताया था कि किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, और अब वे प्रस्ताव रख रहे हैं कि वे कुलपति की नियुक्ति करेंगे। इसका मतलब होगा कि शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को कमजोर करना। जब तक मैं यहां हूं, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को कमजोर नहीं होने दूंगा। हाल में राज्य विधानसभा द्वारा पारित लोकायुक्त (संशोधन विधेयक) के बारे में पूछे जाने पर, खान ने कहा कि किसी समय सीमा का कोई सवाल ही नहीं है और योग्यता के आधार पर विचार किया जाएगा। खान ने कहा कि उन्होंने अभी तक लोकायुक्त विधेयक की फाइल नहीं देखी है तथा उन्होंने विधेयक के पारित होने संबंधी विधानसभा की कार्यवाही और इस संबंध में समाचार रिपोर्ट देखी हैं। उन्होंने कहा कि न्यायशास्त्र का एक बुनियादी नियम है, जो कहता है कि अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ कोई शिकायत है, तो वह अपने मामले में निर्णय नहीं दे सकता। खान ने विश्वविद्यालय में नियुक्ति संबंधी मुख्यमंत्री के बयान का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि विजयन कम से कम अब पर्दे के पीछे से खेल खेलने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं उनके बयान का समर्थन करता हूं, क्योंकि वह कम से कम अब पर्दे के पीछे से खेल खेलने की कोशिश नहीं कर रहे। राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कुछ कुलपतियों से कुलाधिपति के आदेशों की अवहेलना करने को कहा और उन कुलपतियों एवं इरफान हबीब जैसे छद्म माध्यमों का इस्तेमाल करने के बजाय विजयन कम से कम अब खुलकर सामने आए हैं।



# महाराजा चार्ल्स ने धार्मिक विविधता के संरक्षण का लिया संकल्प

**भाषा।** लंदन





**ब्रिटेन** के नए महाराजा चार्ल्स तृतीय ने देश की धार्मिक विविधता और राष्ट्रमंडल के विभिन्न समुदाय की संप्रभुता की रक्षा करने के अतिरिक्त कर्तव्य का संकल्प लिया।

चार्ल्स ने बकिंघम पैलेस के बाउ रूम में शुक्रवार शाम को विभिन्न धर्मों एवं संप्रदायों के नेताओं के समूह को संबोधित करते हुए कहा कि उनका हमेशा से विचार रहा है कि ब्रिटेन विभिन्न समुदायों का समुदाय है। दिवंगत महारानी एलिबेथ द्वितीय के ताबूत को वेस्टमिंस्टर हॉल तक अंतिम यात्रा से पहले इसी कक्ष में रखा गया था। इसमें ब्रिटेन में हिंदू, सिख, इस्लाम और बौद्ध संगठनों के प्रतिनिधि तथा कैथोलिक गिरजाघर, ग्रीक ऑर्थोडॉक्स गिरजाघर, चर्च ऑफ स्कॉटलेंड के पादरियों के साथ ही लंदन के प्रमुख रब्बी और एक पारसी पुजारी शामिल हुए।

इस बैठक में शामिल हुए लोगों में नेटवर्क ऑफ सिख ऑर्गेनाइजेशंस (एनएसओ) के निदेशक लॉर्ड इंद्रजीत सिंह भी शामिल थे।

विभिन्न धर्मों-संप्रदायों के करीब 30 नेताओं को संबोधित करते हुए नए महाराजा ने कहा, ब्रिटेन को लेकर मेरा हमेशा से विचार रहा है कि यह समुदायों का समुदाय हो। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि एक ऐसा अतिरिक्त कर्तव्य है जिसे औपचारिक रूप से अपेक्षाकृत कम मान्यता दी गई है लेकिन इसे किसी भी तरह से कमतर नहीं समझा जा सकता है। यह कर्तव्य हमारे देश की विविधता की रक्षा करना है, जिसमें विभिन्न आस्थाओं और धर्मों, संस्कृतियों, परंपराओं एवं विश्वास के जरिए उनके अनुपालन की रक्षा करना शामिल है।

उन्होंने कहा, विविधता केवल हमारे देश के कानूनों में समाहित नहीं है बल्कि यह मेरी आस्था से भी जुड़ी है। आंग्ल ईसाई संप्रदाय के प्रति प्रतिबद्ध चार्ल्स ने कहा कि वह सभी आस्थाओं की रक्षा करने और अपनी प्यारी मां द्वारा तैयार किए गए आधार को मजबूत करने में विश्वास करते हैं।

महाराजा के तौर पर चार्ल्स अब चर्च ऑफ इंग्लैंड के प्रमुख है। उन्होंने इसकी पुष्टि की कि संभावित रूप से अगले साल होने वाले उनके राज्याभिषेक में कोई बदलाव नहीं होगा और महाराजा का पद संभालने पर वह पहले ही स्कॉटलैंड में प्रोटेस्टेंट धर्म की रक्षा का संकल्प लेने वाली शपथ लेकर इतिहास में अन्य महाराजों के पदि्चह्नों पर ही चले हैं। चार्ल्स ने कहा कि हालांकि, चर्च ऑफ इंग्लैंड का सदस्य होने के नाते ईसाई धर्म के लिए उनके दिल में प्यार है और वह अन्य आध्यात्मिक मार्गों का अनुसरण करने वाले लोगों के साथ ही धर्मनिरपेक्ष विचारों के अनुसार अपना जीवन जीने की इच्छा रखने वाले लोगों का सम्मान करने का कर्तव्य महसूस करते हैं। इस कार्यक्रम के तुरंत बाद चार्ल्स लंदन के वेस्टमिंस्टर हॉल में रखे दिवंगत महारानी के ताबूत को देखने गए। यह ताबूत सोमवार को दिवंगत महारानी के राजकीय सम्मान के साथ होने वाले अंतिम संस्कार तक यही रखा जाएगा। वेस्टमिंस्टर हॉल में उनके छोटे भाई-बहन प्रिंस एंड्रयू और एडवर्ड तथा प्रिंसेस एनी भी आईं। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के सैन्य वर्दी पहने बच्चे 10 मिनट तक अपना सिर झुकाकर खड़े रहे। दिवंगत महारानी का सोमवार को वेस्टमिंटर एबे में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## महारानी के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे चीन के उपराष्ट्रपति

**बीजिंग।** चीन ने शनिवार को घोषणा की है कि उपराष्ट्रपति वांग किशान महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति शी चिनफिंग के विशेष प्रतिनिधि के तौर पर शामिल होंगे।चीन द्वारा प्रतिबंधित किए गए ब्रिटिश सांसदों के एक समूह ने अंतिम संस्कार के लिए चीनी सरकार को आमंत्रित किए जाने पर चिंता व्यक्त की है।

**Form No. 3**
**[See Regulation-15 (1)(a)]/16(3)**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2)**
1st Floor SCO 33-34-35 Sector-17 A, Chandigarh (Additional space allotted on 3rd & 4th Floor also)
**Case No.: OA/901/2022**
**Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993**
**Exh. No.: 12432**
**ICICI BANK LIMITED**
**VS.**
**AMIT GIRISH**

To,
(1) AMIT GIRISH
D/W/S/O- C K GIRISH
AMIT GIRISH SON OF SHRI C. K. GIRISH, R/O. F-911, GAUR CITY- I, NEAR GOLMURTI CHOWK, GOUTAM BUDH NAGAR, GREATER NOIDA, UTTAR PRADESH - 201301.
PAN NO. AOXPG9441E. 2ND ADDRESS:- C/O PARTHENON TECHNOLOGY PRIVATE LIMITED SENIOR MANAGER, FIRST FLOOR, 5A AND 58, FUSION SQUARE BUILDING NOIDA UTTAR PRADESH - 201303. GAUTAM BUDDHA NAGAR, UTTAR PRADESH
**ALSO AT.**
C/O. PARTHENON TECHNOLOGY PVT LTD SENIOR MANAGER, FIRST FLOOR, 5A AND 58 FUSION SQUARE BUILDING NOIDA GAUTAM BUDDHA NAGAR, UTTAR PRADESH
(2) VANAJA GIRISH
W/O. SH C K GIRISH, F 911 GC4 GAUR CITY I NEAR GOLMURTI CHOWK GOUTAM BUDDHA NAGAR GREATER NOIDA GAUTAM BUDDHA NAGAR, UTTAR PRADESH

**SUMMONS**
WHEREAS, **OA/901/2022** was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on **20/08/2022.**
WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs.10436716.63/-** (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under :
(I) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
(iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal ;
(v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before **Registrar** on **23/11/2022** at **10:30 A.M.,** failing which the application shall be heard and decided in your absence.
**Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date 07/09/2022.**

**Signature of the Officer Authorised to issue Summons**

# अमेरिकी मीडिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की

● पुतिन को यह बताने के लिए प्रधानमंत्री की प्रशंसा की कि यह यूक्रेन में युद्ध का समय नहीं है

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** मीडिया ने रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन को यह बताने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुक्रवार को सराहना की कि यह यूक्रेन में युद्ध करने का समय नहीं है। मोदी और पुतिन के बीच उज्बेकिस्तान के समरकंद में हुई वार्ता को मुख्यधारा की अमेरिकी मीडिया ने व्यापक कवरेज दी। द वाशिंगटन पोस्ट ने शीर्षक दिया, मोदी ने यूक्रेन में युद्ध के लिए पुतिन को फटकार लगाई। दैनिक समाचार पत्र ने लिखा, मोदी ने पुतिन को आश्चर्यजनक रूप से सार्वजनिक फटकार लगाते हुए कहा: आधुनिक दौर युद्ध का युग नहीं है और मैंने आपसे इस बारे में फोन पर बात की है। इसमें कहा गया, इस दुर्लभ निंदा के कारण 69 वर्षीय रूसी नेता सभी पक्षों की ओर से अत्यधिक दबाव में आ गए।

पुतिन ने मोदी से कहा, मैं यूक्रेन में संघर्ष पर आपका रुख जानता हूं, मैं आपकी चिंताओं से अवगत हूं, जिनके बारे में आप बार-बार बताते रहते हैं। हम इसे जल्द से जल्द रोकने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण रूप से, विरोधी पक्ष यूक्रेन के नेतृत्व ने वार्ता प्रक्रिया छोड़ने का ऐलान किया और कहा कि वह सैन्य माध्यमों से यानी युद्धक्षेत्र में अपना लक्ष्य हासिल करना चाहता है। फिर भी, वहां जो भी हो रहा है, हम आपको उस बारे में सूचित करते रहेंगे। यह द वाशिंगटन पोस्ट और द न्यूयॉर्क टाइम्स के वेबपेज की मुख्य खबर थी। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने शीर्षक दिया, भारत के नेता ने पुतिन को बताया कि यह युद्ध का दौर नहीं है। उसने लिखा, बैठक का लहजा मित्रवत था और दोनों नेताओं ने अपने पुराने साझा इतिहास का जिक्र किया। मोदी के टिप्पणी करने से पहले पुतिन ने कहा कि वह यूक्रेन में युद्ध को लेकर भारत की चिंताओं को समझते हैं।

समाचार पत्र ने कहा, मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की यूक्रेन के हमले के बाद पुतिन के साथ पहली आमने-सामने की बैठक के एक दिन बाद टिप्पणियां कीं। चिनफिंग ने रूसी राष्ट्रपति की तुलना में अधिक शांत लहजा अपनाया और अपने सार्वजनिक बयानों में यूक्रेन के जिक्र से बचने की कोशिश की।

## नेपाल में भूस्खलन में 17 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के पश्चिमी हिस्से में पिछले 24 घंटों में भारी वर्षा के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सुदूर पश्चिम प्रांत के अछाम जिले के विभिन्न हिस्सों में भूस्खलन हुआ है। यह प्रांत पिछले कुछ दिनों में हुई भारी वर्षा के कारण बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है। कार्यवाहक मुख्य जिला अधिकारी दीपेश रिजल ने जिले में भूस्खलन से कम से कम 17 लोगों के मरने की पुष्टि की है। यह जिला राजधानी काठमांडू से करीब 450 किलोमीटर पश्चिम में है। अधिकारी ने बताया कि घटनाओं में घायल हुए 11 लोगों को उपचार के लिए हवाई मार्ग से सुरखेत जिला पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि भूस्खलन के बाद तीन लोगों के लापता होने की सूचना है। उन्होंने बताया कि नेपाल पुलिस के कर्मी राहत एवं बचाव के साथ-साथ लापता लोगों की खोज में जुटे हुए हैं।

# शहबाज शरीफ नवंबर में करेंगे नए सेना प्रमुख की नियुक्ति: रक्षा मंत्री

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ नवंबर में समय पर नए सेना प्रमुख की नियुक्ति करेंगे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर अपने निजी फायदे के लिए विवाद खड़ा करने का आरोप भी लगाया। आसिफ के इस बयान से कुछ दिन पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मांग की थी कि नए सेना प्रमुख की नियुक्ति चुनाव के बाद नई सरकार द्वारा की जानी चाहिए। सेना प्रमुख 61 वर्षीय जनरल कमर जावेद बाजवा 29 नवंबर को सेवानिवृत हो जाएंगे और प्रधानमंत्री द्वारा उनके उत्तराधिकारी की घोषणा किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री सेना प्रमुख की नियुक्ति के लिए कानूनी रूप से अधिकृत हैं। आसिफ ने यहां संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, नवाज शरीफ ने चार बार यह राजनीतिक जिम्मेदारी निभाई है और शहबाज नवंबर में यही काम करेंगे। उन्होंने कहा कि संविधान में सेना प्रमुख की नियुक्ति से संबंधित नीति बिल्कुल स्पष्ट है, लेकिन खान इसे विवादास्पद बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वह सिर्फ सेना प्रमुख की नियुक्ति को विवादास्पद बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि किसी के भी मन में संविधान एवं संस्थाओं के प्रति सेना के प्रमुख की निष्ठा पर कोई संदेह नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष खान अपने निजी फायदे के लिए पाकिस्तान को बर्बाद करने से भी नहीं हिचकेंगे। उन्होंने कहा, राजनीति भिन्न है, लेकिन संस्थाओं को विवादास्पद नहीं बनाया जाना चाहिए। सामा टीवी के अनुसार आसिफ ने खान को नए सेना प्रमुख की नियुक्ति को विवादास्पद बनाने की दिशा में नहीं बढ़ने की चेतावनी दी और कहा कि इससे भारत को मजबूती मिलती है। खान ने एक साक्षात्कार में कहा कि वर्तमान प्रधानमंत्री नए सेना प्रमुख को नियुक्त करने के लिए काबिल नहीं हैं और यह मुद्दा अगली सरकार के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए। उन्होंने नए सिरे से चुनाव कराए जाने की भी मांग की। पाकिस्तान में सेना प्रमुख को प्राप्त शक्तियों के चलते उनकी नियुक्ति को लेकर लोगों में बड़ी दिलचस्पी होती है। देश की सुरक्षा के बारे में विभिन्न लोगों के बयानों का हवाला देते हुए रक्षा मंत्री ने चेतावनी दी कि उनके विरूद्ध कार्वाई की जाएगी। वर्तमान सेना प्रमुख जनरल बाजवा छह साल से सेना के शीर्ष पद पर हैं। उन्हें 2016 में सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। तीन साल पूरा हाने के बाद 2019 में तत्काली इमरान खान सरकार ने उनका कार्यकाल और तीन साल के लिए बढ़ा दिया।

# वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक्स लागत घटानी होगी

**भाषा।** कोलकाता



**केंद्रीय** सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश में लॉजिस्टिक लागत चीन, अमेरिका और यूरोपीय देशों से ज्यादा है और इसमें कमी लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जलमार्ग को यात्रियों और माल के परिवहन के लिए एक लोकप्रिय साधन बनाना होगा, इससे पेट्रोल और डीजल की आयात लागत कम होगी। अभी यह सालाना 16 लाख करोड़ रुपए है। यंग इंडियंस और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा शुक्रवार शाम को आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा, हमारी पहली प्राथमिकता जलमार्ग, दूसरी रेलवे, तीसरी सड़क और अंतिम हवाई मार्ग है। लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आने से देश में रोजगार सृजन में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में लॉजिस्टिक्स लागत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 16 फीसदी है और यह बहुत ज्यादा है। चीन में यह दस फीसदी और अमेरिका तथा यूरोप में आठ फीसदी है। उन्होंने कहा, रेल और सड़क परिवहन को जलमार्ग से जोड़ने की जरूरत है।

गडकरी ने कहा कि बायो-डीजल, बायो-सीएनजी जैसे टिकाऊ ईंधन का अधिक इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने गन्ने और बांस की अधिक खेती पर जोर दिया जिससे कि एथनॉल और बायो-एथनॉल जैसे सस्ते ईंधन का उत्पादन हो सके। उन्होंने कहा कि इससे प्रदूषण की भी रोकथाम होगी।

# रिसर्जेंट पॉवर ने एसईयूपीपीटीसीएल का अधिग्रहण पूरा किया

**भाषा।** दिल्ली

**रिसर्जेंट** पॉवर वेंचर्स ने शनिवार को जानकारी दी कि उसने दिवालिया प्रक्रिया के जरिए दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश बिजली पारेषण कंपनी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।

समाधान योजना के अनुसार, लेनदेन में बकाया ऋण का एकमुश्त भुगतान, 3,251 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों की खरीद और दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश बिजली पारेषण (एसईयूपीपीटीसीएल) कंपनी के मौजूदा नकद शेष का भुगतान शामिल था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एसईयूपीपीटीसीएल के समाधान पेशेवर द्वारा जारी आशय-पत्र के अनुरूप रिसर्जेंट पॉवर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है और सभी मौजूदा कर्जदाताओं के कर्ज का निपटान कर दिया है। समाधान प्रक्रिया के क्रियान्वयन के तहत एसईयूपीपीटीसीएल, रिसर्जेंट पॉवर की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी बन गई है। एसईयूपीपीटीसीएल के पास करीब 1,500 किलोमीटर की पारेषण लाइन और पांच उप-केंद्र हैं। परियोजना के तहत करीब 900 किलोमीटर का पारेषण जोड़ अभी पूरा करना है। पारेषण परियोजना पूरा होने पर कुल उद्यम मूल्य करीब 6,500 करोड़ रुपए हो जाएगा।

## मद्रास चैंबर तमिलनाडु के औद्योगिक विकास, फिनटेक, निर्यात संवर्धन को बढ़ावा देगा

**चेन्नई।** उद्योग संघ मद्रास चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) तमिलनाडु में औद्योगिक विकास, फिनटेक, निर्यात संवर्धन को बढ़ावा देने पर ध्यान देगा। एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि उद्योग संघ के इस कदम से राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को बढ़ाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने तमिलनाडु के जीएसडीपी को 1,000 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। एमसीसीआई के अध्यक्ष टी आर केसवन ने कहा कि तमिलनाडु सरकार की महत्वाकांक्षी नान मुधलवन योजना इस दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि उद्योग संघ नए निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार के साथ मिलकर तमिलनाडु में कारोबार शीर्षक से नियामक अनुपालन पर पुस्तक लाएगा। केसवन ने कहा कि तमिलनाडु की जीएसडीपी 2021-22 में 14.6 प्रतिशत बढ़ा और इसके 2022-23 में 14 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

## रूस ने गेहूं और गैस देने की पेशकश की: पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ

**इस्लामाबाद।** ईंधन और जिंसों की बढ़ती कीमतों के बीच रूस ने पाकिस्तान को गेहूं और गैस देने की पेशकश की है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को यह कहा। दो पहले, उज्बेकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लामिदीर पुतिन के बीच मुलाकात हुई थी। इसके बाद इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में आसिफ ने कहा कि रूस ने कहा है कि वह पाकिस्तान को गेहूं दे सकता है।पाकिस्तान में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से फसल तबाह हो गई है। आसिफ ने कहा, उन्होंने (रूस) कहा कि वे हमें गैस दे सकते हैं। रूस ने कहा कि मध्य एशियाई देशों में उनकी गैस पाइपलाइन है और अफगानिस्तान के रास्ते इनका विस्तार पाकिस्तान तक किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान के रूख की सराहना की। इसके बाद इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में आसिफ ने कहा कि रूस ने कहा है कि वह पाकिस्तान को गेहूं दे सकता है।पाकिस्तान में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से फसल तबाह हो गई है।

## आरटीओ संबंधी 58 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीयन और मालिकाना हक के स्थानांतरण जैसी नागरिकों से जुड़ी 58 सेवाओं को आधार सत्यापन के जरिए ऑनलाइन उपलब्ध करवा दिया है।

**PUBLIC NOTICE**
Punjab National Bank, Shalimar Bagh Delhi Intends to Create Equitable Mortgage in Respect of Property Bearing No 231, Block-H, Sector Alfa-02, Geater Noida, Gautambudh Nagar, U.P. in The Name of Mr. Avdhesh Singh Chauhan. Any Person Having Any Interest or Title in or Above Mentioned Property or otherwise Having Any Objection Can Make Representation to The Bank With in Seven Days.
**SANTOSH KUMAR MISHRA**
(PANEL ADVOCATE)
(PUNJAB NATIONAL BANK)
ENRL. No. D/880/200
9560522777
Mobile No.9996392179
(Branch Manager)

# प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति की शुरुआत की

**भाषा।** नई दिल्ली




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति की शुरुआत करते हुए कहा कि यह नीति परिवहन क्षेत्र की चुनौतियों का समाधान देने वाली, अंतिम छोर तक डिलिवरी की गति बढ़ाने और कारोबारों के लिए धन की बचत करने वाली है। इस नीति से कारोबारों की लॉजिस्टिक लागत मौजूदा 13-14 फीसदी से घटकर एकल अंक में आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारतीय बंदरगाहों की कुल क्षमता में काफी वृद्धि हुई है और पोतों का औसत टर्न-अराउंड टाइम 44 घंटे से घटकर अब 26 घंटे पर आ गया है। उन्होंने कहा कि बंदरगाहों और समर्पित माल गलियारों को जोड़ने वाली सागरमाला परियोजना ने लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी तथा अवसंरचना विकास के व्यवस्थित कार्यों में सुधार लाना शुरू कर दिया है। मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और यह विनिर्माण के केंद्र के तौर पर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को विश्व ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक क्षेत्र को मजबूती देने के लिए सरकार प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रही है और सीमाशुल्क में बिना अधिकारी के सामने जाए आकलन की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। वहीं ई-वे बिल तथा फास्टैग भी लॉजिस्टिक क्षेत्र में प्रभावशीलता बढ़ा रहे है। विश्वभर के बाजारों में भारतीय उत्पादों की पैठ बनाने के लिए इसके समर्थन तंत्र को मजबूत करने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति समर्थन प्रणाली को आधुनिक बनाने में मदद देगी। मोदी ने बताया कि वैश्विक विशेषज्ञों का कहना है कि भारत लोकतंत्र की महाशक्ति के तौर पर उभर रहा है और ए विशेषज्ञ भारत के अभूतपूर्व कुशल परिवेश से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, विशेषज्ञ भारत के दृढ़-निश्चय एवं प्रगति की सराहना कर रहे हैं। ड्रोन नीति का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे लॉजिस्टिक क्षेत्र बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि महामारी के दो वर्ष के बाद वृद्धि को गति देने में मदद की खातिर बनाई गई यह नीति नियमों को व्यवस्थित करेगी, आपूर्ति श्रृंखला के अवरोधकों को दूर करेगी और ईंधन लागत तथा लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए रूपरेखा देगी। केंद्र सरकार बीते तीन साल से राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति पर काम कर रही है। वाणिज्य मंत्राल यने मसौदा नीति 2019 में जारी की थी लेकिन कोविड-19 के कारण इसमें विलंब हुआ। बजट 2022-23 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक बार फिर इस नीति की घोषणा की।

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**
**CHANGE OF NAME**
**I, Kumari Snehlata Gupta** W/o Mr. Sachin Kumar R/o. UGF-3, Plot No. 282, Sector-4, Vaishali, Ghaziabad, U.P. have changed my name to Snehlata Gupta for all future purposes.
PD(90174)A

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**
ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उमेश कुमार यादव/ गार्गी यादव/ LBDEL00000388928 | प्लॉट नंबर ए- 50, सेक्टर नंबर- सी -7, ट्रोनिका सिटी, लोनी गाजियाबाद/ 14 सितंबर, 2022 | जून 19, 2021 रु. 5,31,690/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मोहित बन्सल/ एकता बन्सल/ LBGHZ00002926824 | फ्लैट नंबर सी 1- 1906, जेकेजी पाम कोर्ट- प्लॉट नंबर जीएच-01डी, 19वीं मंजिल पाम कोर्ट टॉवर-सी1, सेक्टर-16-सी ग्रेटर नोएडा, नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश/ 14 सितंबर, 2022 | मार्च 31, 2018 रु. 37,63,157/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | संधि शर्मा/ अमित शर्मा/ LBNOD00002110898 | फ्लैट नंबर 209 पहली मंजिल, टॉवर- सुकरात 3 सुपरटेक सी ज़ार प्लॉट नंबर जीएच-02 सेक्टर-ओमाइक्रोन- I ग्रेटर नोएडा- 201308/ 14 सितंबर, 2022 | मार्च 06, 2021 रु. 5,80,465/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | बोस्की निर्वाण/ दिनेश राणा/ LBGUR00002316391 | फ्लैट नंबर बी 504 5वीं मंजिल कासा ग्रांडे, प्लॉट नंबर 07 ए, सेक्टर सीएचआई-वी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 14 सितंबर 2022। | अगस्त 30, 2021 रु. 30,26,725/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | निधि/ रवि छाबड़ा/ राजिंदर पाल/ LBNOD00002235160 | यूनिट नंबर एल-2108, 21वीं मंजिल, टावर-एल, अजनारा होम्स, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर-16बी, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा यूपी/ 14 सितंबर, 2022 | सितंबर 28, 2017 रु. 30,48,518/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | मयंक अभिषेक/ नैना सिंह/ LBNOD00004104563 | फ्लैट नंबर 1703, ओएसिस वेनेशिया हाइट्स-टॉवर ए, प्लॉट नंबर एचआरए-12/ए, 17वीं मंजिल, सेक्टर सूरजपुर स्टे सी (एक्सटेंशन), फेज-II, ग्रेटर नोएडा (यूपी)/ 14 सितंबर, 2022 | जनवरी 30, 2020 रु. 30,50,100/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : सितंबर 17, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाया प्रधानमंत्री मोदी का 72वां जन्मदिन

## ● जिला मंत्री रामबाबू गुप्ता समेत दर्जनों भाजपाईयों ने किया रक्तदान

संवाददाता। चित्रकूट


रक्तदान करते वरिष्ठ भाजपा नेता रामबाबू गुप्ता पायनियर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 72 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विविध आयोजन किया गया। जिला चित्रकूट इंटर कॉलेज, तहसील राजापुर, मऊ, मानिकपुर में में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से सम्बंधित प्रदर्शनी लगाई गई। इसके अलावा जिला चिकित्सालय में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा समेत सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान-महादान का संदेश दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मोत्सव बडे हर्षोल्लाष के साथ मना रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव पर रक्तदान करके यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा ने कार्यकर्ताओं का निर्माण नहीं किया अपितु समाज में लोगों को साथ जोड़कर उनको दर्द को अपना दर्द समझे। ऐसे कार्यकर्ता केवल भारतीय जनता पार्टी के ही हो सकते हैं। जिससे लोगों में एक विश्वास की चेतना जागृत हुई है। कहा कि पीएम मोदी का जीवन उपलब्धियों से भरा है, जो हम सबके के लिए अनुकरणीय है। पीएम मोदी के जन्मदिन को सभी भाजपा कार्यकर्ता ने जिले में अलग-अलग तरीके से सेवा भाव के जरिए जन्म उत्सव मना रहे हैं। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा ने कहा कि पीएम मोदी नेतृत्व में कई योजनाओं का शुभारंभ किया है, जो कि आने वाले समय में देश के युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।कहा कि पीएम मोदी की छवि आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं में शुमार है। आज भी हर वर्ग हर तबके के लोग मोदी जी से प्रभावित है और उनको पसंद करते हैं। भाजपा कार्यकर्ता सेवा कार्य में जुट कर राष्ट्र के प्रति अपने जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहे । इसके अलावा पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि मोदी जी ने देश के विकास में दिन रात लगे हैं। आज देश में समावेशी विकास हो रहा है और इसका डंका विदेशों में भी बज रहा है। जिला मंत्री रामबाबू गुप्ता ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्म उत्सव सेवा पखवाडा के रूप में मनाया जा रहा है।युवा मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने 35 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल,चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता,जिला मंत्री रामबाबू गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा, प्रमेंद्र प्रताप सिंह, मोहित मिश्रा, गौरव करवरिया, अमन पटेल, धर्मेंद्र त्रिपाठी, आदित्य तिवारी, पुष्पराज मित्रा, नागेंद्र त्रिपाठी, मनीष त्रिपाठी, शानू त्रिपाठी,सुमित गुर्जर, जितेंद्र केसरवानी, मयंक सिंह, अखिलेश उपाध्याय, अभय मिश्रा, रोहित पटेल, ,शुभम गुप्ता,शहबाज खान, जिला सह मीडिया प्रभारी अर्पित जयसवाल, राम बाबू गुप्ता, छोटा गुप्ता, अर्चना सिंह, नगर अध्यक्ष श्याम गुप्ता,बच्चन पांडेय, आदि शामिल रहे।

## दशहरा मेला समिति का रामराजा को चुना गया अध्यक्ष

**जालौन ( उरई )।** श्रीरामलीला समिति के तत्वाधान में आयोजित दशहरा मेला समिति के चयन में रामराजा निरंजन को दशहरा मेला समिति का अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने दशहरा मेला को भव्य बनाने की बात कही। श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में दशहरा मेला समिति के पदाधिकारियों का चयन के लिए बैठक का आयोजन स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ। जिसमें दशहरा मेला समिति के पदाधिकारियों में ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन को सर्वसम्मति से दशहरा मेला समिति का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा महामंत्री पद पर सोनू चौहान, कोषाध्यक्ष रामजी अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष अतुल हर्षे, दीपू त्रिपाठी, डॉ. ब्रजेंद्र दुबे, सुरेश राव डेंगरे व प्रेमदास गुप्ता उर्फ भूरे मामा को चुना गया। बैठक में दशहरा मेला समिति के अध्यक्ष रामराजा निरंजन ने कहा कि इस बार दशहरा मेला को भव्य और आकर्षक बनाया जाएगा। रावण दहन का कार्यक्रम भी भव्य तरीके से संपन्न होगा।

# मुख्य धारा से जुड़ने के लिए समाज में एकजुटता और जागरूक लाना जरूरीः अजितेश जायसवाल

संवाददाता। चित्रकूट


प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते जायसवाल समाज के युवा पायनियर

**मुख्यालय** स्थित कामदगिरि भवन में युवा जायसवाल-शिवहरे समाज की परिचय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे जयसवाल युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजितेश जायसवाल उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजितेश जायसवाल ने समाज के सभी युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज कलचुरी समाज में अनेक सभाएं एवं महासभा काम कर रही हैं। प्रत्येक संस्था का अपना अपना दायरा है। अपने-अपने सिद्धांत एवं नीतियां हैं किंतु इस बात को झुठलाया नहीं जा सकता कि सबका लक्ष्य एक है कि धरातल पर हमारा समाज आगे बढ़े। जो आर्थिक रूप से शिक्षित रूप से सामाजिक रुप से जो पिछड़े हुए समाज के लोग को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे लाकर जायसवाल शिवहरे समाज मुख्यधारा से जोड़ने का काम करें। समाज में सभी के पास जाएं उनके सुख दुख साथी बने। उनके समस्याओं का निदान करें । तभी हम एक अच्छे समाज के कल्पना कर सकते हैं। एवं समाज के सभी वरिष्ठ जनों ने और अजितेश जायसवाल ने जायसवाल युवा मंच का चित्रकूट जिला अध्यक्ष अर्पित जायसवाल को मनोनीत किया। वहीं जायसवाल युवा मंच के जिलाध्यक्ष अर्पित जायसवाल ने सभी को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करूंगा। समाज के प्रति लोगों को जागरूक करूंगा और उनके सुख-दुख में शामिल होऊंगा और समाज को निरंतर आगे बढ़ाने का काम करूंगा। कार्यक्रम का संचालन राजेश जायसवाल जी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध उद्योगपति एम0पी0 जायसवाल ने की एवं कार्यक्रम प्रभारी पप्पू जायसवाल सभी का आभार व्यक्त किया।

# दलित नाबालिग को अगवा कर हवस का शिकार बनाने वाले मुख्य आरोपी शिवा निषाद को पुलिस ने दबोचा

## ● बेडीपुलिया बस स्टैंड के पास हुई मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी

संवाददाता। चित्रकूट



**जिले की** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग दलित किशोरी को घर से अगवा कर राजापुर ले जाकर जबरन दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त शिवा निषाद को किया गिरफ्तार कर लिया है। पकडा गया मुख्य आरोपी मुख्यालय से सटे कपसेठी गांव का निवासी है। आरोपी ने पीडिता को अपनी हवस का शिकार बनाने के बाद बेहोशी की हालत में रामघाट के पास फेंक कर फरार हो गया था। शनिवार को पत्रकार वार्ता कर पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के नेतृत्व में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 397/2022 धारा 363,452,376द,323,504,506 भादवि0 व 3(2)5 एससी/एसटी व 7/8 पॉक्सो एक्ट के मुख्य अभियुक्त शिवा निषाद पुत्र राजाबाबू निवासी कपसेठी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया । एसपी ने बताया कि शुक्रवार को चित्रकूट जिले की चौकी सीतापुर अन्तर्गत रामघाट के पास एक अवयस्क बालिका के अचेत अवस्था में होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। जिसमें पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर बालिका को जिला अस्पताल सोनेपुर कर्वी ले जाकर इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जिसमें परिजन द्वारा अज्ञात अभियुक्त के विरूद्ध बालिका को घर से बहला फुसलाकर लिवा ले जाने की तहरीर दी गयी थी। जिसके आधार पर तत्काल कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 397/2022 धारा 363 भादवि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । बताया कि घटनाक्रम एवं मेडिकल के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 452,376द,323,504,506 भादवि0 व 3(2)5 एससी/एसटी व 7/8 पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी है। विवेचना से प्रकाश में आये मुख्य अभियुक्त शिवा निषाद पुत्र राजाबाबू निवासी कपसेठी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को शनिवार को कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा बेड़ी पुलिया बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कर्वी अशोक कुमार सिंह,चौकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण कुमार सिंह, आरक्षी पीयूषशरण श्रीवास्तव, सोनू पटेल, शिवम गुप्ता एवं रोहित यादव शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### नाले में डूब गई 14 साल की बालिका, मां बाल-बाल बची

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिरखेरा गांव में महा लक्ष्मी व्रत के लिए नाले में स्नान करने गई महिलाओ में एक बालिका तेज बहाव के चलते नाले में गईं, उसे बचाने के चक्कर में उसकी मां भी डूबने लगी मगर वहां मौजूद एक सख्स ने जब तक मां को बचाया तब बेटी लापता हो गई, ग्रामीणों के घंटों प्रयास करने के बाद भी बालिका का शव नहीं मिल पाया था, जानकारी के अनुसार शनिवार को महालक्ष्मी व्रत का अनुष्ठान होने के कारण गांव की आधा सैकड़ा महिलाएं गांव के पास में बह रहे करोड़ नाले में स्नान करने गई थी, उन्हीं में महाबली प्रजापति की पत्नी अमरावती तथा उसकी पुत्री सोनी 14 वर्ष मां के साथ स्नान करने गई थी, बताया जाता है कि गहराई में चले जाने के कारण सोनी पानी में डूबने लगी तभी उसकी मां उसके बचाने के लिए उसका हांथ पकड़ लिया तो वह भी पानी में डूबने लगी, तब तक एक किसान की नजर डूबती महिला पर पड़ी उसने दौड़ कर उसे बचा लिया, किन्तु उसकी बेटी पानी में डूब कर बहाव के साथ कहां चली गई कुछ पता ही नहीं चला, बाद में घंटो प्रयास करने के बाद भी बालिका का शव कहीं नहीं मिल सका था,समाचार लिखे जाने तक बालिका के शव की तलाश की जा रही थी ग्राम प्रधान अशोक यादव ने बताया कि प्रयास के बाद भी गोताखोर नही मिल पाए किन्तु नदी किनारे रहने वाले मल्लाहों के अलावा गांव कई लोग शव की तलाश में जुटे हुए हैं, सफलता कब तक मिलती है वक्त पर पता चलेगा। प्रशासन भी इस मामले में कोई ध्यान नही दे रहा है।

### बारिश की नमी से पशु बाड़े का लेंटर भरभराकर गिरा

**कोंच(जालौन)।** तहसील क्षेत्र में पिछले दिनों हुई बारिश की नमी न केवल कच्चे घरों बल्कि पक्के मकानों के लिए भी काल बन रही है। जिससे गरीबों की तो कमर ही टूट रही है। कोंच विकास खंड के ग्राम मंगरा में जर्जर अवस्था में खड़े एक पशु बाड़े का लेंटर भरभरा कर गिर गया जिससे गृहस्वामी को काफी आर्थिक नुकसान पहुंचा है, गनीमत यह रही कि उस समय उस पशु बाड़े में एक भी मवेशी नहीं था जिससे पशु हानि बच गई और बड़ा हादसा टल गया। हालांकि लेंटर गिरने से भी उसका हजारों का नुकसान हो गया है। बता दें कि मंगरा गांव निवासी हरदयाल का पशु बाड़ा काफी पुराना था और वह लगातार हो रही बारिश को नहीं झेल पाया जिसके कारण उसका लेंटर रात के वक्त धराशाई हो गया। जब सुबह ग्रामीणों ने लेंटर गिरा देखा तो गृहस्वामी को सूचना दी। गनीमत यह रही कि उस समय उस पशु बाड़े में एक भी मवेशी नहीं था अन्यथा पशुओं की जान भी जा सकती थी।

### पूजन हवन कर धूमधाम से मनाई शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जयंती

**कोंच (जालौन)।** सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी के पुत्र महान शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर लोगों ने हवन पूजन कर प्रसाद बांटा। भगवान विश्वकर्मा जयंती पर नगर में लोगों ने अपने अपने प्रतिष्ठानोंध्दुकानों पर भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर फूल माला अर्पित कर हवन पूजन किया और फिर कलपुर्जो पर तिलक आदि कर पूजा की। घरों में भी महिलाओं पुरुषों ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई। मिस्त्री लोगों ने भी इस अवसर पर कलपुर्जो की पूजा की। वहीं नगर में मुख्य आयोजन क्रय विक्रय सहकारी समिति के प्रांगण में किया गया। झा विश्वकर्मा सेवा समिति के तत्वावधान में समिति से जुड़े पदाधिकारियों व सदस्यों ने भगवान विश्वकर्मा के विशाल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और हवनकुंड में पूर्णाहुति दी, तदुपरांत भंडारा प्रसाद बांटा गया।देर शाम तक सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर नामित सभासद कृष्णा झा,ऋषि झा, सौरभ झा, दीपक झा, मोनू झा, शिवम झा, पवन झा, कल्लू टॉप, पंकज, विपिन, छोटू, श्रीराम झा आदि व्यवस्थाओं में संलग्न रहे।

### राजकीय आईटीआई में किया हवन, पूजन

**कोंच।** भगवान विश्वकर्मा जयंती पर शनिवार को राजकीय ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोंच में भी विश्वकर्मा जी के चित्र पर पूजन किया गया, तदुपरांत आयोजित किये गये दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे गये। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष डॉ सरिता वर्मा, माधोगढ़ विधायक प्रतिनिधि सुनील शर्मा, सभासद जाहिद भाई, अनिल पटेरिया, सुल्तान राईन, प्रधानचार्य इं. रमेश कुमार, केके निरंजन, हरगोविंद,भगवान सिंह समेत स्टॉफसदस्य मौजूद रहे।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**कोंच (जालौन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिन पर भाजपा नगर इकाई व युवा शाखा भाजयुमो द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत अलग अलग कार्यक्रम संजोए गए। नगर इकाई द्वारा उपाध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर के सौजन्य से गरीबों को भोजन कराया गया जबकि भाजयुमो द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया जिसमें लगभग 50 लोगों ने रक्त दान किया। भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गर्ग ने रक्तदान को महा दान बताते हुए लोगों से आग्रह किया कि उनके रक्त दान से दूसरों को जीवन मिल सकता है। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री अंजू अग्रवाल, नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया,ऋषि अग्रवाल, मनीष नगरिया सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अभद्रता करने के आरोप में युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**कोंच(जालौन)।** एक फास्ट फूड रेस्टोरेंट में अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने उक्त युवक का शांति भंग में चालान कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम लवली चौराहे के समीप खुले एक फास्ट फूड के रेस्टोरेंट में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने वहां मौजूद एक युवक पर रेस्टोरेंट के अंदर महिलाओं, युवतियों के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए उस युवक की पिटाई कर दी और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।वहीं मामले को लेकर किसी प्रकार की कोई तहरीर न मिलने पर सागर चौकी प्रभारी ने शनिवार को आरोपी युवक इदरीश निवासी जवाहर नगर का शांति भंग में चालान कर दिया।

## अंधत्व मुक्त चित्रकूट क्षेत्र विशेष अभियान का हुआ भव्य शुभारम्भ

**चित्रकूट।** म.प्र. शासन ने चित्रकूट गौरव दिवस के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, धर्मनगरी चित्रकूट के साधु संतो एवं गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा चित्रकूट क्षेत्र में अंधत्व निवारण हेतु संकल्प लिया गया था। जिसमे विशेष अभियान के अंतर्गत घर घर नेत्र परीक्षण कर अंधत्व से पीड़ित मरीजो का उपचार कर अंधत्व को दूर किया जा सके। चित्रकूट गौरव दिवस पर ट्रस्ट द्वारा लिए गए इस संकल्प को मूर्तरूप देते हुए आज रघुवीर मंदिर जानकीकुंड चित्रकूट के प्रांगण से अंधत्व मुक्त अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी सतना अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अशोक अवधिया, सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े, एसडीएम पी एस त्रिपाठी, प्रशासक एवं ट्रस्टी डॉ इलेश जैन द्वारा किया गया. इस शुभ अवसर पर अन्य सरकारी अधिकारी, संत समाज, स्थानीय विशिष्ठजन तथा सद्गुरु परिवार के वरिष्ठ सदस्य उपस्थिति रहे।

# बेसिक शिक्षा की कार्यशाला में बीईओ को सहायक शिक्षा निदेशक ने दिए निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर


कार्यालय शाला को सम्बोधित करते हुए सहायक शिक्षा निदेशक डॉ. सत्य प्रकाश पायनियर

**निपुण** भारत मिशन के अंतर्गत जनपद के सभी स्कूलों को निपुण विद्यालय के रूप में विकसित कर निपुण जनपद बनाने के लिए मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक डॉ. सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने एचआर पीजी कालेज में जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों, एसआरजी तथा एआरपी की एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि स्कूलों को निपुण स्कूल में बदलने के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहित कर उन्हें लक्ष्य आवंटित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर सभी स्कूलों को निपुण स्कूल बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी एवं एसआरजी अपने एआरपी एवं शिक्षक संकुलों के साथ प्रधानाध्यापकों की बैठक करें जिसमें एसेसमेंट के पश्चात विद्यालय वार लक्ष्य निर्धारित किए जाएं। जिससे आगामी शिक्षक संकुलों की बैठक में संप्राप्ति पर विचार करते हुए छूटे हुए लक्ष्यों को पुन: प्राप्त करते हुए योजना बनाई जाए। इस निमित्त जनपद स्तर पर एक तिथि निर्धारित करते हुए विकासखंड पर एआरपी की बैठक निश्चित की जाए। विकासखंड स्तर पर एक तिथि निर्धारित करते हुए समस्त शिक्षक संकुलों की बैठक कराई जाए। शिक्षक संकुलों द्वारा एक नियत तिथि पर पूरे ब्लॉक में प्रधानाध्यापकों की बैठक कराई जाए तथा उनसे छात्रों के निपुण लक्ष्य के संबंध में विद्यालयवार कक्षावार आकलन प्राप्त करते हुए कार्य योजना बनाकर विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाया जाए । इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जन समुदाय की सहभागिता अनिवार्य है निपुण के लक्ष्यों पर विद्यालय प्रबंध समिति की बैठकों में अभिभावकों की बैठकों में विद्यालयों में पोस्टर पंपलेट के माध्यम से अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों के अभिभावक के संपर्क के दौरान नेपाल लक्ष्यों की चर्चा की जाए तथा अभिभावकों उसके बच्चे के बारे में सारी जानकारी दी जाए जिससे कि अभिभावक भी निपुण के लक्ष्यों को प्राप्त करने में अध्यापक का सहयोग कर सकें। कार्यालय को बीएसए अतुल कुमार तिवारी ने भी सम्बोधित किया। खंड शिक्षा अधिकारी निधि श्रीवास्तव, अर्जुन प्रसाद डायट मेंटर संतोष कुमार मिश्रा उपेंद्र यादव, एसआरजी भास्कर त्रिपाठी, संजय द्विवेदी, अशोक चौहान ए आर पी इंदुधर मिश्रा, चंद्रशेखर मिश्रा, अशोक गुप्त, हरि प्रकाश पाठक, शरदेंदु पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक समेकित शिक्षा रजनीश बैजनाथ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी व समस्त एआरपी उपस्थित रहे।

# बगैर पूर्व सूचना के प्रशिक्षण स्थगित करने पर शिक्षक भड़के

संवाददाता। उरई (जालौन)

**ब्लाक** संसाधन केन्द्र बबीना कदौरा में शिक्षकों को प्रशिक्षण स्थगन की कोई सूचना न देने कारण फिर एक बार शिक्षक भड़क गए। शिक्षकों को खण्ड शिक्षाधिकारी अंकित सिंह प्रशिक्षण स्थगन की कोई सूचना न दिए जाने तथा सूचना स्थल में कोई सूचना चस्पा किए जाने के कारण शिक्षक दिन भर रहे परेशान। शिक्षकों का कहना था जब विभागीय कार्यो और आदेशों का पालन कराने के लिए के सभी विभागीय सूचनाएं व्हाट्सएप ग्रुप के द्वारा भेजी जाती है, उसमें तो कम से कम सूचना दे देते तो हमे भटकना नहीं पड़ता। जब शिक्षकों द्वारा ब्लाक संसाधन केन्द्र के कर्मचारियों से प्रशिक्षण न होने का कारण जानना चाहा तो कोई संतोषजनक उत्तर न देकर इधर उधर खिसक लिए। जब यह खबर स्थानीय पत्रकारों को पता चली तो वह भी जानने का प्रयास करते है। लेकिन कार्यालय में कोई जिम्मेदार नहीं बता पाया। जब यह बात प्रशासन के कानों तक पहुंची तो अपनी गलती सुधारने या यूं कह ले कि प्रशासन को फील गुड दिखाने के लिए आडिट का बहाना बनाकर प्रशिक्षण स्थगन की सूचना 16 सितंबर की रात्रि 9.15 बजे शिक्षक संकुल ग्रुपों में डाले जाने लगी। सोचने की बात है कि आखिर इस गलती का जिम्मेदार कौन है? क्या कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा या शिक्षक सर्वग (शिक्षक संकुलो) को बलि का बकरा बनाते हुए किसी अधीनस्थ कर्मचारी को अल्प सजा देकर शिक्षकों के निपुण भारत प्रशिक्षण के नाम पर चल रही अव्यवस्थाओं पर अपनी को गलतियों को भ्रष्ट खण्ड शिक्षा अधिकारी अंकित सिंह दबाने का प्रयास कर रहे है। इसके साथ ही खण्ड शिक्षाधिकारी अंकित सिंह निपुण भारत प्रशिक्षण की अव्यवस्थाओं ओर महिला शिक्षकों के साथ अभद्रता करने के आरोपी भी बताये जा रहे हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्र छिरिया में धूमधाम से मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्म दिवस

**जालौन ( उरई )।** छिरिया सलेमपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र पर तिलक कर उनकी दीर्घायु की कामना की गई। ग्राम पंचायत छिरिया सलेमपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री डॉ. रंजना दुबे के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भाजपा नेत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश निरंतर तरक्की कर रहा है। अधिकांश क्षेत्रों में हम आत्म निर्भर हो रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से आज अधिकांश परिवारों के पास पक्के घर हो चुके हैं। नमामि गंगे योजना के तहत गांवों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री की अगुवाई में देश विकसित राष्ट्र बनने की राह पर है। मुख्य अतिथि व ग्राम प्रधान सोनल तिवारी ने प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी दीर्घायु की कामना की।

# मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प में चालीस युवाओं ने किया रक्तदान

## ● रक्तदान पारस्परिक सहायता, नागरिक प्रतिबद्धता, सामाजिक समरसता के लिए महत्वपूर्णःडा. द्विजेंद्रनाथ

संवाददाता। उरई (जालौन)


मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प का फीता काटते केंद्रीय मंत्री पायनियर

**शनिवार** को राजकीय मेडिकल कालेज उरई में स्थापित रक्तकोष विभाग में प्रधानाचार्य डा. द्विजेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में, विशिष्ट अतिथि भानु प्रताप सिंह केंद्रीय राज्यमंत्री, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, डा. घनश्याम अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष, गौरी शंकर वर्मा विधायक, सदर उरई, अमिय त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष, भाजयुमो, जालौन, श्रीमती चांदनी सिंह, जिलाधिकारी, जनपद जालौन स्थान उरई, डा. एनडी शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहित मेडिकल कालेज की चिकित्सकीय टीम की उपस्थिति में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री, भारत सरकार के जन्म दिवस के अवसर पर एक मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। सदर विधायक गौरीशंकर द्वारा कैम्प का शुभारम्भ करते हुये कहा कि रक्तदान से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है बल्कि शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। कम से कम समय में शरीर स्वत: ही रक्त का निर्माण कर लेता है। समय-समय पर रक्तदान कई मरीजों के जीवन को बचा सकता है। प्रधानाचार्य नें कैम्प के माध्यम से आम जनमानस को संदेश देते हुए कहा कि रक्तदान को महादान कहा गया है क्योंकि यह मनुष्य के प्राणों की रक्षा करता है। मनुष्य के लिए उसके प्राणों से अधिक कीमती कुछ भी नहीं हैं। रक्तदान पारस्परिक सहायता, नागरिक प्रतिबद्धता एवं सामाजिक समरसता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। रक्तदान महादान (रक्तदान सामाजिक एकजुटता प्रतीक है। प्रयास में सम्मिलित होकर जीवन बचायें) शीर्षक के क्रम में आज मेगा ब्लड डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विनय सिंह, आदर्श पटेल, दीपक दीक्षित, आदित्य, क्षितिज, सुश्री आरती पाण्डे, पुष्पेन्द्र, प्रदीप, मनीष, सौरभ सहित 40 से अधिक लोगों नें स्वेच्छा से रोगीहित में रक्तदान किया। मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प में डा. प्रशांत निरंजन चिकित्सा अधीक्षक, डा. रेनू सिंह सहायक आचार्य, पैथोलॉजी विभाग, डा. मासूक सिद्दिकी प्रभारी अधिकारी, रक्तकोष विभाग, डा. जितेन्द्र मिश्रा चिकित्सा अधीक्षक, डा. चरक सांगवान सहायक आचार्य, फरेंसिक मेडिसिन विभाग के साथ ही समस्त चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी नगर में बिछायी गयी जलापूर्ति लाइन

**जालौन ( उरई )।** नगर में बिछाई गई पाइप लाइन में लीकेज होने की शिकायत बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर की है। उन्होंने लीकेज पाइप लाइन को दुरूस्त कराने की मांग की है। बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि नगर के मोहल्ला मुरली मनोहर समेत तकिया मैदान होकर छत्रसाल रोड पर कई जगह पानी की पाइप लाइन लीकेज है। इसी प्रकार बैठगंज एवं कांजी हाउस के पास भी पानी की पाइप लाइन लीकेज है। लीकेज होने के चलते पाइप लाइन से प्रतिदिन सैंकड़ों लीटर पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। एक ओर लोग वैसे ही पेयजल के लिए परेशान हैं। वहीं लीकेज के चलते प्रतिदिन पानी की बर्बादी हो रही है। वहीं दूसरी ओर लीकेज पाइप लाइन से लाइन के पानी में दूषित पानी भी मिल जाता है। जिससे लोगों को गंदा पानी पीने को मजदूर होना पड़ता है। बताया कि वह लीकेज पाइप लाइन को दुरूस्त कराने के लिए कई बार शिकायत कर चुके हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 18 सितंबर 2022



# गलत टीम चयन से एशिया कप में हारा भारत

● सर्वेक्षण में 66 फीसद से अधिक प्रशंसकों ने माना

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** टीम के एशिया कप में खराब प्रदर्शन पर लोकप्रिय दैनिक मलयाला मनोरमा के एक सर्वेक्षण में 66 प्रतिशत से अधिक प्रशंसकों ने माना कि टीम का खराब चयन इसकी मुख्य वजह रही। अखबार ने सुपर चार चरण में दुबई में पाकिस्तान और श्रीलंका से भारत को मिली पराजय पर एक ऑनलाइन सर्वेक्षण किया था। टीम सुपर चार चरण की बाधा पार करने में विफल रही थी।

इस मीडिया संगठन ने भारत के खराब प्रदर्शन का विश्लेषण करने के लिए प्रशंसकों से कुछ सवाल पूछे जिसमें 66 फीसदी ने टीम के खराब चयन को हार का मुख्य कारण बताया। इस सर्वेक्षण में 26.37 प्रतिशत ने टीम के अति-आत्मविश्वास को हार का मुख्य कारण माना तो वहीं 3.79 प्रतिशत ने जरूरत से ज्यादा क्रिकेट खेलने और 2.93 प्रतिशत ने खिलाड़ियों की अधिक उम्र को हार का मुख्य कारण बताया। सर्वे में एक और सवाल यह था कि बल्लेबाजी के किस पहलू ने सबसे ज्यादा निराश किया। इसमें बल्लेबाजी ऑलराउंडरों (33.09%) की कमी और एकदिवसीय शैली की बल्लेबाजी (31.14%) को लगभग बराबर की संख्या में प्रशंसकों ने विफलता के लिए जिम्मेदार ठहराया। गेंदबाजी के सवाल पर 34.68 प्रतिशत प्रशंसकों ने आखिरी ओवरों की गेंदबाजी को टीम की कमजोर कड़ी माना तो वहीं 40.05 प्रतिशत लोगों का मत था कि गेंदबाजी में ठीक तरीके से बदलाव नहीं हुए। सर्वे में 43.59 प्रशंसकों ने कहा कि टीम को जसप्रीत बुमराह की कमी खली जबकि 42.49 प्रतिशत प्रशंसक टीम में संजू सैमसन को देखना चाहते थे। सर्वेक्षण के अनुसार, अधिकांश प्रशंसको ने महसूस किया कि अगर बुमराह और सैमसन टीम का हिस्सा होते, तो एशिया कप में भारत की किस्मत पलट सकती थी।

## जडेजा की अनुपस्थिति भारत के लिए बड़ा झटका

● पर कोहली की फॉर्म में वापसी शुभ संकेत : माहेला



**दुबई।** श्रीलंका के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज माहेला जयवर्धने ने रविंद्र जडेजा के चोटिल होने को भारत के लिए करारा झटका बताया लेकिन विराट कोहली के आगामी टी20 विश्व कप से पहले फॉर्म में वापसी को शुभ संकेत करार दिया। जडेजा एशिया कप के दौरान चोटिल हो गए थे जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्वकप की 15 सदस्ईय भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाए। जयवर्धने ने आईसीसी रिव्यु में कहा, यह एक चुनौती है। उन्होंने उन्हें (जडेजा को) नंबर पांच पर अच्छी तरह से फिट कर दिया था। वह वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था तथा वह और हार्दिक पंड्या शीर्ष छह बल्लेबाजों में शामिल होकर ऑलराउंड विकल्प उपलब्ध करा रहे थे जिससे भारत के बल्लेबाजी क्रम में अधिक लचीलापन था। यह उनके लिए मुश्किल भरा होगा और संभव है उनके लिए बाएं हाथ के एक बल्लेबाज का नहीं होना चिंता का विषय होगा। उन्होंने पांचवें या चौथे नंबर पर बाएं हाथ के बल्लेबाज को रखने के लिए दिनेश कार्तिक को बाहर करके ऋषभ पंत को यह जिम्मेदारी सौंपी। विश्वकप में जाने से पहले उन्हें इन चीजों से निपटना होगा। लेकिन जडेजा का नहीं होना और उनकी फॉर्म को देखते हुए यह भारत के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। जयवर्धने ने हालांकि कहा कि भारत के लिए स्टार बल्लेबाज कोहली का फॉर्म में वापसी करना शुभ संकेत है। कोहली ने एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 122 रन बनाए जो उनका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 71 वां शतक है। इस शतक के लिए उन्होंने 1020 दिन का इंतजार किया। उनके पास आत्मविश्वास हासिल करने के लिए बड़ा स्कोर नहीं था। वह पिछले 12 महीनों में मामूली चोटों से भी परेशान रहे और उन्हें विश्राम दिया गया। भारत अपने खिलाड़ियों को विश्राम देता रहा है, ऐसे में प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होना भी मुश्किलें पैदा करता है। उन्हें (कोहली) इस तरह से बल्लेबाजी करते हुए देखना अच्छा लगा। हम सभी चाहते हैं कि विश्वकप में यह बेहतरीन खिलाड़ी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहे और विश्वकप इसका हकदार भी है। इस स्तर पर हर कोई एक दूसरे पर हावी होना चाहता है। आस्ट्रेलिया में विश्वकप रोमांचक होगा। जयवर्धने ने कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी से भी भारत को मजबूती मिली है। निश्चित तौर पर एशिया कप में जसप्रीत की अनुपस्थिति भी एक कारक थी। उनकी उपस्थिति बड़ा अंतर पैदा करती है।

# पाटीदार का शतक, भारत ए का दिखा दम

● न्यूजीलैंड ए को 416 रन का लक्ष्य दिया

भाषा। बेंगलुरू



**रजत पाटीदार** के नाबाद शतक की बदौलत भारत ए ने चार दिवसीय तीसरे अनौपचारिक क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को यहां न्यूजीलैंड ए को 416 रन का लक्ष्य देने के बाद दूसरी पारी के उसका स्कोर एक विकेट पर 20 रन कर दिया। न्यूजीलैंड ए ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र (12) का विकेट गंवाया जिन्हें सौरभ कुमार ने पगबाधा किया। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज जो कार्टर छह रन बनाकर खेल रहे थे जबकि दूसरे छोर पर उनका साथ निभा रहे जो वॉकर ने अभी खाता नहीं खोला है। न्यूजीलैंड ए को जीत के लिए 396 रन और बनाने हैं जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। भारत ए ने इससे पहले पाटीदार की नाबाद 109 रन की पारी की मदद से दूसरी पारी सात विकेट पर 359 रन बनाकर घोषित की। पाटीदार ने 135 गेंद की अपनी पारी में 13 चौके और दो छक्के मारे। इसके अलावा कप्तान और सलामी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल (62), रुतुराज गायकवाड़ (94) और सरफराज खान (63) ने भी अर्धशतक जड़े। भारत ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 40 रन से की। पांचाल 17 जबकि गायकवाड़ 18 रन से आगे खेलने उतरे। दोनों ने सुबह के सत्र में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टीम का स्कोर 130 रन तक पहुंचाया। वॉकर (64 रन पर दो विकेट) ने अपनी की गेंद पर पांचाल का कैच लपककर दूसरे विकेट की 122 रन की साझेदारी का अंत किया। पांचाल ने 114 गेंद की अपनी पारी में छह चौके मारे। पहली पारी में शतक जड़ने वाले गायकवाड़ और पाटीदार ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी करके भारत ए को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गायकवाड़ हालांकि मैच में अपने दूसरे शतक से चूक गए जब उन्होंने वॉकर की गेंद पर मार्क चैपमैन को कैच थमा दिया। उन्होंने 164 गेंद का सामना करते हुए 11 चौके जड़े। पाटीदार को इसके बाद सरफराज खान (63) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 108 रन जोड़े। सरफराज हालांकि अर्धशतक पूरा करने के बाद रविंद्र (65 रन पर तीन विकेट) का शिकार बने। रविंद्र ने इसके बाद उपेंद्र यादव (01) और शारदुल ठाकुर (00) को भी पवेलियन भेजा। पाटीदार ने अपना शतक पूरा किया जिसके बाद कप्तान पांचाल ने राहुल चाहर (10) के आउट होते ही पारी घोषित कर दी।

### ओम ने जीता जयपुर ओपन

**जयपुर।** अनुभवी गोल्फर ओम प्रकाश चौहान ने जयपुर ओपन गोल्फ के आखिरी दिन शनिवार को यहां छह अंडर 64 का शानदार कार्ड खेल अपने करियर का सातवां खिताब जीता। मध्य प्रदेश के 36 साल के चौहान तीसरे दौर के खेल के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर थे लेकिन उन्होंने आखिरी चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और चैम्पियन बने। उनका कुल स्कोर 18 अंडर 262 (67-66-65-64) का रहा।

### भारत को क्वालीफाइ की आदत चाहिए : लिंगदोह

नई दिल्ली। भारत के पूर्व मिडफील्डर युगेसन लिंगदोह का मानना है कि देश को फुटबॉल में आगे बढ़ने के लिए नियमित रूप से एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की आदत डालनी होगी। अब अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति के सदस्य लिंगदोह प्रक्रिया का पालन करने में विश्वास करते है। लिंगदोह ने कहा, राष्ट्रीय टीम ने हाल के दिनों में शानदार प्रदर्शन किया है। लगातार दो बार एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत अच्छा है और हमें यहां से चीजों को आगे ले जाने की जरूरत है।

### भारत में 2023 में पदार्पण कर सकती है मोटो जीपी

**नई दिल्ली।** भारत में मोटरसाइकिल रेसिंग की शीर्ष प्रतियोगिता मोटो जीपी का पदार्पण 2023 की सर्दियों में हो सकता है बशर्ते सब कुछ योजना के अनुसार हो। मोटो जीपी के व्यावसायिक अधिकार धारक डोर्ना और नोएडा स्थित रेस प्रमोटर फ्रेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स के बीच अगले हफ्ते करार पर हस्ताक्षर हो सकते है। डोर्ना के प्रबंध निदेशक कार्लोस एजपेलेटा और सीईओ कार्मेलो एजपेलेटा बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में होंगे और ग्रां प्री आफ भारत को लेकर उनके आधिकारिक घोषणा करने की उम्मीद है।

### मनप्रीत के खिलाफ आरोपों के लिए मारिन को अदालत में ले जाएगी भारतीय हॉकी टीम

**बेंगलुरू।** भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम पूर्व कोच शोर्ड मारिन और प्रकाशक हार्पर कोलिन्स इंडिया को अदालत में ले जाने की तैयारी कर रही है क्योंकि नीदरलैंड के इस कोच ने आरोप लगाया है कि मनप्रीत सिंह ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलो के दौरान एक युवा खिलाड़ी को क्षमता से कमतर प्रदर्शन करने को कहा था। अपनी आगामी किताब विल पावर- द इनसाइड स्टोरी ऑफ द इनक्रेडिबल टर्नअराउंड इन इंडियन वुमेन हॉकी में मारिन ने लिखा है कि सीनियर खिलाड़ी मनप्रीत ने एक खिलाड़ी को अच्छा नही खेलने के लिए कहा जिससे कि उसके दोस्त टीम में शामिल हो सकें। इसके बाद पुरुष और महिला टीम ने एक संयुक्त बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि अपनी किताब के प्रचार के लिए भारत के पूर्व कोच ने मनप्रीत के खिलाफ आरोप लगाया। खिलाड़ियों ने संयुक्त बयान में कहा, हमने आज समाचार पत्रों के माध्यम से जाना कि हमारी टीम के पूर्व मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने हम पर कुछ परेशान करने वाले आरोप लगाए है। कोच ने जिस तरह से हमारी व्यक्तिगत जानकारी को सरेआम किया है और हम पर जिस तरह के झूठे आरोप लगाए है, उसे लेकर अपनी निराशा व्यक्त करने के लिए हम एक साथ आए है। हमारे पूर्व कोच ने हमारे साथ अपने कोचिंग कार्यकाल का इस्तेमाल व्यक्तिगत व्यावसायिक लाभ के लिए किया है। कोच ने अपनी पुस्तक बेचने के लिए हमारी प्रतिष्ठा दांव पर लगाई है।

# साइ किशोर के सात विकेट, दक्षिण क्षेत्र की बढ़त



●दलीप ट्राफी : उत्तर क्षेत्र पर बड़ा दबाव

भाषा। सालेम (तमिलनाड)

**बाएं हाथ के** स्पिनर आर साई किशोर ने 70 रन पर सात विकेट झटक कर शनिवार को यहां दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन उत्तर क्षेत्र के खिलाफ दक्षिण क्षेत्र को पहली पारी में बड़ी बढ़त दिला दी। तमिलनाडु के इस स्पिनर की शानदार गेंदबाजी के कारण उत्तर क्षेत्र की पहली पारी 67 ओवर में 207 रन पर सिमट गई। दक्षिण क्षेत्र ने आठ विकेट पर 630 रन पर पहली पारी घोषित की थी। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 157 रन बनाकर कुल 580 रन की बढ़त ले ली है। स्टंप्स के समय मयंक अग्रवाल 53 और रवि तेजा 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले रोहन कुन्नुमल ने 72 गेंद में 77 रन की आक्रामक पारी खेली। उन्होंने मयंक के साथ पहले विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को निशांत सिद्धू (62 रन पर एक विकेट) ने तोड़ा। उत्तर क्षेत्र ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 24 रन से की। सलामी बल्लेबाज यश धुल (40) और मनन वोहरा (27) ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। इस साझेदारी को कृष्णप्पा गौतम (68 रन पर दो विकेट) ने वोहरा को आउट कर तोड़ा। क्वार्टर फाइनल में पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ शतक लगाने वाले धुल टीम के स्कोर में चार रन का इजाफा होने के बाद साइ किशोर का पहला शिकार बने। कप्तान मंदीप सिंह (14) और ध्रुव शोरे (28) के जल्दी- जल्दी आउट होने से टीम का स्कोर चार विकेट पर 116 रन हो गया। हिमांशु राणा (17) और सिधू (40) ने इसके बाद पांचवें विकेट के लिए 48 रन जोड़ कर टीम की वापसी की कोशिश की लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम की पारी लड़खड़ा गई। उत्तर क्षेत्र पर पहली पारी में 423 रन की बढ़त लेने के बाद भी दक्षिण क्षेत्र ने फॉलोऑन करने की जगह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

### पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ जीत के लिए 501 रन का पीछा करते हुए मध्य क्षेत्र को लगे शुरूआती झटके

**कोयंबटूर।** पृथ्वी साव की आक्रामक 142 रन की पारी के साथ हेत पटेल (67) और अरमान जाफर (49) के उपयोगी योगदान से पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को अपनी दूसरी पारी में 371 रन बनाकर मध्य क्षेत्र को जीत के लिए 501 रनों का लक्ष्य दिया। दिन का खेल खत्म होने तक मध्य क्षेत्र ने 33 रन पर दो विकेट गंवा अपनी मुश्किलें बढ़ा ली। टीम ने 9.2 ओवर के अंदर सलामी बल्लेबाजों हिमांशु मंत्री (18) और यश दुबे (14) के विकेट गंवा दिए। इससे पहले पश्चिम क्षेत्र ने तीन विकेट पर 130 रन से दिन की शुरुआत की। साव इस समय 104 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। वह अपनी पारी को 142 रन तक पहुंचने के बार कर्ण शर्मा की गेंद पर आउट हुए। उन्होंने 140 गेंद की पारी में 15 चौके और चार छक्के जड़े। साव के आउट होने के बाद जाफर और पटेल ने मध्य क्षेत्र के गेंदबाजों को परेशान करना जारी रखा। इन दोनों के अलावा शम्स मुलानी (29), अतीत सेठ (20) और तनुष कोटियान (28) ने निचले क्रम में उपयोगी योगदान देकर टीम के स्कोर को 371 रन तक पहुंचाया। मध्य क्षेत्र के लिए कुमार कार्तिकेय सबसे सफल गेंदबाज रहे। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 105 रन देकर तीन विकेट झटके। उन्होंने पहली पारी में भी पांच विकेट लिए थे। इस चार दिवसीय मैच के शुरुआती दो दिनों में पश्चिम क्षेत्र के पहली पारी में 257 रन के जवाब में मध्य क्षेत्र की पहली पारी 128 रन पर सिमट गई थी।

# इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में झूलन को जीत से विदाई देने उतरेगा भारत



भाषा। होव

**खेल के** सबसे छोटे प्रारूप में लचर प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को अगर अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को जीत के साथ विदाई देनी है तो उसे इंग्लैंड के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के लिए टी20 श्रृंखला अच्छी नहीं रही जिसमें उसने विशेष रूप से बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की चोटिल कप्तान हीथर नाइट सहित तीन खिलाड़ी इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे और ऐसे में भारत के पास इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराने का अच्छा मौका होगा। भारत के मध्यक्रम की समस्या लंबे समय से बनी हुई है और इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मैचों में भी टीम प्रबंधन इसका समाधान नहीं ढूंढ पाया। डी हेमलता को मध्यक्रम में आजमाया गया लेकिन वह प्रभाव नहीं छोड़ पाई। जेमिमा रोड्रिग्स को भले ही टीम में लिया गया है लेकिन उनकी फिटनेस पर सवालिया निशान लगा हुआ है। वह चोटिल होने के कारण द हंड्रेड प्रतियोगिता से हट गई थी। टी20 टीम से बाहर की गई यास्तिका भाटिया पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। भारतीय बल्लेबाजी जहां स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर पर निर्भर रहेगी वहीं सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। झूलन इस श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। वह इस श्रृंखला को यादगार बनाने की कोशिश करेगी लेकिन भारत के तेज गेंदबाजी विभाग की अन्य सदस्य प्रभावशाली प्रदर्शन करने में असफल रही हैं। हाल में रेणुका सिंह ने कुछ उम्मीद जगाई है लेकिन भारत अब भी स्पिनरों पर अधिक निर्भर है।

### इंग्लैंड में चोटिल होने के बाद बेंगलुरू में उपचार करा रहे हैं उमेश यादव

भाषा। लंदन

भारत के तेज गेंदबाज उमेश यादव इंग्लिश काउंटी टीम मिडिलसेक्स की तरफ से ग्लोस्टरशर के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए और अब वह बेंगलुरु स्थित एनसीए में उपचार करा रहे हैं। मिडिलसेक्स ने आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि 21 अगस्त को रॉयल लंदन वनडे कब मैच के दौरान उमेश की जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और वह उपचार कराने के लिए भारत लौट गए हैं। यह तेज गेंदबाज मिडिलसेक्स के लीसेस्टरशर और वारेस्टरशर के खिलाफ होने वाले आखिरी दो मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। क्लब ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, मिडिलसेक्स क्लब को यह घोषणा करते हुए खेद है कि हम जानते हैं कि उमेश यादव क्लब के साथ सत्र का समापन करने के लिए लंदन नहीं लौटेंगे और चोटिल होने के कारण मिडिलसेक्स के काउंटी अभियान में आगे भाग नहीं लेंगे। भारत की तरफ से 52 टेस्ट मैचों में 158 विकेट और 75 वनडे में 106 विकेट लेने वाले 34 वर्षीय उमेश बीसीसीआई की टीम से अपनी चोट का आकलन करवाने और उचित उपचार लेने के लिए स्वदेश लौट आए।

# भारत डेविस कप में नॉर्वे से 0-2 पिछड़ा

●रामकुमार दूसरा एकल हारे

भाषा। लिलेहैमर (नॉर्वे)



**रामकुमार रामनाथन** की दूसरे एकल मैच में विक्टर डुरासोविच के हाथों हार के कारण भारत डेविस कप टेनिस प्रतियोगिता के विश्व ग्रुप एक के पहले दौर के मुकाबले में नॉर्वे से 0-2 से पिछड़ गया है और उस पर बड़ी हार का खतरा मंडरा रहा है। भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी रामकुमार अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे और अपने से कम रैंकिंग के खिलाड़ी डुरासोविच से शुक्रवार की रात को एक घंटे 16 मिनट तक चले मैच में ।-6, 4-6 से हार गए।

पहले एकल मैच में प्रजनेश गुणेश्वरन अमेरिकी ओपन के उप विजेता कैस्पर रूड से ।-6, 4-6 से हार गए थे। यह परिणाम अपेक्षित था और ऐसे में भारत की उम्मीदें रामकुमार पर टिकी थी। लेकिन विश्व में 276वें नंबर के खिलाड़ी रामनाथन किसी भी समय अपने रंग में नहीं दिखे और 325वें रैंकिंग के खिलाड़ी डुरासोविच से आसानी से हार गए। डुरासोविच ने तीन बार रामनाथन की सर्विस तोड़ी और कुल 12 ऐस जमाए। इसके विपरीत भारतीय खिलाड़ी केवल तीन ऐस ही लगा पाया। डुरासोविच ने पहले सेट में पांच ऐस जमाए और दो बार रामनाथन की सर्विस तोड़ी। रामनाथन केवल अपनी पहली सर्विस बचा पाए। इसके अलावा उन्होंने दो डबल फॉल्ट भी किए जिससे डुरासोविच ने यह सेट आसानी से जीता। रामकुमार ने दूसरे सेट में वापसी का प्रयास किया लेकिन वह अपनी दूसरी सर्विस को बचाने में नाकाम रहे जिससे डुरासोविच ने 2-। से बढ़त हासिल कर ली। रामकुमार इसके बाद भी डुरासोविच की सर्विस तोड़ने में असफल रहे। नार्वे के खिलाड़ी ने 5-4 की बढ़त पर अपनी सर्विस बचाकर यह मैच अपने नाम किया। इससे पूर्व पहले एकल मैच में विश्व में नंबर दो खिलाड़ी कैस्पर रूड ने अपेक्षानुरूप शानदार प्रदर्शन किया और प्रजनेश को एक घंटा दो मिनट तक चले मैच में आसानी से हराकर नॉर्वे को ।-0 से बढ़त दिलाई। मुकाबले के दूसरे दिन युगल में युकी भांबरी और साकेत माइनेनी का सामना रूड और डुरासोविच से होगा। इसके अलावा उलट एकल में रामकुमार का सामना रूड से जबकि प्रजनेश का डुरासोविच से होगा।

### डेविस क्प में ऑगर से हारे नंबर एक अल्काराज




**बार्सिलोना।** अमेरिकी ओपन चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज डेविस क्प टेनिस टूर्नामेंट में फेलिक्स ऑगर अलियासिम से हार गए जिससे क्नाडा इस मुकाबले में स्पेन को 2-। से हराकर उलटफेर करने में सफल रहा। ऑगर अलियासिम ने 19 वर्षीय अल्काराज से पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 6-7 (3), 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। विश्व में 13वीं रैंकिंग के ऑगर अलियासिम ने बाद में कहा, वह विश्व में नंबर एक खिलाड़ी है और इसका श्रेय उसे जाता है लेकिन आज मुझे लगता है कि तीसरे सेट में मैंने उससे थोड़ा बेहतर खेल दिखाया। रॉबर्टो बॉतिस्ता ने दूसरे एकल में वासेक पोस्पिसिल को 3-6, 6-3, 6-3 से पराजित करके स्पेन को पहला अंक दिलाया। अब सारा दारोमदार युगल मैच पर टिका था जिसमें ऑगर अलियासिम और पोस्पिसिल ने मार्सेल ग्रेनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज को 4-6, 6-4, 7-5 से हराकर क्नाडा की जीत सुनिश्चित की। क्नाडा का अगला मुकाबला सर्बिया से होगा जबकि स्पेन दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा जिससे इस ग्रुप से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का निर्धारण होगा। उधर ग्लास्गो में नीदरलैंड ने ब्रिटेन को 2-। से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इससे ग्रुप डी से अमेरिका की भी अंतिम आठ में जगह पक्की हो गई। ग्रुप सी से जर्मनी और आस्ट्रेलिया ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी ने बेल्जियम को 2-। से हराया जबकि ग्रुप ए में इटली ने अर्जेंटीना को इसी अंतर से पराजित किया।

### पोडोरोस्का को हराकर फ्रुविरतोवा चेन्नई ओपन के फाइनल में

भाषा। चेन्नई

**चेक गणराज्य** की लिंडा फ्रुविरतोवा ने शनिवार को यहां चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट के एकल सेमीफाइनल में अर्जेंटीना की नादिया पोडोरोस्का को हराकर फाइनल में जगह बनाई। सत्रह साल की दुनिया की 130वें नंबर की खिलाड़ी फ्रुविरतोवा ने पोडोरोस्का को दो घंटे और 53 मिनट में 5-7, 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीए टूर स्तर की प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। करीबी सेमीफाइनल मुकाबले में निर्णायक सेट में फ्रुविरतोवा ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण अंक जीते। दूसरे सेमीफाइनल में ब्रिटेन की केटी स्वान का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की मैग्डा लिनेट से होगा। इससे पहले महिला युगल सेमीफाइनल में कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोवस्की और ब्राजील की लुइसा स्टेफनी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पींगटार्न प्लिपुच और मोयुका उचिजिमा पर 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। रविवार को होने वाले फाइनल में डाब्रोवस्की और स्टेफनी का सामना अन्ना ब्लिंकोवा और नटेला दजालामिद्जे से होगा।



## विश्व चैंपियनशिप : बजरंग पूनिया क्वार्टर फाइनल में हारे, कांस्य के लिए चुनौती पेश करेंगे सागर



**बेलग्राद।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया (65 किग्रा) शनिवार को यहां कुश्ती विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ उलटफेर का शिकार हो गए जबकि सागर जगलान 74 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे। दो बार के राष्ट्रमंडल खेलो के चैंपियन बजरंग को अमेरिका के 23 साल के यिआनी दियाकोमिहालिस के खिलाफ 65 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल मे तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) के आधार पर शिकस्त का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप के तीन बार के पदक विजेता पूनिया अब उम्मीद करेंगे कि दो बार के कैडेट विश्व चैंपियन दियाकोमिहालिस फाइनल में पहुंच जाएं जिससे कि उन्हे रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका मिले। इससे पहले पूनिया ने प्री क्वार्टर फाइनल मे क्यूबा के एलेजांद्रो एनरिक वाल्डेस टोबियर को अंको के आधार पर 5-4 से हराया। दूसरी तरफ 18 साल के सागर ने 74 किग्रा गर्व में मंगोलिया के सुल्दखू ओलोनबायर को 7-3 से शिकस्त दी। विश्व अंडर-20 कांस्य पदक विजेता सागर कांस्य पदक के मुकाबले में आज ही ईरान के योनेस अलीअक्बर इमामीचोघाई से भिड़ेंगे। विक्की को इस बीच 97 किग्रा स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में स्विट्जरलैंड के सैमुअल शेरेर के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। वह और पंकज (61 किग्रा) पदक की दौड़ से बाहर हो गए है। पंकज को पहले दौर में ही कजाखस्तान के एसिल एताकिन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

### एआईएफएफ महासचिव नियुक्ति में भूटिया ने लगाया सौदेबाजी का आरोप, प्रभाकरन ने किया खारिज



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष चुनाव में बड़े अंतर से शिकस्त झेलने वाले भारतीय फुटबाल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने शाजी प्रभाकरन के महासचिव के रूप में नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कहा है कि किसी मतदाता को वेतनभोगी पद पर नियुक्त करना गलत मिसाल कायम करेगा। प्रभाकरन फुटबॉल दिल्ली के प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचक मंडल में थे। जिन्हें अध्यक्ष चुनाव के बाद एआईएफएफ महासचिव बनाया गया था। उनके महासचिव नियुक्त होने से पहले दो सितंबर को हुए अध्यक्ष चुनाव में पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे ने भूटिया को 33-। से हराया था। भूटिया ने एआईएफएफ से उनके द्वारा उठाए गए प्रभाकरन की नियुक्ति के इस मुद्दे को सोमवार को कोलकाता में होने वाली कार्यकारी समिति की बैठक के एजेंडे में शामिल करने का अनुरोध किया है। एआईएफएफ महासचिव के रूप में कार्यभार संभालने से एक दिन पहले प्रभाकरन ने छह सितंबर को फुटबॉल दिल्ली के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। भूटिया ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान मतदाता रहे किसी को बाद में महासंघ में वेतनभोगी पद पर नियुक्त करना सौदेबाजी की तरह है। भूटिया ने शनिवार को कहा, वह (प्रभाकरन) एक मतदाता थे और एक संघ (फुटबॉल दिल्ली) के अध्यक्ष थे, उन्हें वेतनभोगी पद पर नियुक्त करना एक गलत मिसाल कायम करेगा।